भोपाल
शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष -08
वर्ष : 13, अंक : 08
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 20

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

13 आज होगी राजस्थान और आरसीबी...

विचार
08 भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा...

मप्र में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

26 आईएएस अधिकारियों के तबादले, भोपाल समेत कई जिलों के कलेक्टर बदले

कौशलेंद्र विक्रम सीएम सचिवालय पहुंचे, प्रियंक मिश्रा बने भोपाल कलेक्टर

शिक्षा विभाग में गड़बड़ी पर कार्रवाई... आयुक्त शिल्पा गुप्ता हटाई गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार ने एक बार फिर से देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 26 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग कार्मिक के आदेश में कलेक्टर से लेकर सचिव स्तर तक बदलाव किए गए हैं। राजधानी भोपाल सहित कई अहम जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग में सामने आए 150 करोड़ रुपए के खरीदी मामले में भी सख्त कार्रवाई की गई है।

वर्तमान कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को मुख्यमंत्री कार्यालय में सचिव पद के साथ आयुक्त सह-संचालक, नगर एवं ग्राम निवेश का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उनके स्थान पर प्रियंक मिश्रा को भोपाल कलेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है। प्रियंक वर्तमान में धार कलेक्टर हैं। शिक्षा विभाग में गड़बड़ी के बाद शिल्पा गुप्ता को हटाते हुए टेंडर निरस्त किया गया है। दरअसल, तबादलों को लेकर सीएम डॉ. मोहन यादव

कौशलेंद्र विक्रम सिंह

प्रियंक मिश्रा

शीला दाहिमा

सोनिया मीना

और मुख्य सचिव अनुराग जैन के बीच गुरुवार को लंबी बैठक हुई। इसके बाद सूची को मंजूरी दी गई। सीएम ने इस अहम बैठक के लिए पूरा दिन अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में रिजर्व रखा था। इसके बाद जीएडी ने तबादलों के आदेश जारी कर दिए।

इन 26 आईएएस अधिकारियों की नई पदस्थापना

कृष्ण गोपाल तिवारी : आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन, **श्रीमती शिल्पा गुप्ता** : सचिव गृह विभाग, **अभिषेक सिंह** : आयुक्त लोक शिक्षण मप्र भोपाल तथा पदेन सचिव स्कूल शिक्षा विभाग , **श्रीकांत बनोटः** आयुक्त नर्मदा पुरम संभाग , **कौशलेंद्र विक्रम सिंह** : सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय (अतिरिक्त प्रभारः नगर एवं ग्राम निवेश), **रवीन्द्र कुमार चौधरी** : अपर सचिव, नर्मदा घाटी विकास (अतिरिक्त प्रभारः जल संसाधन), **प्रतिभा पाल** : कलेक्टर, सागर, **राजीव रंजन मीणाः** कलेक्टर धार, **धरणेंद्र कुमार जैन** : अपर सचिव विमान विभाग, **नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी** : कलेक्टर, रीवा, **प्रियंक मिश्रा** : कलेक्टर, भोपाल, **सुश्री सोनिया मीना** : अपर सचिव, वित्त विभाग, **सोमेश मिश्रा** : कलेक्टर, नर्मदापुरम, संदीप जीआर – श्रम आयुक्त, इंदौर **श्रीमती शीतला पटले** : सचिव, लोक सेवा आयोग (इंदौर), **श्रीमती नेहा मीनाः** कलेक्टर सिवनी, **श्रीमती रीना बाटडः** उपसचिव सहकारिता, **सुधीर कुमार कोचर** : उप सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय (अतिरिक्त प्रभारः पर्यावरण नियोजन), **अर्पित वर्माः** कलेक्टर शिवपुरी **श्रीमती राखी सहाय** : कलेक्टर, उमरिया, **सुश्री शीला दाहिमा** : कलेक्टर, श्योपुर, **श्रीमती बिदिशा मुखर्जीः** कलेक्टर मैहर , **प्रताप नारायण यादव** : कलेक्टर, दमोह, **राहुल नामदेव धोटेः** कलेक्टर मंडला, **डॉ. योगेश तुकाराम भरसट** : कलेक्टर, झाबुआ, **डॉ. सौरभ संजय सोनवणे** : कलेक्टर, बैतूल होंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरआर आरसीबी
शाम 7.30 बजे से

खबर संक्षेप

एयर इंडिया फ्लाइट का इंजन हुआ बंद

मुंबई। मुंबई से बेंगलुरु जा रही एअर इंडिया की एयरबस ए 320 नियो फ्लाइट एआई 2812 गुरुवार को उड़ान भरने के करीब 20 मिनट बाद वापस मुंबई एयरपोर्ट लौटी। अधिकारियों ने बताया कि हवा में एक इंजन बंद होने पर पायलट ने रेडियो पर 'पैन-पैन' कॉल दी, जिसके बाद सुरक्षित लैंड हुई।

मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल पर आग, कोई हताहत नहीं

मुंबई। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 में गुरुवार को आग लग गई। आग सांताक्रूज पूर्व में स्थित इमारत के ग्राउंड फ्लोर तक ही सीमित रही। दमकल विभाग की टीमें ने आग पर काबू पा लिया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

नाबालिग बच्ची बनी मां पिता भी है नाबालिग

जबलपुर। पाटन थाना क्षेत्र में एक नाबालिग मां बन गई। इस बात का खुलासा तब हुआ जब नाबालिग डिलीवरी के लिए अस्पताल पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि प्रसूता नाबालिग है। लड़की के इलाके के ही एक लड़के के साथ उसके संबंध थे। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

आज इस्लामाबाद में बैठक : यूएस से जेडी वेंस तैयार, ईरान की 'हां' का इंतजार

ईरानः 'बारूद और बात' साथ-साथ नहीं, लेबनान पर फंसी 'शांति वार्ता'

डोनाल्ड ट्रंप | मोजतबा | नेतन्याहू

अमेरिका व ईरान की रजामंदी के बाद इजराइल शांति वार्ता में नया एंगल डाल रहा है। उसके लेबनान पर ताबड़तोड़ हमले के बाद ईरान ने होर्मुज पर फिर ताला डाल दिया है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भले ही अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते का शांति समझौता गया है लेकिन धमाकों की गूंज अभी भी सुनाई दे रही है। इजराइल ने लेबनान के बरूत शहर में 100 ठिकानों पर महज 10 मिनट के भीतर धमाके कर दिए। इससे करीब 254 लोगों की मौत हो गई। इन धमाको के साथ इजराइल साफ संदेश दिया कि शांति समझौते में लेबनान शामिल नहीं है।

ईरान ने नाराजगी जाहिर करते हुए साफ कह दिया कि बारूद और बात साथ-साथ नहीं चल सकते। मतलब एक बार फिर लेबनान को लेकर शांति वार्ता अटकने की संभवना बन गई। गौर हो कि आज शुक्रवार को इस्लामाबाद में शांति वार्ता होने वाली है। अमेरिका और इजराइल की पीएम प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि सीजफायर में लेबनान पर हमले रोकना शर्त में शामिल नहीं है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर ▶▶ शेष पेज 6 पर

इजराइल सीजफायर में लेबनान को शामिल करने को राजी नहीं

लेबनान में इस तरह धमाके हो रहे हैं

सुरक्षा कारणों से बैठक का स्थान एवं समय सार्वजनिक नहीं किया गया है

लेबनान के समर्थन में ईरान पाकिस्तान, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, फ्रांस चीन, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया और सीरिया

सीजफायर के बाद इजराइल लेबनान पर टूट पड़ा था, उसने कहा- हिजबुल्लाह को मिटाने तक हमले जारी रहेंगे

ट्वीट डिलीट करने से बढ़ा संशय

पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रज़ा अमीरी मोघदम ने इस्लामाबाद में होने वाली शांति वार्ता के संबंध में एक ट्वीट किया था, जिसे बाद में उन्होंने डिलीट कर दिया। राजदूत ने पोस्ट में जानकारी दी थी कि अमेरिका के साथ 10-सूत्रीय प्रस्ताव के आधार पर बातचीत के लिए ईरानी प्रतिनिधिमंडल 9 अप्रैल, 2026 रात को इस्लामाबाद पहुंचेगा। ट्वीट डिलीट होने के बाद आगामी वार्ता को लेकर सस्पेंस बढ़ गया है। ईरान के परमाणु ऊर्जा प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने साफ कहा है कि उनका देश यूरेनियम एनरिचमेंट प्रोग्राम बंद नहीं करेगा। दुश्मन ईरान के इस प्रोग्राम को रोकने में सफल नहीं होगा। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

4 मुद्दों पर अटकी है शांति वार्ता

पहलाः लेबनान

- ईरान और पाकिस्तान का कहना है कि युद्धविराम में लेबनान और हिज़्बुल्ला भी शामिल हैं। इसके विपरीत, अमेरिका का तर्क है कि यह समझौता केवल ईरान के साथ है, जिसके कारण इजराइल ने लेबनान पर हमले जारी रखे हैं। ईरान ने चेतावनी दी है कि यदि लेबनान पर हमले नहीं रुके तो वह समझौते से पीछे हट सकता है।

दूसरा : स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

- समझौते के तहत ईरान को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज व्यापारिक मार्ग को खोलना था। हालांकि, ईरान ने इजराइली हमलों के विरोध में जहाजों की आवाजाही को फिर से सीमित कर दिया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय तेल आपूर्ति पर संकट बना हुआ है। ▶▶ शेष पेज 6 पर

विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को एक चरण में मतदान करते मतदाता

असम, केरल और पुडुचेरी में बंपर वोटिंग

पुडुचेरी में सबसे ज्यादा 86.92% असमः 84.42%, केरलमः 75%

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम, केरलम (केरल) और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को एक चरण में मतदान संपन्न हो गया। सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक चला। विधानसभा चुनाव के अलावा कर्नाटक की 2 सीटों, नगालैंड में एक सीट, त्रिपुरा में एक सीट पर उपचुनाव हुआ। वहीं, गोवा में भी एक सीट पर उपचुनाव होना था, लेकिन वहां के उपचुनाव पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि असम में 126 सीटों पर 722 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करने के लिए 31,940 मतदान केंद्र बनाए गए थे। असम के 35 जिलों में मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग ने 1.5 लाख ▶▶ शेष पेज 6 पर

पुडुचेरी में दिखा टेक्नोलॉजी का अलग रंग

लहंगा पहने रोबोट 'नीला' ने वोटर्स का किया स्वागत

पुडुचेरी में इस बार मतदान का माहौल कुछ अलग ही नजर आया। इस बार एक प्यारा सा ह्यूमनॉइड रोबोट 'नीला' वोटर्स का स्वागत करता दिखा। वीओसी गवर्नमेंट स्कूल स्थित एक ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

टाइगर रिजर्व में महुआ बीनने गया था

बाघ ने शख्स के हाथ-पैर खाए टुकड़ों में शव ले गए परिजन

शव के पास बैठा रहा सिर-धड़ अलग किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में ग्रामीण पर बाघ ने हमला कर दिया। ग्रामीण को मारने के बाद उसके हाथ और पैर खा लिए। बाघ शव के पास ही बैठा रहा। मामला केसला थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान सुधराम चौहान (49) पिता हजारी चौहान (निवासी चनागढ़ झुनकर) के रूप में हुई है। उसके सिर और धड़ अलग-अलग मिले हैं। मृतक के भाई रघुवर चौहान ने बताया कि सुधराम बुधवार दोपहर तवा नदी पार कर ▶▶ शेष पेज 6 पर

इंदौर, उज्जैन, भोपाल व नर्मदापुरम संभाग

समर्थन मूल्य पर पहले दिन हुई 1616 क्विंटल गेहूं की खरीदी

शेष संभागों में 15 अप्रैल से गेहूं का उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में गेहूं का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 9 अप्रैल से शुरू हो चुका है। पहले दिन 45 उपार्जन केंद्रों पर 1616 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया गया है। शेष संभागों में 15 अप्रैल से गेहूं का उपार्जन शुरू किया जाएगा। प्रदेश में गेहूं उपार्जन के लिए इस वर्ष रिकार्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 लाख 60 हजार अधिक है। मप्र में पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 77 लाख मीट्रिक टन ▶▶ शेष पेज 6 पर

केदारनाथ-यमुनोत्री में भारी बर्फबारी, बदरीनाथ से औली तक बर्फ से ढके

मौसम का असर चार धाम की तैयारियों पर

19 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर खुलेंगे यमुनोत्री धाम के कपाट

देहरादून। बीते दो दिन केदारनाथ-बदरीनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री धाम सहित ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो रही है। यमुनोत्री धाम का अद्भुत नजारा देखने को मिला। उधर, बदरीनाथ से औली तक क्षेत्र बर्फ से ढका है। चमोली देवाल में मंगलवार की रात्रि से लगातार हो रही बारिश ▶▶ शेष पेज 6 पर

तीन दशकों से अधिक का व्यापक अनुभव

पश्चिम मध्य रेलवे के नए महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

पश्चिम मध्य रेल के नए महाप्रबंधक के रूप में इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ सिग्नल इंजीनियर वर्ष-1990 बैच के वरिष्ठ अधिकारी दिलीप कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया है। वे भारतीय रेल के एक अनुभवी एवं कुशल अधिकारी हैं, जिन्हें सिग्नल, दूरसंचार, संरक्षा एवं प्रशासनिक कार्यों में तीन दशकों से अधिक का व्यापक अनुभव प्राप्त है। सिंह इससे पूर्व रेलवे बोर्ड में प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर/विजिलेंस के पद पर कार्यरत थे। इस दौरान उन्होंने रेलवे में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सतर्कता तंत्र को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सिंह ने आईआईटी रुड़की से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। अपने सेवा काल में उन्होंने भारतीय रेल के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए सिग्नल एवं दूरसंचार के ▶▶ शेष पेज 6 पर

रेलवे में पारदर्शिता जवाबदेही एवं सतर्कता तंत्र को सुदृढ़ किया

देश के महत्वपूर्ण रेल जोन में से एक

महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल के रूप में उनकी प्राथमिकताओं में रेल संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना, परिचालन दक्षता एवं समयपालन में सुधार, अधोसंरचना विकास (नई लाइन, दोहरीकरण/तिहरीकरण, विद्युतीकरण आदि) को गति देना, यात्री सुविधाओं का विस्तार तथा प्रशासनिक पारदर्शिता को सुदृढ़ करना शामिल है। जबलपुर मुख्यालय वाला पश्चिम मध्य रेल देश के ▶▶ शेष पेज 6 पर

मप्र हाईकोर्ट ने जीएनएम प्रथम वर्ष (2022-23) का नतीजा रोका

नर्सिंग फर्जीवाड़ा मामला...अगली सुनवाई 24 अप्रैल को

30 हजार विद्यार्थियों पर असर, हाईकोर्ट ने कहा पहले पेश करो पूरा रिकॉर्ड... फिर होगी सुनवाई

याचिकाकर्ता की दलील

- बिना आवश्यक संसाधनों भवन, लैब, लाइब्रेरी और फैकल्टी के सैकड़ों कॉलेजों को मान्यता दी गई
- जांच में अपात्र पाए जाने के बाद भी इन कॉलेजों के छात्रों को पात्र संस्थानों में स्थानांतरित नहीं किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

बहुचर्चित नर्सिंग फर्जीवाड़ा मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए सत्र 2022-23 के जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) प्रथम वर्ष के करीब 30 हजार छात्रों के परीक्षा परिणाम फिलहाल जारी करने पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने एमपी नर्सिंग काउंसिल से स्पष्ट कहा है कि पहले पूरा रिकॉर्ड और तथ्य पेश किए जाएं, उसके बाद ही किसी निर्णय पर विचार किया जाएगा। सुनवाई के दौरान नर्सिंग काउंसिल ने रिजल्ट जारी करने की अनुमति मांगी थी, जिस पर याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि बिना आवश्यक संसाधनों भवन, लैब, लाइब्रेरी और फैकल्टी के सैकड़ों कॉलेजों को मान्यता दी गई। जांच में अपात्र पाए जाने के बावजूद इन कॉलेजों के छात्रों को पात्र संस्थानों में स्थानांतरित नहीं किया गया। इस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए पूछा कि जिन छात्रों का परिणाम जारी करने की मांग की जा रही है, वे किन संस्थानों में अध्ययनरत थे और क्या उन संस्थानों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध ▶▶ शेष पेज 6 पर

छात्रों को पहले पात्र कॉलेजों में स्थानांतरित करें

काउंसिल के आवेदन पर हाई कोर्ट ने टिप्पणी की है कि जब तक काउंसिल के द्वारा ये सभी जानकारी विस्तार से हाई कोर्ट में पेश नहीं की जाएगी तब तक किसी भी प्रकार की परीक्षा परिणाम जारी करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि मापदंडों की पूर्ति नहीं करने वाले संस्थाओं के छात्रों को सर्वप्रथम पात्र कॉलेजों में स्थानांतरित करने की कार्यवाही की जानी चाहिए। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 अप्रैल को होगी ।

एम्स में समेकित चिकित्सा एलोपैथी और होम्योपैथी संगम पर विशेष जोर

विश्व होम्योपैथी दिवस आजः भोपाल एम्स बच्चों में एलर्जी, प्रोस्टेट वृद्धि, मानसिक स्वास्थ्य में होम्योपैथी पर दे रहा दीर्घकालिक राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होम्योपैथी पद्धति बच्चों, एलर्जी, प्रोस्टेट वृद्धि और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का दीर्घकालिक राहत देने वाला उपचार प्रदान करता है। भोपाल एम्स अब मरीजों को बेहतर परिणाम देने के लिए समेकित चिकित्सा एलोपैथी और होम्योपैथी का संगम पर जोर दे रहा है। विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर संस्थान ने घोषणा की है कि आधुनिक चिकित्सा के साथ होम्योपैथी का उपयोग कर एलर्जिक राइनाइटिस, प्रोस्टेट वृद्धि, किडनी स्टोन और सिकल सेल जैसी बीमारियों का स्थायी समाधान खोजा जा रहा है। एम्स की होम्योपैथी इकाई ने ईएनटी और जनरल सर्जरी विभाग के साथ मिलकर एलर्जिक राइनाइटिस और एनल फिशर पर शोध किया है, जिसके सकारात्मक नतीजे मिले हैं। अब संस्थान सिकल सेल रोग, टिनिटस (कान में आवाज आना), फैटी लिवर और डायबिटिक फुट अल्सर जैसी गंभीर समस्याओं पर भी बहु-विभागीय अध्ययन शुरू करने जा रहा है। कार्यपालक निदेशक डॉ माधवानंद कर ने बताया कि एम्स भोपाल साक्ष्य-आधारित शोध को बढ़ावा दे रहा है। जल्द ही केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के साथ एक एमओयू साइन किया जाएगा, जिससे सिकल सेल जैसी बीमारियों पर शोध को गति मिलेगी।

गंभीर बीमारियों का निकाल रहा समाधान

एंटीबायोटिक के बढ़ते खतरे को कम करेगी होम्योपैथी

एम्स माइक्रोबायोलाजी विभाग की डॉ. शाश्वती नेमा के अनुसार एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस (दवाओं का असर कम होना) की चुनौती से निपटने के लिए डायबिटिक फुट संक्रमण जैसे मामलों में होम्योपैथिक दवाओं के प्रभाव का मूल्यांकन किया जा रहा है। इससे एंटीबायोटिक दवाओं पर निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है। डॉ अंजन कुमार साहू ईएनटी ने बताया कि होम्योपैथी और फ्लुटिकासोन के संयुक्त उपयोग से एलर्जी के मरीजों को लंबे समय तक राहत मिल रही है। डॉ. अविनाश ठाकरे एडिशनल प्रोफेसर फिजियोलॉजी ने कहा कि होम्योपैथी आधुनिक चिकित्सा के साथ मिलकर विशेष रूप से लंबे समय तक चलने वाली बीमारियों में उपयोगी साबित हो रही है और भविष्य में इसकी भूमिका और बढ़ेगी।

यूरिन इंफेक्शन, किडनी स्टोन की समस्याओं में होम्योपैथी सहायकः डॉ. केतन

एसोसिएट प्रोफेसर, यूरोलॉजी डॉ. केतन मेहरा ने कहा कि होम्योपैथी बार-बार होने वाले यूरिन इंफेक्शन, किडनी स्टोन और मूत्राशय से जुड़ी समस्याओं में सहायक है और इससे मरीजों की जीवन गुणवत्ता बेहतर होती है। डॉ. शाश्वती नेमा (एडिशनल प्रोफेसर, माइक्रोबायोलॉजी) ने बताया कि एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस की समस्या को ध्यान में रखते हुए एम्स भोपाल में एक अध्ययन चल रहा है, जिसमें डायबिटिक फुट संक्रमण जैसे मामलों में होम्योपैथिक दवाओं के प्रभाव का मूल्यांकन किया जा रहा है। यह अध्ययन एंटीबायोटिक दवाओं के साथ इनके संयुक्त प्रभाव को भी समझेगा।

खबर संक्षेप

गुरु अर्जुन देव जी का प्रकाश पर्व मनाया

भोपाल। सिख गुरुद्वारे में सिखों के पांचवें गुरु, गुरु अर्जुन देव जी का प्रकाश पर्व गुरुवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया। सिख समाज के लोगों ने कोलार, संत हिरदाराम नगर, शाहजहांनाबाद गुरुद्वारों में गुरुवार गुरबाणी कीर्तन व अरदास की गई। इस दौरान समाज के लोगों ने गुरु अर्जुन देव जी के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 'शांति के पुंज' कहे जाने वाले गुरु अर्जुन देव जी ने ही 1604 में दरबार साहिब में पहली बार गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश किया था।

'जीएमसी बायोकॉन 2.0' आज होगा

भोपाल। गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के बायोकेमिस्ट्री विभाग द्वारा शनिवार को एक दिवसीय सीएमई 'जीएमसी बायोकॉन 2.0' का आयोजन किया जा रहा है। 'जीएमसी बायोकॉन 2.0' सीएमई 'रीडिफाइनिंग कैंसर मैनेजमेंटः डायग्नोस्टिक मार्कर्स एंड पर्सनलाइज्ड थेरेपी फॉर कॉमन मैलिग्नेंसीज इन इंडिया' विषय पर आयोजित की जाएगी। यह आयोजन ऐसीसीएलएमपी-मप्र चैप्टर के तत्वाधान में किया जा रहा है। जीएमसी के बायोकेमिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ तृप्ति सक्सेना ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य कैंसर मैनेजमेंट, कैंसर रोग की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान करने कि आधुनिक प्रक्रिया एवं इलाज से जुड़ी नवीनतम तकनीकों पर चर्चा करना है।

करुणा धाम में सुंदरकांड आमंत्रण पत्र का विमोचन

भोपाल। श्री बाबूलाल भगवती सोनी ट्रस्ट द्वारा आगामी 26 अप्रैल को रविंद्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर आयोजित राम भक्ति के संगीतमय अनुष्ठान के निमंत्रण पत्र का विमोचन करूणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर सुदेश शांडिल्य महाराज, महंत अनिलानंद, एवं विख्यात कवि शशिकांत शशि के कर कमलों से हुओ । ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप सोनी एवं सचिव प्रमोद नेमा ने बताया इस अनुष्ठान में मानस मयंक पंडित अजय याज्ञिक द्वारा सुंदरकांड की दिव्य प्रस्तुति दी जाएगी।

खोखला साबित हो रहा दावा, निगम की नाक के नीचे चल रहा गोरखधंधा

न किसी का डर, न कोई परवाह खुले में बेच रहे मांस और मछली

शिवनारायण सोनी ▶▶ भोपाल

हरिभूमि पड़ताल

जंबूरी मैदान की सड़क किनारे खुले में बिक रही मछली।

प्रदेश के मुखिया ने जब 2023 में सीएम पद की शपथ ली थी, तब उन्होंने पहला काम यही किया कि शहर में खुले में मांस मछली न बेची जाएं। शुरुआत में ताबड़तोड़ कार्रवाई भी की गईं, इन दुकानों पर हरे पर्दे भी लगा दिए गए। मांस मछली का विक्रय आड़ में होने लगा। लोगों को लगा कि अब सुशासन आ गया है। लेकिन ये सिलसिला ज्यादा दिन नहीं चल सका। दरअसल, जैसे ही मुख्यमंत्री प्रदेश के विकास में व्यस्त हुए खाद्य एवं जिला प्रशासन के अमले का ध्यान भी इस ओर से हट गया। आज आलम यह है कि हर जगह खुलेआम मांस-मछली का विक्रय किया जा रहा है और कोई इन्हें न रोकने वाला है न देखने वाला। अब इसका नतीजा यह कि दुकानदार खुले में मांस के अवशेष छोड़ रहे हैं और उनका सेवन करने वाले कुत्ते उन्हें खा रहे हैं और इधर-उधर फैला भी रहे हैं। इसके अलावा, ये कुत्ते मांस न मिले तो खूंखार भी हो जाते हैं जो राहगीरों की ओर लपकते हैं। हालांकि नगर निगम की गाइड लाइन के अनुसार खुले में सड़क किनारे, गली-मोहल्ले, बिना छत-दीवार वाली जगह पर मांस, मछली या अंडे बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित कर रखा है। इतना ही नहीं, खुले में मांस-मछली बेचने पर जुर्माना, दुकान सीलिंग या लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई का भी प्रावधान है। इसके बावजूद भेल क्षेत्र के कई इलाकों में खुले में मांस-मछली और अंडे की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है और नियमों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। भेल क्षेत्र के आनंद नगर, खजूरीकलां रोड जंबूरी मैदान में सड़क किनारे बिना पर्दा के मांस (मीट) और मछली बेचा जा रहा है। ये विक्रेता मांस का विक्रय कर उनका अवशेष वहीं फेंक कर चले जाते हैं, जिससे गंदगी फेल रही है। इसके साथ ही आवारा कुत्तों का झुंड भी जमा हो जाता है, जो वहां से गुजरने वाले राहगीरों पर लपकते हैं, जिससे लोगों में भय बना रहता है। इधर, सावरकर सेतु के पास भी सड़क किनारे खुले में मछली का विक्रय किया जा रहा है और कोई भी जिम्मेदारा इन्हें देखने या रोकने वाला नहीं है।

इधर, आनंद नगर में मेट्रो और फ्लाई ओवर निर्माण कार्य के चलते सड़क किनारे बनी दुकानों को तोड़ दिया गया है। इन दुकानदारों में कुछ मांस (मीट) विक्रेता भी थे, जो अब सड़क किनारे ठेला लगाकर खुले में मांस का विक्रय कर रहे हैं। ये सभी विक्रेता नियमों को ताक पर रखकर विक्रय कर रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि खुले में मांस का विक्रय करने से लोगों को यहां से आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। नगर निगम को रोक लगाना चाहिए या उन्हें यहां से कहीं ओर शिफ्ट करना चाहिए। कुछ अन्य लोगों का कहना है कि हम दुकानदारों को पर्दा लगाने के लिए कहते हैं तो वे विवाद करने को तैयार हो जाते हैं। ऐसे में अब नगर प्रशासन को ही कार्रवाई करना चाहिए, जिससे लोगों को परेशानी न हो।

आनंद नगर में चौकी के पास खुले में हो रहा चिकन का व्यापार।

यह हैं नियम...

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिसंबर 2023 से ही खुले में सड़क किनारे, गली-मोहल्लों में मांस, मछली और अंडे की बिक्री पर प्रतिबंध लगा रखा है। यह मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम के तहत है। बिना अनुमति या लाइसेंस के खुले में बेचना अवैध माना जाता है। दुकानदारों को एफएसएसएआई गाइडलाइंस का पालन करना जरूरी है, जिसमें अपारदर्शी दरवाजे लगाना, साफ-सफाई और लाइसेंस होना शामिल है।

लापरवाही पर जरूर कार्रवाई की जाएगी

पूरे शहर में निगम का स्वास्थ्य अमला स्वास्थ्य विरोधी गतिविधियों को लेकर रोज कार्रवाई कर रहा है। स्पॉट फाइन, चैकिंग मुहिम नियमित चल रही है। अगर कहीं लापरवाही है तो जरूर कार्रवाई की जाएगी।

संस्कृति जैन, आयुक्त, नगर निगम

सबसे पहले किसान संतोष ने बेचा अनाज

सरकारी खरीदी शुरु, साइलो में गौर ने बेचा 55 क्विंटल गेहूं

गेहूं बिक्री प्रारंभ।

9 दिन देरी से हुई खरीदी, किसानों को मंडी में बेचना पड़ा

एक दिन में 437 क्विंटल खरीदा, स्लॉट बुकिंग जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल से शुरु होने वाली सरकारी गेहूं खरीदी इस बार 9 अप्रैल से शुरु कर दी गई है। मुगालिया कोट स्थित साइलो केंद्र पर सबसे पहले परवलिया गांव के किसान संतोष गौर ने 55 किलो गेहूं बेचा। इसके साथ खरीदी की शुरुआत की गई। जिससे पहले दिन 437 क्विंटल गेहूं खरीदा गया है। इधर खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग भी जारी है। किसानों का कहना है कि देरी से खरीदी शुरु होने की वजह से कई किसानों को मंडी में कम दामों में गेहूं बेचने को मजबूर होना पड़ा है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि जिले में 82 केंद्रों पर गेहूं खरीदी की जा रही है। जिसके लिए अब तक करीब 35 हजार किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। जिसके बाद 7 हजार 600 किसानों ने गेहूं बेचने के लिए स्लॉट भी बुक करा लिए हैं। तय तारीख और समय पर इन किसानों का गेहूं खरीदा जाएगा।

प्रदेश में 10 से 25 अप्रैल तक मनेगा नारी शक्ति वंदन का उत्सव

भोपाल। राज्य शासन ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए आगामी 10 से 25 अप्रैल तक प्रदेशव्यापीनारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया है। इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम/" के प्रावधानों से आम जनता को अवगत कराना और महिला नेतृत्व का उत्सव मनाना है। राज्य शासन द्वारा जन-उत्सव के रूप में आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं।

उच्च शिक्षा विभाग ने पूरी की तैयारी

आईआईटी दिल्ली की मदद से संचालित होगा पाठ्यक्रम, नए शैक्षणिक सत्र 2026-2027 में होगी शुरुआत

55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस और 13 स्वायत्त महाविद्यालयों में शुरू किया जाएगा कोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में परंपरागत पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए अब रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। प्रदेश के 68 शासकीय महाविद्यालयों में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एआई एवं फिनटेक विथ एआई का ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होगा। इनमें 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस तथा 13 स्वायत्त महाविद्यालय शामिल हैं। यह कोर्स आईआईटी दिल्ली के सहयोग से संचालित किया जाएगा। विद्यार्थियों को इसकी सुविधा नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से मिलना शुरू होगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पाठ्यक्रम शुरू करने को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है। यह पहल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन एवं उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार के नेतृत्व में की जा रही है।

शौर्य यात्रा में प्रदेश भर से आएंगे लोगः जालम पटेल

राजा हिरदेशाह ने 1842 में ही कर दी थी आजादी की क्रांति की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुंदेला क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह लोधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 28 अप्रैल को जंबूरी मैदान में शौर्य दिवस कार्यक्रम को आयोजित किया जाएगा। लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल इसके लिए प्रदेश भर में दौरे कर बैठक कर रहे हैं। लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया है। गुरुवार को पटेल ने कार्यक्रम स्थल जंबूरी मैदान का निरीक्षण किया। पटेल ने कहा कि वीर भूमि बुंदेलखंड के जन योद्धा हिरदेशाह लोधी ने 1842 में ही दमोह से आजादी की पहली क्रांति की शुरूआत कर दी थी। ब्रिटिश की कंपनी सरकार को इस कदर पानी पिला रखा था कि लंदन में बैठी महारानी विक्टोरिया का सिंहासन हिल गया। इस वीर के साथ इतिहासकारों ने घोर पक्षपात किया, उनको 1842 की इस क्रांति का श्रेय नहीं दिया। राजा हिरदेशाह युद्ध करते हुए 28 अप्रैल 1858 को शहीद हो गए।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी, 200 विद्यार्थी करेंगे पत्र वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय संगोष्ठी।

राजधानी स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में गुरुवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (माध्यमिक) के तहत नवाचार, समावेशिता एवं अंतर्विषयता के लिए एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम विषय पर यह संगोष्ठी हो रही है।

इसमें लगभग दो सौ छात्र-छात्राओं द्वारा पत्र वाचन किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में गुरुवार को मुख्य अतिथि के रूप में भीमराव अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, मऊ (मध्यप्रदेश) की पूर्व कुलपति एवं प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता प्रो. आशा शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिकता के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। उविशिष्ट अतिथि के रूप में ऑनलाइन माध्यम से आरआईई अजमेर के विभागाध्यक्ष प्रो. आयुष्मान गोस्वामी ने एकीकृत शिक्षक शिक्षा की महत्ता और उसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को नवाचार और समावेशिता को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

स्टेशन पर यात्रियों को मिल सकेगा स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद, रेलवे प्रशासन की प्लेटफार्म नं. 1 को लेकर योजना

भोपाल रेलवे स्टेशन पर शुरू होगा चौपाटी जोन, यात्रियों के लिए 10 फूड स्टॉल्स होंगे तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए एक नई सुविधा की शुरूआत होने जा रही है। रेलवे प्रशासन की प्लेटफार्म नंबर एक की ओर चौपाटी जोन विकसित करने की योजना है। जहां यात्रियों को एक ही स्थान पर स्वादिष्ट और विविध व्यंजनों का लुत्फ उठाने का अवसर मिलेगा। यह चौपाटी जोन न केवल स्टेशन की सुंदरता और आधुनिकता में इजाफा करेगा, बल्कि यात्रियों के लिए खानपान का नया और बेहतरीन अनुभव भी साबित होगा। उल्लेखनीय है कि पिछले साल रेलवे की ओर भोपाल स्टेशन के एक नंबर की ओर से वीआइपी लाउंज की सुविधा दी गई। इस संबंध में भोपाल मंडल की ओर से प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसको पमरे जोन मुख्यालय भेजा जाएगा। जहां से अनुमति मिलने के बाद इस योजना पर काम शुरू किया जाएगा।

फाइल फोटो।

रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

इस पहल से स्थानीय व्यवसायियों और फूड स्टार्टअप्स को भी अवसर मिलेगा। रेलवे ने स्थानीय व्यावसायिक इकाइयों को प्राथमिकता देने का फैसला लिया है, जिससे छोटे व्यापारियों और स्टाल मालिकों को रोजगार मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा।

10 दुकानों में मिलेगा हर स्वाद

चौपाटी जोन के अंतर्गत कुल 10 फूड स्टाल्स स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें अलग-अलग प्रकार के लोकप्रिय भारतीय और स्थानीय व्यंजन उपलब्ध होंगे। रेलवे सूत्रों के अनुसार इन दुकानों में चाट, दक्षिण भारतीय व्यंजन, पंजाबी स्वाद, फास्ट फूड, मिठाइयां, पेय पदार्थ और शुद्ध शाकाहारी भोजन सहित अन्य विकल्प मौजूद होंगे।

यात्रियों को मिलेगा बेहतर खानपान का अनुभव

चौपाटी जोन यात्रियों को ट्रेनों के इंतजार के दौरान न केवल स्वादिष्ट भोजन की सुविधा देगा, बल्कि स्टेशन पर उनके समय को भी खुशनुमा बनाएगा। यह पहल खास तौर पर उन यात्रियों के लिए उपयोगी साबित होगी, जो लंबे सफर में स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन की तलाश करते हैं। इसके साथ ही चौपाटी जोन का उद्देश्य केवल खानपान की सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्टेशन की सजावट, स्वच्छता और यात्रियों की सुविधा को भी ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। आधुनिक डिजाइन, स्वच्छ बैठने की व्यवस्था, और आकर्षक लाइटिंग के साथ यह चौपाटी जोन स्टेशन की रौनक को एक नया आयाम देगा।

भोपाल मंडल के यात्रियों को भी मिलेगा लाभ

बैसाखी पर्व पर रेलवे की सुविधाः नई दिल्ली-अशोकनगर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

भोपाल। रेलवे की ओर से बैसाखी के अवसर पर आनंदपुर (अशोकनगर) में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 04004 व 04003 नई दिल्ली-अशोकनगर-नई दिल्ली तीर्थ स्पेशल ट्रेन चलाई है। ट्रेन नंबर 04004 नई दिल्ली-अशोक नगर तीर्थ स्पेशल ट्रेन जो 11 अप्रैल को नई दिल्ली स्टेशन से 12.15 बजे प्रस्थान कर, फरीदाबाद, आगरा कैंट, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई, बीना और अगले दिन 4 बजे अशोकनगर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 04003 अशोकनगर-नई दिल्ली तीर्थ स्पेशल ट्रेन जो 15 अप्रैल को अशोकनगर स्टेशन से 17 बजे प्रस्थान कर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई, ग्वालियर, आगरा कैंट,फरीदाबाद,नई दिल्ली स्टेशन पहुंचेगी।

सिंधी कॉलोनी चौराहे पर युवक से मिले 385 प्रतिबंधित इंजेक्शन

बिना पर्चे के और मेडिकल स्टोर संचालक को भी इतनी बड़ी मात्रा में नहीं मिल सकते इंजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज पुलिस ने सिंधी कॉलोनी चौराहा पर एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 385 बुप्रेनॉर्फिन हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन रेक्टोजेसिक इंजेक्शन बरामद किए हैं। इनकी कीमत 21 हजार रुपए है। पड़ताल में पता चला कि यह प्रतिबंधित इंजेक्शन हैं और डॉक्टर के पर्चे के बिना इसे खरीद पाना मुश्किल है। साथ ही मेडिकल स्टोर्स संचालक को भी लिमिट में यह इंजेक्शन मिलते हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया है। एक दिन की रिमांड मिली है। पुलिस आरोपी से पता लगा रही है कि उक्त इंजेक्शन वह कहां से लिए हैं।

दरअसल, पुलिस को सूचना मिली कि सिंधी कॉलोनी चौराहा पर मुख्य रोड पर संदिग्ध खड़ा है और उसके पास नशे के इंजेक्शन हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध को हिरासत में लिया। उसने अपना नाम राहुल मिश्रा पिता अवधेश मिश्रा (29) वार्ड नंबर-16, न्यू बस स्टैंड सिटी स्टार होटल के पीछे बलपूर्वा सोहागपुर, जिला शहडोल बताया। तलाशी में उसके बैग में एक पन्नी में 130 नग और दूसरी पन्नी मे 255 नग इंजेक्शन मिले।

दर्द से पीड़ित को दिए जाते हैं बुप्रेनॉर्फिन हाइड्रोक्लोराइड,रेक्टोजेसिक इंजेक्शन

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

इंजेक्शन के बारे में पूछताछ की गई तो वह संतोष जनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने इंजेक्शन के बारे में डॉक्टर्स से पूछा तो पता चला कि उक्त बुप्रेनॉर्फिन हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन रेक्टोजेसिक इंजेक्शन हैं। इनका इस्तेमाल अत्यधिक दर्द से पीड़ति व्यक्ति के लिए किया जाता है। इसे बिना डॉक्टर के पर्चे के खरीदा नहीं जा सकता है। इसके साथ ही मेडिकल स्टोर्स संचालक भी इसे सीमित मात्रा में खरीदकर उन्हीं मरीजों को बेच सकते हैं, जिन्हें डॉक्टर ने पर्चे पर लिखा है। थाना प्रभारी अवधेश सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपी राहुल मिश्रा पर पूर्व में तीन अपराध दर्ज हैं। एक अपराध एनडीपीएस का है। अनुमान है कि वह इतनी बड़ी मात्रा में इजेक्शन नशे के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया है। एक दिन की रिमांड मिली है।

55 रुपए का इंजेक्शन 150 में खरीदता, फिर 800 में बेचता

राहुल ने पुलिस को बताया कि डॉक्टर के पर्चा बनाने में जब्त एक इंजेक्शन महज 55 रुपए में मेडिकल स्टोर से मिलता है। पर्चा नहीं होने की वजह से मेडिकल स्टोर संचालक से उसने 150 रुपए में खरीदा है। शहडोल में यह इंजेक्शन वह 800 रुपए में बेचता है। हर माह वह भोपाल से अवैध तरीके से इंजेक्शन लेकर जाता है। उसने तीन अन्य युवकों के नाम भी बताए हैं। जो शहडोल में नशे के इंजेक्शन बेचते हैं। पुलिस उनकी तलाश के लिए शहडोल जाएगी। हालांकि, पुलिस ने अभी उनके नामों के खुलासे नहीं किए हैं। गिरफ्तारी के लिए शहडोल पुलिस की भी पुलिस मदद ले सकती है। राहुल के खिलाफ पूर्व के चार अपराध हैं। सोहगपुर में वह पहले भी एनडीपीएस एक्ट में पकड़ा गया है।

इंजेक्शन के खुद हर रोज चार डोज लेता है आरोपी युवक

राहुल ने पुलिस को बताया कि वह अपने लिए पहले इंजेक्शन दूसरे तस्कर से खरीदता था। बाद में वह खुद मेडिकल स्टोर से इंजेक्शन खरीदने लगा। वह खुद हर रोज 4 इंजेक्शन का उपयोग अपने शरीर पर करता है। उसने बताया कि इंजेक्शन के बाद पूरा शरीर शून्य पड़ जाता है। घबराहट होने लगती है। डॉक्टरों ने बताया कि बुप्रेनोर्फिन एक ओपियॉइड दवा है। यह दिमाग और रीढ़ की हड्डी में रासायनिक संदेशों को बदलकर दर्द कम करता है, लेकिन नशा भी पैदा करता है। ज्यादा मात्रा में लेने पर स्नायु शिथिलता, चक्कर, नींद और बेहोशी हो सकती है। ओपियॉइड्स की सबसे खतरनाक प्रतिक्रिया सांस लेने की क्षमता कम होना है। अत्यधिक खुराक में सांस रुकना या हृदय गति कम होना भी संभव है। अगर सुई साझा की जाए या अस्वच्छ तरीके से लगाया जाए तो एचआईवी, हेपेटाइटिस बी-सी और अन्य बैक्टीरिया संक्रमण का खतरा। ओवरडोज से अत्यधिक नींद, सांस का रुकना, नीले होंठ और नाखून, चेतना तक कम हो जाती है। समय पर इलाज न मिलने पर मृत्यु तक हो सकती है।

मेट्रो के लिए अंडरग्राउंड खुदाई

छह मंजिला शालीमार ट्रेड सेंटर की जांच, मैनिट की टीम ने लिए सैंपल

निरीक्षण करती मैनिट की टीम।

हमीदिया रोड पर खुदाई शुरू होने के बाद कंपन से प्लॉस्टर झड़ने के बाद पहुंची टीम

मैनिट की टीम आज पेश करेगी रिपोर्ट, निगम लेगा बिल्डिंग खाली कराने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया रोड स्थित 45 साल पुराने शालीमार ट्रैड सेंटर की छह मंजिला इमारत में मेट्रो के लिए अंडरग्राउंड खुदाई शुरु होने के बाद हुए कंपन और प्लॉस्टर झड़ने का मामला गर्मा गया है, जिसको लेकर गुरुवार को नगर निगम और मेट्रो कंपनी ने मैनिट की टेक्निकल टीम को बुलाकर बिल्डिंग की जांच कराई। टीम ने यहां से सैंपल ले लिए हैं, जिसकी रिपोर्ट शुक्रवार को पेश की जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर ही तय होगा कि बिल्डिंग को खाली कराया जाना है या नहीं। इधर, एहतियात के तौर पर बिल्डिंग के बैसमेंट को खाली करा लिया गया है, जबकि ऊपरी मंजिलों पर होटल समेत कई दुकानें संचालित की जा रही हैं।

छह मंजिला इमारत के ढांचे का फिजिकल इन्वेस्टिगेशन के लिए टीम ने अलग-अलग हिस्सों से सैंपल लिए। मैनिट के सिविल विभाग के एचओडी एमएस चौहान ने बताया कि शुक्रवार को जांच रिपोर्ट मिलेगी, जिसके आधार पर मेट्रो प्रबंधन आगे का फैसला लेंगे। इधर, मेट्रो के अफसरों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही तय किया जाएगा कि इमारत को खाली कराया जाए या नहीं।

दस दिन पहले ट्विन टनल की खुदाई में हिली इमारत

30 मार्च को जब ऑरेंज लाइन के तहत दुर्गावती टीबीएम ने ट्विन टनल के लिए खुदाई का काम शुरू किया। इसके पहले ही मेट्रो कंपनी ने सुरक्षा के लिहाज से इमारत में होटल के कमरों और दुकानों के आसपास लोहे के एंगल लगा दिए थे। दूसरे दिन जब कंपनी होने का मामला सामने आया, जिसके बाद गुरुवार को टीम मौके पर पहुंची।

एहतियातन जर्जर इमारत का बेसमेंट कराया खाली

मेट्रो टनल की खुदाई की वजह से जर्जर इमारत खतरे की जद में है। शालीमार ट्रेड सेंटर के कारोबारी उपेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि फिलहाल बेसमेंट खाली कराया गया है, जबकि ग्राउंड फ्लोर और ऊपरी मंजिलों पर आफिस, होटल और दुकानें संचालित हो रही हैं।

बेटिकट पकड़ाए 57 यात्री, 34 हजार से अधिक जुर्माना वसूला

भोपाल। भोपाल, रानी कमलापति, विदिशा एवं संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर 9 टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान शैलेन्द्र सिंह पर्यवेक्षक की निगरानी में संचालित किया गया। इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान मंडल के भोपाल, रानी कमलापति, विदिशा एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशन से गुजरने वाली रानीगुंटा-मैसूर, पंजाब मेल, झेलम एक्सप्रेस, अमृतसर-मुंबई एक्सप्रेस, कुशीनगर एक्सप्रेस सहित कुल 10 एक्सप्रेस यात्री ट्रेनों के यात्रियों के टिकटों की जांच की गई। इस जांच के दौरान 33 यात्री बिना टिकट एवं 24 यात्री अनुचित यात्रा टिकट के कुल 57 मामलें पकड़े गए, जिनसे कुल 34150 किराया व जुर्माना वसूला गया।

- 10 ट्रेनों के यात्रियों की जांच की

बकानिया से इमलिया गोदाम 13 घंटे में पहुंचा गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक

डिपो से निकले और ट्रक में रखे घरेलू सिलेंडर में कम निकली तीन-तीन किलो गैस, पांच की टूटी मिली सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

27 सिलेंडरों में कम निकली एक से लेकर तीन किलो तक गैस

खाद्य,नापतौल विभाग ने सैनी इंडेन एजेंसी के गोदाम पर मारा छापा

बकानिया स्थित इंडेन ऑयल कंपनी के डिपो से निकले ट्रक में रखे घरेलू गैस सिलेंडरों से तीन-तीन किलो गैस कम मिली है। पांच सिलेंडर ऐसे मिले हैं, जिनकी सील टूटी हुई थी। गुरुवार को खाद्य विभाग की टीम ने जब सैनी इंडेन गैस एजेंसी के इमलिया स्थित गोदाम पर छापा मारा तो यहां डिपो से आया 342 सिलेंडरों से लदा ट्रक खड़ा था। जांच करने पर पता चला कि ट्रक बुधवार रात आठ बजे डिपो से निकला था, जो गुरुवार को 13 घंटे बाद सुबह 9 बजे गोदाम पर पहुंचा। नापतौल विभाग ने जब सिलेंडरों की जांच की तो उनमें से 27 सिलेंडरों में एक से तीन किलो तक गैस कम निकली। टीम ने ट्रक सहित 342 सिलेंडर जब्त कर लिए हैं।

सिलेंडरों की जांच करते अधिकारी।

एजेंसी पर खड़ा था डिपो से आया ट्रक

सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव ने बताया कि गुरुवार को खाद्य विभाग की टीम गैस एजेंसियों की जांच करने निकली थी। टीम जब अयोध्या बाइपास स्थित सैनी इंडेन के इमलिया स्थित गोदाम पर पहुंची, जहां इंडेन कंपनी के डिपो से आया 342 घरेलू सिलेंडरों से भरा ट्रक खड़ा था। टीम ने जब ट्रक के सिलेंडरों की जांच की तो उसमें 5 सिलेंडर ऐसे मिले, जिनमें सील नहीं थी। सिलेंडरों का तौल कराया तो 27 सिलेंडर ऐसे मिले जिनमें एक से तीन किलो तक गैस कम थी।

बालाजी ट्रांसपोर्ट कंपनी को मिला ठेका

डिपो से एजेंसियों पर सप्लाई होने वाले सिलेंडरों के लिए फर्म श्रीबालाजी ट्रांसपोर्ट ग्वालियर को काम दिया गया है। आईओसीएल नोडल अधिकारी शिवानी का कहना है कि डिपो में प्रत्येक सिलेंडर का नंबर ट्रेस कर तौल किया जाता है।

कंपनी को सौंपे 310 सिलेंडर

जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि ट्रक को जब्त कर सूखी सेवनिया पुलिस को सौंपा गया है। जबकि 310 भरे हुए सिलेंडरों को कंपनी को सौंप दिया गया है, हालांकि 32 सिलेंडर खाद्य विभाग ने जब्त कर लिए हैं।

ड्राइवर बोला- मच्छर काटने पर सो गया

टीम को जब सिलेंडरों में गड़बड़ी मिली तो ट्रक चालक मोहम्मद सिराज से पूछताछ की गई, जिसमें चालक ने बताया कि रात में आठ बजे ट्रक लेकर निकला था, लेकिन मच्छर काटने की वजह से रात में नींद आ गई। जिसके बाद सुबह ट्रक एजेंसी पर ले आया। चालक का कहना है कि डिपो से भरे गए ट्रक में छेड़छाड़ नहीं की गई है। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि डिपो से निकले सिलेंडरों में गैस कम निकलना और पांच सिलेंडरों की सील नहीं होना डिपो के अंदर की गड़बड़ी हो सकती है।

आज भोपाल में हल्के बादल, कई जगह बारिश

बारिश में कमी के साथ तेजी से बढ़ेगी गर्मी, दो दिन में 3 डिग्री तक बढ़ेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में शुक्रवार से बारिश में कमी के साथ दिन का पारा तेजी से बढ़ेगा। दो दिन में पारे में 2 से 3 डिग्री तक बढ़त के साथ अब दिन का पारा सामान्य स्तर पर पहुंच जाएगा। गुरुवार तक अधिकांश जिलों में दिन का पारा सामान्य से 3 से 4 डिग्री तक कम रहा है, जो रविवार तक नॉर्मल लेबल पर पहुंच जाएगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी सिस्टम प्रदेश में सक्रिय नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ जम्मू कश्मीर में है। इससे प्रदेश में बारिश में कमी के साथ दिन में गर्मी तेजी से बढ़ेगी। लेकिन अधिकतम तापमान सामान्य स्तर पर पहुंचने के बाद ज्यादा नहीं बढ़ेगा।

गुरुवार को पश्चिमी प्रदेश में दिन का पारा सामान्य से 4 डिग्री तक कम रहा। भोपाल में दशमलव 8 डिग्री बढ़कर 34 डिग्री रहा, यह सामान्य से 3.8 डिग्री कम है। दतिया, गुना, रतलाम, श्योपुर, उज्जैन, खजुराहो, रीवा, सतना, सीधी और उमरिया में यह सामान्य से 5 डिग्री तक कम रहा। ग्वालियर और नौगांव में 6 डिग्री तक कम रहा है। शेष जिलों में औसतन 3 डिग्री तक कम रहा है। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 34 डिग्री तक रहा है।

एमपी नगर में दिन के दो बजे के हाल।

अभी सिस्टम जम्मू कश्मीर पर सक्रिय

एक पश्चिमी विक्षोभ सकुर्लेशन के रूप में जम्मू कश्मीर पर सक्रिय है। नया डब्ल्यूडी 15 को आएगा। एक सकुर्लेशन उत्तर पश्चिमी उप्र और आसपास सक्रिय है। वहीं एक अन्य दक्षिण पूर्वी राजस्थान व आसपास है। इन सबके कारण शुक्रवार को कुछ जिलों में हल्की आंधी और बौछारें पड़ेंगी। शेष प्रदेश में बारिश में तेजी से कमी आएगी। इससे दिन का पारा भी तेजी से बढ़ेगा।

राज्य सरकार के फैसले पर हाईकोर्ट ने लगाई मुहर

15 साल से पुरानी बसों के संचालन बंद करने का आदेश पूर्णतः वैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के उस महत्वपूर्ण आदेश को पूर्णतः वैध करार दिया, जिसके तहत 15 साल से अधिक पुरानी कमर्शियल बसों के संचालन पर रोक लगा दी गई थी। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने बस ऑपरेटरों द्वारा दायर सभी 10 याचिकाओं को खारिज करते हुए साफ किया कि राज्य सरकार को परिवहन नीति बनाने और जनता के हित में निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि जब नियमों में संशोधन को पहले ही वैध ठहराया जा चुका है, तो उस आधार पर जारी प्रशासनिक आदेश को अवैध नहीं कहा जा सकता। यात्री सुरक्षा और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सरकार को स्टेज कैरिज परमिट से जुड़ी नीतियां बनाने का अधिकार है। कोर्ट ने गत 27 फरवरी 2026 को सुरक्षित रखा फैसला सुनाया।

प्रदेश की सड़कों पर दौड़ रहीं उम्र पार कर चुकी 899 बसें

मध्यप्रदेश सरकार ने 14 नवंबर 2025 को एक आदेश जारी किया था। जिसमें 15 साल की समय सीमा पूरी कर चुके व्यावसायिक वाहनों (विशेषकर बसों) को सड़कों से हटाने का निर्देश दिया गया था। प्रदेश में वर्तमान में 899 ऐसी बसें चल रही हैं जो अपनी आयु सीमा पार कर चुकी हैं। बस संचालकों ने तर्क दिया था कि उनके पास वैध फिटनेस सर्टिफिकेट और परमिट मौजूद हैं। सभी याचिकाकर्ताओं के पास वैध स्टेज कैरिज परमिट हैं। परमिट का समय-समय पर नवीनीकरण भी कराया गया है। फिटनेस सर्टिफिकेट और टैक्स भी नियमित रूप से जमा किए गए हैं। 15 साल की सीमा नए परमिट पर लागू होनी चाहिए, पुराने पर नहीं। राज्य सरकार की ओर से उपमहाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली ने कोर्ट को बताया कि 27 दिसंबर 2022 के संशोधन को पहले ही चुनौती दी जा चुकी है। 12 मार्च 2026 को डिवीजन बेंच ने इसकी वैधता को बरकरार रखा था। वर्तमान आदेश उसी संशोधन का परिणाम है, इसलिए इसे अलग से चुनौती नहीं दी जा सकती।

कमिश्नर खुद करेंगी सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग

सिटीजन फीडबैक से शुरू होगा स्वच्छता सर्वेक्षण

आज से शुरुआत, 85 वार्डों का रोजाना निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 10 अप्रैल से सिटीजन फीडबैक के साथ सर्वे की शुरुआत हो रही है, जो अगले 45 दिनों तक चलेगा। इस दौरान 16 अप्रैल से 31 मई तक फील्ड असेसमेंट भी किया जाएगा, वहीं केंद्र की टीमें कभी भी शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंच सकती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने 15 अप्रैल से शहर की सफाई व्यवस्था की खुद मॉनिटरिंग करने का फैसला लिया है। वे रोजाना शहर के 21 जोन अंतर्गत आने वाले 85 वार्डों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेंगी।

हालांकि, सर्वे से पहले ही शहर की सफाई व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है। खासकर पुराने शहर की गलियों और मोहल्लों में नियमित सफाई नहीं हो रही है। नवबहार सब्जी मंडी में चार-चार दिन तक कचरा नहीं उठाया जा रहा, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

टीला जमालपुरा रोड पर सड़क किनारे पड़ा कचरा।

प्रभारी एएचओ सुबह 6 बजे उतरेंगे फील्ड में

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार शहर में मेट्रो, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं, लेकिन जोन के प्रभारी एएचओ इन्हें सफाई में लापरवाही का बहाना बना रहे हैं। मुख्य सड़कों से लेकर अंदरूनी इलाकों तक सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कमिश्नर ने सभी प्रभारी एएचओ को सुबह 6 बजे से फील्ड में उतरने के निर्देश दिए हैं। लेकिन कई अधिकारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर भी सख्ती दिखाई है। निर्देश दिए गए हैं कि सफाई मित्रों की सुबह और शाम दोनों पालियों में उपस्थिति दर्ज की जाए, जबकि वर्तमान में अधिकांश कर्मचारी केवल एक बार ही ऑनलाइन पंच कर रहे हैं।

एम्स में 10 दिन के लाइफ-सेविंग ट्रीटमेंट से मिली नई जिंदगी

राजधानी में मिला कुपोषित बच्चा: साढ़े चार साल में बच्चे का वजन था महज साढ़े पांच किलोग्राम

इस उम्र में वजन होना चाहिए था 18 किलोग्राम, गंभीर कुपोषण से जूझ रहा था मासूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में कुपोषित बच्चा मिलने से स्वास्थ्य सुविधाओं की बड़े-बड़े दावों की हकीकत सामने आ गई है। भोपाल में रहने वाले 58 माह का बच्चा, जिसका वजन महज साढ़े पांच किलो था, जबकि इस उम्र में सामान्य वजन करीब 18 किलोग्राम होना चाहिए।

इसके साथ ही बच्चे को एनीमिया, शरीर में पानी की कमी और विटामिन की कमी जैसी समस्याएं भी थी। वह गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) से जूझ रहा था। हालत इतनी खराब थी कि बच्चा खाना तक नहीं खा पा रहा था और शरीर में पानी की भी कमी हो गई थी। उसे तुरंत एम्स अस्पताल में भर्ती कर 10 दिन तक लाइफ सेविंग ट्रीटमेंट दिया गया।

डॉक्टरों की टीम की निगरानी और विशेष पोषण आहार की मदद से बच्चे की हालत में सुधार हुआ और उसे नई जिंदगी मिल सकी। एसएएम प्रोटोकॉल के तहत उसे विशेष पोषण आहार एफ-75 और एफ-100 दिया गया, जिससे धीरे-धीरे उसकी स्थिति स्थिर हुई। इसके बाद ऐसा डाइट प्लान तैयार किया गया, जिसे घर पर भी जारी रखा जा सके।

पानी की कमी होने से हालत ऐसी थी कि खाना भी नहीं खा पा रहा था बच्चा

भर्ती के वक्त का चित्र।

इलाज के बाद का चित्र।

वजन बढ़कर हुआ 7.8 किलोग्राम

करीब 10 दिनों के इलाज के बाद बच्चे की हालत में सुधार दिखने लगा। उसका वजन बढ़कर 6.06 किलोग्राम हो गया और वह सामान्य रूप से खाना लेने लगा। डिस्चार्ज के समय डॉक्टरों ने परिजनों को नियमित फॉलो-अप, संतुलित आहार और बच्चे की ग्रोथ पर नजर रखने की सलाह दी। इलाज के एक महीने बाद जब बच्चे की दोबारा जांच की गई, तो उसका वजन बढ़कर 7.8 किलोग्राम हो गया था। डॉक्टरों के मुताबिक यह सुधार इस बात का संकेत है कि सही समय पर इलाज और पोषण मिलने से गंभीर कुपोषण को भी नियंत्रित किया जा सकता है।

कुपोषण को हल्के में न लें

विशेषज्ञों का कहना है कि अगर बच्चे का वजन उम्र के अनुसार नहीं बढ़ रहा है, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कुपोषण केवल शरीर को कमजोर नहीं करता, बल्कि मानसिक और बौद्धिक विकास पर भी असर डालता है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि अभिभावक नियमित रूप से बच्चों का वजन जांचते रहें और जरूरत पड़ने पर आंगनवाड़ी या स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

खबर संक्षेप

हरे माधव के बाबा ईश्वरशाह का सत्संग आज

संतनगर। सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब के सानिध्य में हरे माधव सत्संग कार्यक्रम शुक्रवार को सायं 6 बजे शहीद हेमू कालाणी स्टेडियम दशहरा मैदान संत हिरदाराम नगर में रखा गया है। सत्संग कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए लेकर पूज्य सिंधी पंचायत कार्यालय में भोपाल सिंधी सेंट्रल पंचायत, सिंधी मेला समिति के अलावा मोहल्ला पंचायतों, संत नगर के सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों व गणमान्य नागरिक तैयारियों में जुटे हुए हैं। हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति, भोपाल शाखा के संतोष केसवानी ने बताया कि जीवन मुक्त सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब के गुरुवार को भोपाल पहुंचने पर भव्य अगवानी की गई। शाम को पंचवटी में सांई जी के सानिध्य में शोभायात्रा निकली। सिंधी सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष किशोर तनवानी, माधू चांदवानी सिंधी मेला समिति के मनीष दरयानी, चन्द्रप्रकाश इसरानी आदि लोग शामिल होंगे।

आंबेडकर जयंती पर होगा सम्मान समारोह

औबेदुल्लागंज। नगर में 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में सामाजिक समरसता, शिक्षा और जागरूकता पर विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा बाबा साहेब के विचारों पर प्रकाश डाला जाएगा तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सुरेंद्र पटवा, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, विशेष अतिथि डॉ. मोहनलाल पाटिल, डॉ. भूपेंद्र नागर, भाजपा मंडल अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष औबेदुल्लागंज आदि लोग मौजूद रहेंगे।

मानस कल्याण समिति मामले में सुनवाई 17 को

औबेदुल्लागंज। मानस कल्याण समिति से जुड़ा मामला अब आगे बढ़ गया है। पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया के बाद अब इस प्रकरण में औपचारिक सुनवाई की तारीख तय कर दी गई है। भोपाल स्थित रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं संस्थाएं, मध्यप्रदेश द्वारा जारी नवीन पत्र के अनुसार, अगली सुनवाई 17 अप्रैल को दोपहर 3 बजे निर्धारित की गई है। सभी संबंधित पक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने पक्ष के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज और प्रमाण सहित उपस्थित रहें। गौरतलब है कि इस मामले की शुरुआत रायसेन निवासी विनोद इरपाचे द्वारा की गई शिकायत से हुई थी। यह शिकायत पहले प्रस्तुत की गई थी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने मार्च 2026 में संस्था को नोटिस जारी किया था।

शुभांक

कल्याण:	2749		
दिन:	267	51	380
रात:	689	31	588
तारा:			
दिन:	470	15	267
रात:	400	41	579

नपा में समय पर वेतन भुगतान की मांग करने पर सफाई कर्मचारियों को प्रताड़ित करने का मामला

बीमार पत्नी और छोटे बच्चों की देखभाल की गुहार से भी नहीं पसीजे अधिकारी, प्रताड़ित करने के लिए रायसेन में लगाई कर्मचारी की ड्यूटी

रायसेन जिला मुख्यालय पर आयोजित दो दिवसीय कृषि महोत्सव के लिए 10 सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर पालिका मंडीदीप में समय पर वेतन सहित ईएसआई, पीएफ देने की मांग करने वाले सफाई कर्मचारियों सहित श्रमिक नेताओं को प्रताड़ित करने का सिलसिला थम नहीं रहा है। नपा ने कुछ दिन पहले कर्मचारियों का साथ देने वाले श्रमिक नेता सुरेश श्रीवास्तव को अतिक्रमणकर्ता बताते हुए अवैध निर्माण तोड़ने का आदेश दिया था। अभी यह मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि नपा के दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारी अमित गोहट को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है।

अमित की पत्नी पिछले दो महीने से बीमार है, घर में छोटे-छोटे बच्चे हैं। फिर भी स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान ने उनकी ड्यूटी रायसेन जिला मुख्यालय पर लगा दी। दरअसल रायसेन जिला मुख्यालय पर आयोजित दो दिवसीय कृषि महोत्सव के लिए 10 सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी मांगी गई थी, लेकिन जावेद खान ने उन्हें उन कर्मचारियों का नाम लिस्ट में डाल दिया, जिन्होंने हाल ही में रुके हुए वेतन की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था, जबकि अमित गोहट ने निरीक्षक जावेद खान से गुहार लगाई- 'साहब, मेरी पत्नी दो महीने से बीमार है, घर में छोटे बच्चे हैं, रायसेन ड्यूटी मत लगाओ, अगर पत्नी की तबीयत बिगड़ गई तो कौन देखेगा?' इसके बावजूद जावेद खान का दिल नहीं पसीजा। बिना उनकी बात सुने उन्हें ऑफिस से बाहर भगा दिया गया।

पीड़ित कर्मचारी अमित गोहट अपनी बीमार पत्नी का पर्चा दिखाते हुए।

पीड़ित कर्मचारी अमित गोहट ने इस ज्यादती का मुंह बंद न रखते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर दिया है। वीडियो में वे साफ आरोप लगाते हुए कहते हैं कि स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान द्वेषपूर्ण भावना से उन्हें परेशान कर रहे हैं।

अधिकारी के बिगड़े बोल

जब इस मामले में जावेद खान से फोन पर संपर्क किया तो उन्होंने बेहद विवादास्पद बयान दिया- 'जो कर्मचारी नपा का विरोध करता है, उसे नौकरी करने का कोई अधिकार नहीं है।' यह बयान नगर पालिका कर्मचारियों में आक्रोश पैदा कर रहा है। सवाल उठ रहा है कि क्या वेतन मांगना भी अब अपराध बन गया है?

चुप नहीं बैठेंगे कर्मचारी

नपा के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी पहले से ही रुके वेतन, कम सुविधाओं और मनमानी से त्रस्त हैं। अब स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान का यह रवैया साफ तौर पर दिखा रहा है कि विरोध करने वालों को 'सजा' दी जा रही है। अमित गोहट जैसा गरीब कर्मचारी अपनी मजबूरी बयां भी नहीं कर सकता। अब सवाल उठता है कि क्या मंडीदीप नगर पालिका प्रशासन इस मामले पर संज्ञान लेगी या जावेद खान के इस मनमाने रवैये को बढ़ावा देगी? कर्मचारी वर्ग अब इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने को तैयार है।

परेशानी थी तो मुझे बताना था

कर्मचारी को कोई दिक्कत थी तो मुझे बताना था मै पूरे समय ऑफिस में बैठता हूं, अगर किसी कर्मचारी को कोई दिक्कत या परेशानी थी मुझे बताना चाहिए था, जहां तक स्वछता निरीक्षक के बयान से मैं सहमत नहीं हूं।

प्रशांत जैन, सीएमओ नपा मंडीदीप

ऐशबाग में वारदात कर पटरी के पास छिपा, मंगलवारा पुलिस ने दबोचा

पटाखे वाली पिस्टल से फायर कर डराने वाला आरोपी गिरफ्तार, चाकू बरामद

नकली पिस्टल और एक अवैध चाकू बरामद किया

मंगलवारा पुलिस ने बताया, आरोपी आदतन अपराधी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बाग उमराव दुल्हा में महिला को डराने के लिए पठाखे वाली पिस्टल से फायर करने वाले बदमाश को मंगलवारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से नकली पिस्टल और एक अवैध चाकू बरामद किया गया। आरोपी ने बताया कि उसने डराने की नियम से पठाखे वाली पिस्टल से फायर किया था।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि दिलावर खान नाम का बदमाश डबल फाटक मंगलवारा में खड़ा है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। रेलवे पटरी के पहले एक लड़का बैठा दिखाई दिया। घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कमर में बेल्ट के बक्कल के नीचे एक पिस्टल व कमर के पीछे एक धारदार लोहे की छुरी मिली। पिस्टल को निकालकर देखा गया तो वह पटाखे वाली नकली पिस्टल निकली। पैंट की जेब से एक कागज के पुटठे के नीले डिब्बे मिले, जिसमें 7 नग बारूद के नकली बाल्व मिले। नाम पता पूछने पर अपना नाम सोहेल उर्फ दिलावर पिता मोहम्मद फारूख (24) निवासी मकान नंबर 32, शाबीर का मकान अन्नू नगर नवाब कॉलोनी करोंद निशातपुरा का रहने वाला बताया। पुलिस उसे लेकर थाने पहुंची। आरोपी आदतन अपराधी है।

महिला को धक्का देकर गिराया, फायर कर भागा था बदमाश

बरखेड़ी निवासी 67 वर्षीय शरशाद खान ने अपनी पत्नी नूरजहां बेगम और बेटे अमन खान के साथ ऐशबाग थाने में रिपोर्ट लिखाई थी। उन्होंने बताया था कि 8 अप्रैल को बाग उमराव दूल्हा से नवीन नगर ऐशबाग मैयत जाते समय, सोहेल उर्फ दिलावर खान ने उनकी गाड़ी में बाइक से टक्कर मार दी। सोहेल ने गाली-गलौज की और अपनी कमर में रखी धुआं और आग निकालने वाली पिस्टल दिखाई, साथ ही जान से मारने की धमकी दी। नूरजहां बेगम ने उसे समझाने की कोशिश की तो सोहेल ने पत्नी को धक्का दिया और पिस्टल हवा में चला दी। इसके बाद आरोपी बाइक से भाग निकला।

छात्रों पर चाकू से जानलेवा हमले करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

भोपाल। अयोध्या नगर पुलिस ने सरेराह छात्रों पर चाकू से हमला करने वाले तीन आरोपियों गिरफ्तार कर कर लिया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, वहां से जेल भेज दिया गया। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते बीटेक छात्र और उसके साथियों पर जानलेवा हमला किया था। घटना 7 अप्रैल 2026 की रात की है, जब दिव्यांश आर्या और अभिनव राय अपने साथियों के साथ जीत होम्स कॉलोनी गेट के पास खड़े थे। इसी दौरान सौरभ ठाकुर उर्फ गोल्डी, रितेश यादव और यश रघुवंशी वहां पहुंचे और पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू और धारदार छुरी से हमला कर दिया। हमले में धीरज वर्मा, अभिनव राय सहित अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और घटना में इस्तेमाल की गई छुरी भी बरामद कर ली है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। अयोध्या नगर थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में यश रघुवंशी (23) एमसीए का छात्र है, जबकि रितेश यादव (21) और सौरभ सिंह ठाकुर (23) बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं।

पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया, वहां से जेल भेज दिया

बंसल अस्पताल लेकर पहुंचा बेटा, कुछ ही देर चले इलाज के बाद मौत

झुलसकर 75 साल की महिला की मौत फर्स्ट फ्लोर के बाथरूम में मिली बेसुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित सी सेक्टर शाहपुरा में बंसल अस्पताल के पास रहने वाली 75 साल की महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। करीब 90 फीसदी जली हुई अवस्था में परिजन उन्हें लेकर निजी अस्पताल पहुंचे थे। वहां कुछ ही देर चले इलाज के बाद बुजुर्ग को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या से जुड़ा नजर आ रहा है। दरअसल, वह चार साल से कैंसर की बीमारी से परेशान थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि बीमारी से परेशान होकर उन्होंने आत्मदाह किया है।

पुलिस के अनुसार निर्मला पटेल (75) सी सेक्टर शाहपुरा में रहती थीं। उनके पति का काफी समय पहले निधन हो चुका है। परिवार में बेटा हिमांशु पटेल, बहू और हिमांशु की 15 साल की बेटी रहती है। बुधवार सुबह निर्मला की बहू जॉब पर चली गई। हिमांशु भेल स्थित बैंक शाखा में काम से चले गए। दोपहर में हिमांशु की बेटी स्कूल से आई और फर्स्ट फ्लोर पर अपने कमरे में सो रही थी। दोपहर करीब दो बजे निर्मला पटेल की बहू जॉब से घर लौटी। ग्राउंड फ्लोर पर उन्हें सास निर्मला नहीं दिखी। वह उन्हें देखने के लिए फर्स्ट फ्लोर पर पहुंची। इस दौरान बाथरूम में निर्मला पटेल झुलसी हुई अवस्था में पड़ी मिली। उन्होंने तत्काल हिमांशु को घटना की जानकारी दी। हिमांशु घर पहुंचे और मां निर्मला को लेकर पास ही स्थित निजी अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान शाम को उनकी मौत हो गई।

पेट्रोल की बदबू आई

गुरुवार सुबह निर्मला का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान घटनास्थल से पेट्रोल की बदबू का अहसास हुआ। लिहाजा अनुमान लगाया जा रहा है कि उन्होंने पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग लगाई है। पुलिस को परिजन से पूछताछ में पता चला कि उनका चार साल से कैंसर का इलाज चल रहा था।

वन कर्मचारी संघ ने वन मंत्री को लिखा पत्र

वनरक्षक हरकेश की हत्या का दोषी वन विभाग को ठहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुरैना में बेखौफ रेत माफिया द्वारा ट्रेक्टर चढ़ाकर वनरक्षक की हत्या किए जाने के मामले में मध्य प्रदेश वन कर्मचारी संघ ने वन मंत्री विजय शाह को पत्र लिखकर वन विभाग को हत्या का जिम्मेदार ठहराया है।

वन कर्मचारी संघ ने प्रदेश सरकार पर माफिया को संरक्षण देने व मदद पहुंचाने का गंभीर आरोप भी लगाया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने वन मंत्री को लिखे पत्र में कहा कि वनरक्षक हरकेश गुर्जर के ऊपर बेखौफ होकर ट्रैक्टर चढ़ाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। आखिर ये कब तक होता रहेगा। हमारे वनकर्मियों के खून के छींटें विभाग के दामन पर यूं ही न्याय की आस में सूखता रहेगा। विभाग को गहरी नींद से जगाने के लिए अभी और कितने क्षेत्रीय वन कर्मचारियों की शहादत का इंतजार ये सरकार कर रही है।

माफिया द्वारा सुनियोजित एवं संगठित रूप से वन कर्मचारियों पर जानलेवा हमले किए जा रहे है लेकिन क्षेत्रीय दबाव में माफियाओं पर कार्रवाई नहीं होती। संघ ने पत्र में लिखा कि संगठन अपने हर कर्मचारी की ओर से विभाग से जवाब चाहता हैं कि आखिर कब तक शासन वन कर्मचारियों के खून से अपने हाथ रंगता रहेगा और अभी कितने वन कर्मचारियों को अपनी जान देनी पड़ेगी। वन रक्षक की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदार है। सुप्रीम कोर्ट की फटकार का बाद भी विभाग ने ठोस कदम नहीं उठाए।

बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष, युवक-युवतियों ने लिया भाग

विश्व नवकार दिवस पर गूंजा णमोकार महामंत्र विश्व शांति के लिए किया गया सामूहिक पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विश्व नवकार दिवस के पावन अवसर पर नगर में जैन समाज द्वारा श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के साथ णमोकार महामंत्र का सामूहिक पाठ किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष, युवक-युवतियों ने भाग लेकर विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना की।

इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष सुनील जैन (तामोट), डॉ. मीना जैन, पंडित लक्ष्मीचंद जैन, मुकेश जैन, एलसी जैन, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, तरुण जैन, विजय जैन, संभव जैन, अंशुल जैन, अनुराग जैन, पवन रितेश जैन, सुनील वर्धमान, समता जैन, इंद्रा जैन, मंजू नरेश जैन, विनय जैन, दिनेश गुड्डन जैन, प्रदीप शिरोमणि जैन आदि ने बताया कि णमोकार महामंत्र जैन धर्म का मूल एवं अनादि-निधन मंत्र है, जिसका कोई आदि और अंत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मंत्र के नियमित पाठ से मन की शुद्धि होती है, आत्मा को शांति मिलती है और व्यक्ति के भीतर सकारात्मक विचारों का विकास होता है।

णमोकार महामंत्र का जाप करते जैन समाज के लोग।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

औबेदुल्लागंज। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष सूरजमल गौर, वरिष्ठ नेता हरजीत सिंह मंगू, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष पवित्र कौर, परेश नागर, राजू मेहरा ने बताया कि गुरुवार को जिला मुख्यालय का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घेराव किया, जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष और विधायक देवेंद्र पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल ठाकुर, रणजीत सिंह औबेदुल्लागंज से कांग्रेस कार्यकर्ता सहित रायसेन मुख्यालय पर पहुंचे और किसानों के सम्मान में धरना प्रदर्शन किया।

पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की

फ्लैट दिलाने का झांसा देकर सवा 11 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित ज्योति हाइट्स में फ्लैट दिलाने के नाम पर सवा 11 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नयापुरा कोलार रोड निवासी राहुल देव गौतम से बिल्डर ने करीब सवा 11 लाख रुपए हड़प लिए। अपने रुपए वापस मांगने पर बिल्डर से धमकी दे रहा है।

राहुल ने बताया कि उसने साल 2021 में फ्लैट खरीदने के लिए अपने परिचित प्रशांत मानेश्वर के जरिए मनोज अग्रवाल से संपर्क किया। मनोज ने खुद को ज्योति हाइट्स का बिल्डर और फ्लैट का मालिक बताया। फ्लैट नंबर 105 की कुल कीमत 12 लाख रुपए तय हुई। राहुल ने आरोप लगाया कि उसने फ्लैट की खरीद के लिए कई माध्यमों से भुगतान किया। फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने उसे फ्लैट का वास्तविक कब्जा नहीं दिया। रजिस्ट्री तो उसके नाम पर कराई गई थी, लेकिन फ्लैट पहले ही किसी और को बेचा जा चुका था और एक बैंक में गिरवी था। जब राहुल ने फ्लैट या पैसे मांगने की कोशिश की तो आरोपियों ने गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी।

जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज के जनपद सदस्यों को जनपद निधि नहीं मिलने से फूटा गुस्सा

जनपद पंचायत के 20 जनपद सदस्यों ने की संयुक्त रूप से इस्तीफा देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज के 20 जनपद सदस्यों ने गुरुवार को संयुक्त रूप से इस्तीफा देने की घोषणा की। जनपद उपाध्यक्ष सरदार सिंह, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, सज्जन सिंह नागर, ज्योति अनूप कुमार, रूपेश चौहान आदि ने बताया कि जनपद सदस्यों की जनपद निधि नहीं मिलने से नाराजगी जाहिर की है। जनपद सदस्यों ने एक साथ मिलकर मांग उठाई की 2025 औबेदुल्लागंज जनपद क्षेत्र में गंगाजल संवर्धन योजना का काम कहां है, सभी जनपद सदस्यों को बताएं कागजों पर तो काम हुआ है, लेकिन मौके पर कोई काम नहीं हुआ है।

जनपद सदस्यों ने जनपद सीईओ से पूछा कि जनपद सदस्यों की जनपद निधि 6 करोड़ कहां है? क्योंकि जनपद सदस्यों की बैठक में जनपद सीईओ निखिलेश कटारे ने जनपद सदस्यों से कहा था कि एक माह में हर जनपद सदस्य के क्षेत्र में भूमि पूजन होगा, लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी आज तक भूमि पूजन का पता नहीं है। जनपद सदस्यों ने मांग उठाई के पंचायत के सीसी रोड, नाली निर्माण, पौधरोपण, कचरा गड्ढा, कुआ निर्माण, शौचालय, खेत में मेंड़ बंधान एवं मकान कहां पर बने हैं और कितने हैं। जनपद सदस्यों ने बताया कि औबेदुल्लागंज जनपद से 3000 शौचालय गायब है, जबकि ये सभी शौचालय कागजों पर तो बने हुए हैं, पर मौके से गायब हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास में भी बड़ा भ्रष्टाचार है। प्रधानमंत्री आवास भी गायब है।

जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज के सामने विरोध प्रदर्शन करते जनपद सदस्य।

पोर्टल पर लोड नहीं कर रहे सही बिल

जनपद सदस्यों ने बताया कि ग्राम पंचायतें अपनी वित्तीय जानकारी सही से पोर्टल पर अपलोड नहीं कर रही है, जबकि डिजिटल क्रांति के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए एप के माध्यम से गांव के विकास की हर योजना ग्राम वासियों तक पहुंचाने का एक बड़ा कदम उठाया था, लेकिन जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज में आने वाली पंचायतें मैंदुआ, आशापुरी, अंबाई, हर्रई, बड़बाई, इकलबाड़ा, तामोट, बमनई, इमलिया, गोंडी, बरखेड़ा, टिगरिया, बिनेका, बोरपानी, दीवाटिया, बगासपुर, सेमरी कला, नूरगंज, पारखेड़ी, राजमऊ, दाहोद, डूंगरिया, चम्पानेर, भोजपुर, कर्मोदा, खसरोद, किरतनगर, उमरावगंज, मगरपूंछ आदि पंचायतो में ऑनलाइन कंप्यूटर सेंट्रो से कार्य के बिल कंप्यूटरकृत रोजगार सहायक होने के बाद भी पोर्टल पर धुंधले और भद्दे बिलों को अपलोड किया जा रहा है।

उच्च अधिकारियों की अनदेखी

उच्च अधिकारियों की अनदेखी का फायदा उठाते हुए बड़ी वित्तीय अनियमिताएं की जा रही है। पंचायत में अपने रिश्तेदारों को वेंडर बनाकर अथवा कमीशन पर प्राप्ति के बिलों का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण व अन्य कार्यों की राशि का प्रतिमाह आहरण जरूर किया जा रहा है, परंतु वास्तविकता में इन पंचायत द्वारा बिल अपलोड ही नहीं किया जाता और यदि बिल अपलोड किए जाते हैं, तो वह भी स्पष्ट नहीं होते एवं धुंधले बिल वाउचर अपलोड किया जा रहे हैं। इससे कहीं न कहीं पंचायत द्वारा किए गए कार्यों पर सवाल खड़ा होता हैं। जनपद सदस्यों ने बताया कि अध्यक्ष सुलेखा चौहान तामोट ने बताया कि जनपद सदस्यों को चुनाव ही नहीं लड़ना चाहिए, क्योंकि जनपद सदस्यों को कोई सम्मान नहीं मिलता। न तो जनपद सदस्यों को पंचायत की बैठक में बुलाते हैं न ही कार्यों की कोई जानकारी देते हैं।

मुझे उम्मीद थी, निधि की प्रक्रिया चल रही है

मुझे उम्मीद थी कि जनपद सदस्यों की निधि प्रक्रिया चल रही है और वह जल्द ही हो जाएगी। इसीलिए मैंने जनपद सदस्यों को बैठक में बताया था कि जल्द ही जनपद निधि से भूमि पूजन कराया जाएगा।

निखिलेश कटारे, जनपद सीईओ, औबेदुल्लागंज

मेरे पास कई शिकायत आई है

औबेदुल्लागंज जनपद की कई शिकायतें आई हैं, जनपद सदस्यों ने भी बताया है कि जनपद पंचायतों में बड़ी गड़बड़ी हो रही है। मैं इन सभी गड़बड़ी की स्वयं जांच करुंगा।

कमल सोलंकी, सीईओ, जिला जनपद

खबर संक्षेप

आरक्षक भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित

भोपाल। मप्र पुलिस में आरक्षक पदों पर भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह भर्ती प्रक्रिया मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने संपन्न कराई है। इसके अंतर्गत 7500 पदों के लिए अगस्त 2025 में विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त भर्ती के लिए प्रदेशभर से 9 लाख से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। लिखित परीक्षा के उपरांत शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए 57,990 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया। जिसमें 44,483 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। सभी चरणों के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के पश्चात आज अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। घोषित परिणाम के अनुसार कुल 6,525 अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया गया है।

मप्र युवा कांग्रेस के 38 पदाधिकारियों के पद होल्ड

भोपाल। मप्र युवा कांग्रेस में काम में कोताही बरतने वाले नेताओं पर राष्ट्रीय नेतृत्व ने सख्त एक्शन लिया है। चुनाव संपन्न हुए अभी मात्र चार महीने ही बीते हैं, लेकिन एप के जरिए हुए परफॉर्मेंस रिव्यू में फेल पाए गए 38 पदाधिकारियों के पदों को तत्काल प्रभाव से 'होल्ड' कर दिया गया है। इनमें 8 प्रदेश महासचिव, 27 प्रदेश सचिव और 3 जिला अध्यक्ष शामिल हैं। आदेश मध्य प्रदेश के प्रभारी महासचिव शिवी सिंह चौहान और सह-प्रभारियों के हस्ताक्षर से जारी किया है।

मध्य प्रदेश में 383 शराब ठेकों के लिए खुले टेंडर

भोपाल। मध्यप्रदेश में शेष 383 शराब ठेकों के लिए गुरुवार को दोपहर तीन बजे के बाद 16वें राउंड के टेंडर खोल दिया गया है। अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के कारण आबकारी विभाग ने इस बार रिजर्व प्राइस में 35 प्रतिशत तक कटौती कर ठेकेदारों को आकर्षित करने की रणनीति बनाई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 19,952 करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 3,170 दुकानों से करीब 16,800 करोड़ रुपए प्राप्त होना तय है। वहीं, बची हुई 383 दुकानों की आरपी करीब 2000 करोड़ है।

399 करोड़ खर्च कर होगा रीवा एयरपोर्ट का विस्तार

एयरबस-320 उतरने लायक बनेगा रीवा एयरपोर्ट रनवे होगा 2600 मीटर, रात में विमान उतर सकेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार रीवा एयरपोर्ट का विस्तार करने जा रही है। अभी रीवा एयरपोर्ट का रनवे महज 1800 मीटर है। यह एयरपोर्ट अभी भी बड़े विमान और रात्रि लैंडिंग के लायक नहीं है। अब एयरपोर्ट पर 320 सीटर तक का विमान रनवे पर उतारने के लिए 399 करोड़ रुपए की राशि खर्च कर इसका विस्तार किया जाएगा। इसके बाद रनवे की लंबाई 2600 मीटर हो जाएगी। रात के समय भी विमान उतर सकेगा। आसपास के 200 किमी की परिधि वाले जिलों तथा उप्र के प्रयागराज व मिर्जापुर जिले के साथ ही अन्य जिलों के लोगों को सहूलियत मिलेगी। इस आशय का प्रस्ताव मप्र के विमानन विभाग ने तैयार किया है।

अभी रीवा एयरपोर्ट का रनवे महज 1800 मीटर

वर्तमान में रीवा से दिल्ली, इंदौर, रायपुर के लिए उड़ानें

दरअसल, मौजूदा समय में रीवा एयरपोर्ट का विस्तार के बाद भी यहां 72 एटीआर विमान रनवे पर उतरने लायक ही है, लेकिन बड़े विमान और रात्रि लैंडिंग की व्यवस्था नहीं है। इस समय रीवा एयरपोर्ट से मप्र सरकार की विमान नीति के तहत रीवा से दिल्ली सप्ताह में तीन दिन एलाइंस कंपनी (एयर इंडिया) की फ्लाइट मिलती है, जबकि इंडिगो की रीवा से इंदौर के लिए सप्ताह में 7 दिन और रीवा से रायपुर के लिए हफ्ते में तीन दिन हवाई सेवा चल रही है। अब एयरपोर्ट का रनवे बढ़ाकर 2600 मीटर करने के बाद उस पर बड़े विमान भी उतरने लगेंगे।

रनवे के विस्तार के लिए 140 एकड़ भूमि का किया जाएगा अधिग्रहण

रीवा एयरपोर्ट में 72 एटीआर विमान उतारने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मई 2025 में एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। अभी विस्तार के बाद एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 1800 मीटर है, लेकिन बड़े 320 सीटर विमान उतारने के लिए 2600 मीटर रनवे बनाया जाएगा। साथ ही रात्रि में विमान लैंडिंग करने व्यवस्था की जाएगी। रनवे का विस्तार करने और रात्रि लैंडिंग की सुविधा मुहैया कराने पर करीब 399 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। इसके लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर ड्राप्ट तैयार कर लिया गया है। रनवे के विस्तार के लिए 140 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा।

मप्र, छग और उप्र को मिलेगा लाभ

सूत्रों ने बताया कि यदि रीवा एयरपोर्ट पर 320 सीटर एटीआर विमान उतरने लगेंगे, तो इसका फायदा विंध्य क्षेत्र ही नहीं, बल्कि रीवा से प्रयागराज आने-जाने वाले पर्यटकों को भी फायदा मिलेगा। चूंकि अभी प्रयागराज में एयरफोर्स का एयरपोर्ट है। वहां सीमित संख्या में भी विमान उतरते हैं। वाराणसी में जरूर बड़े विमान उतरते हैं, पर वहां भी कुछ असुविधा है। साथ ही रीवा से इलाहाबाद, वाराणसी, मिर्जापुर और सिंगरौली सहित छत्तीगढ़ के रायपुर आने-जाने की सुविधा लोगों को मिल सकेगी। जबकि रीवा से प्रयागराज, इलाहाबाद, मिर्जापुर और वाराणसी की दूरी 120 से लेकर 150 किमी है और विमान से सफर करने से समय की बचत होगी।

कंपनी ने नर्मदापुरम में 14.24 करोड़ के 5 कार्य लिए, बैगर कार्य किए ले लिया भुगतान

अधीक्षण यंत्री ने ब्लैक लिस्ट करने मुख्य अभियंता को भेजा पत्र, नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के नर्मदापुरम संभाग में एक ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। अधीक्षण यंत्री की रिपोर्ट के बाद भी मुख्य अभियंता ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। अधीक्षण यंत्री ने जिस कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की अनुशंसा की है, उसी कंपनी से मुख्य अभियंता के सीधे जुड़े होने का आरोप लग चुका है। हालांकि उस वक्त भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले को पूरी तरह दबा दिया गया। बालाघाट की कंपनी यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट को नर्मदापुरम में करीब 14.24 करोड़ से ज्यादा के 5 काम मिले थे।

किंतु इस कंपनी ने एक भी कार्य ठीक से नहीं किया। इसके बदले में कंपनी ने करीब 10 करोड़ रुपए का भुगतान बगैर काम के ले लिया। सूत्रों ने बताया कि पहले तो इस मामले में जमकर लीपापोती हुई, बगैर काम के बिल लगा दिया गया। तत्कालीन इंजीनियरों को कथित रूप से दबाव देकर कंपनी को 80% से ज्यादा का भुगतान करा दिया। बताते हैं कि मौजूदा अधीक्षण यंत्री योगेंद्र कुमार ने शिकायत के आधार पर जब सभी पांचों सड़कों की जांच कराई, तो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ। उन्होंने तत्काल इसकी रिपोर्ट मुख्य अभियंता संजय मस्के को भेजी।

अधीक्षण यंत्री ने शिकायत की, मुख्य अभियंता पर ही कंपनी को कार्य दिलाने का लग चुका है आरोप, अब फंसा पेंच

यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट को तत्काल काली सूची में डाला जाए

अधीक्षण यंत्री ने अपने पत्र में कार्यपालन यंत्री नर्मदापुरम संभाग के एक पत्र का हवाला देते हुए स्पष्ट तौर पर कहा कि मेसर्स यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट बालाघाट को तत्काल काली सूची में डाला जाना चाहिए। (इसकी छाया प्रति हरिभूमि के पास उपलब्ध), क्योंकि इस कंपनी ने 5 सड़कों का निर्माण अनुबंध के आधार पर नहीं किया। इस कंपनी ने पूर्व के इंजीनियरों से मिलीभगत कर 80% से ज्यादा पेमेंट भी प्राप्त कर लिया। उन्होंने पांचो सड़कों का सिलसिले ब्यौरा भी दिया है। सबसे मजेदार तथ्य है कि अधीक्षण यंत्री के पत्र के बाद मुख्य अभियंता भोपाल संभाग मस्के ने इस पर कार्रवाई करने के बजाय ठंडे बस्ते में डाल दिया। अब जैसे ही इसका खुलासा हुआ, उच्च स्तर पर शिकायतें हुई, इसके बाद हंगामा मच गया।

कंपनी को 9 ठेकों में करोड़ों रुपए का हुआ भुगतान

मेसर्स यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट को नर्मदापुरम में मालखेड़ी से रायपुर रोड के लिए 3 करोड़ 71 लाख का ठेका दिया गया। 2024 को कार्यपूर्ण दिखाकर दो करोड़ एक लाख रुपए का भुगतान किया गया। दूसरा इटारसी नर्मदापुरम रैसल रोड के लिए एक करोड़ 61 लख रुपए का ठेका 2024 में हुआ। इसमें से 51 लख रुपए का भुगतान कर दिया गया। गुराडिया से भिलरिया रोड के लिए दो करोड़ 28 लख रुपए का ठेका कंपनी को दिया गया। इसमें से एक करोड़ 54 लाख रुपए का भुगतान किया गया। इसी तरह अन्हाई से जमुनिया रोड के लिए चार करोड़ 16 आख रुपए का ठेका कंपनी को मिला इसमें से तीन करोड़ 51 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया। किंतु मौके पर यह कार्य पूर्ण नहीं पाया गया। इसकी रिपोर्ट कार्यपालन मंत्री ने अधीक्षक यंत्री को दी थी। अधीक्षण यंत्री में मुख्य अभियंता को पत्र भेजकर कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने और पूरी राशि वसूल करने या कार्य दोबारा से कराने की अनुशंसा की थी। अभी तक इस मामले में मुख्य अभियंता भोपाल ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

कार्रवाई न करने के पीछे यह है पेंच

दरअसल, पिछले वर्ष जनवरी 2025 में छिंदवाड़ा के विकास गुप्ता ने शपथ पत्र देकर मुख्य अभियंता मस्के पर सनसनीखेज आरोप लगाए थे। (शपथपत्र की प्रति हरिभूमि के पास उपलब्ध) इसकी शिकायत उन्होंने मुख्यमंत्री व अन्य अधिकारियों से की थी। उन्होंने यूएस इंफ्रा को मिले 9 ठेको का डिटेल देते हुए मस्के के मिलीभगत का आरोप भी लगाया था। गुप्ता ने भोपाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट के उर्वशी टेमरे और मुख्य अभियंता संजय मस्के से मुझे जान का खतरा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी को 16 करोड़ रुपए से अधिक का ठेका 2024 और 2025 में मिलीभगत से मिला। उन्होंने इसकी लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू से जांच कर सख्त कार्रवाई करने और सुरक्षा करने की मांग की।

एसीएस की तर्ज पर डीजी, एडीजी बने संभाग प्रभारी

कपूर भोपाल, जैन उज्जैन, पंकज जबलपुर संभाग प्रभारी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिवों की तर्ज पर स्पेशल डीजी और एडीजी स्तर के अधिकारियों को संभागीय स्तर पर कानून व्यवस्था की समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है। यह अधिकारी रेंज स्तर पर पदस्थ आईजी के अलावा संभागों की कानून व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

डीजी वरुण कपूर को भोपाल, उपेंद्र जैन को उज्जैन तथा स्पेशल डीजी पंकज श्रीवास्तव को जबलपुर संभाग का प्रभारी बनाया गया है। यह व्यवस्था प्रदेश में यूसीसी लागू करने के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के फैसले के बाद प्रभावी की गई है। गृह विभाग द्वारा यूसीसी (समान नागरिक संहिता) लागू करने की तैयारियों के बीच प्रदेश के सभी संभागों में डीजी, स्पेशल डीजी और एडीजी स्तर के अधिकारियों को संभागीय प्रभारी नियुक्त किया गया है।

सुपरविजन और मॉनिटरिंग के लिए यह दायित्व सौंपे गए

8 अप्रेल को जारी आदेश में कहा गया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में संभाग स्तर पर कानून व्यवस्था और पुलिस के कामों की समीक्षा के सुपरविजन और मॉनिटरिंग के लिए यह दायित्व सौंपे गए हैं। इसमें पहले से इंदौर, ग्वालियर, रीवा संभाग के लिए आईपीएस अफसरों को संभागीय प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इन संभाग में पहले से मौजूद अधिकारी भी अपना काम करते रहेंगे। इसके अलावा सात संभागों के लिए नए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की

दरअसल मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में यूसीसी लागू करने को लेकर सीएम ने गृह विभाग को निर्देश दिए। यूसीसी का वर्ग विशेष की ओर से विरोध होना तय है और आने वाले दिनों में कानून व्यवस्था पर इसका असर पड़ेगा। इसलिए गृह विभाग ने रेंज में पदस्थ आईजी के ऊपर संभागीय स्तर पर एडीजी, स्पेशल डीजी और डीजी स्तर के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी है।

नर्सिंग ऑफीसर के सौ फीसदी पद महिलाओं के लिए आरक्षित करने पर सरकार को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने नर्सिंग ऑफीसर के पद सौ फीसदी महिलाओं के लिए आरक्षित करने के मामले में राज्य सरकार व प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को नोटिस जारी किए हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने 23 अप्रैल तक जवाब देने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में हो रही नर्सिंग ऑफिसर की भर्ती में पुरुष उम्मीदवारों को पूरी तरह बाहर रखने के निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

सेहतनामा

साहब के जासूस हर जगह एक्टिव

अगर आप हमीदिया अस्पताल में अधीक्षक या कोई बड़े अधिकारी से मिलने जा रहे तो पहले आपका कैमरा बंद करा दिया जाएगा। सीसीटीवी की आंखें पहले उसे पहचान लेती हैं। पलभर में संदेश पहुंच जाता है और साहब के जासूस मैदान में उतर आते हैं। उनके पास बहाना पहले से रेडी रहता है। साहब नहीं है, मीटिंग में हैं, बाहर गए है या आज किसी से नहीं मिलेंगे। हैरानी की बात यह है कि साहब दिखें या न दिखें, पर जासूस हर जगह एक्टिव रहते हैं। अस्पताल में इलाज मिले या न मिले, पहरेदारी पूरे अनुशासन से होती है। हमीदिया अब स्वास्थ्य केंद्र नहीं, एक सुरक्षित रहस्यमय किला बन चुका है। हमीदिया अस्पताल में इन दिनों इलाज से ज्यादा निगरानी चर्चा में है। बड़े साहब ने ऐसा जासूसी नेटवर्क बैठा रखा है कि लगता है अस्पताल नहीं, कोई खुफिया एजेंसी चल रही हो। परिसर में अगर कोई मोबाइल निकालकर फोटो खींच ले, ते जासूस ऐसे दौड़ते हुए आते हैं जैसे अलार्म बज गया हो।

जेपी में शाम होते ही जम जाता है बाबुओं का दरबार

जेपी अस्पताल में जैसे ही घड़ी छह बजाती है, इलाज की रफ्तार नहीं, बाबूओं की चहल-पहल तेज हो जाती है। फाइलों में उलझे रहने वाले बाबू अचानक सामाजिक प्राणी बन जाते हैं। परिसर के एक कोने में खड़ी वही खास गाड़ी शाम की पहचान बन चुकी है, जहां बाबू एक साथ जमा होते हैं। यहां न मरीज के पर्चे देखे जाते हैं, न फाइल का वजन तौला जाता है। जाम खुलता है, गिलास भरते हैं और अस्पताल प्रशासन पर चचार्ओं का दौर शुरू हो जाता है। कोई अधिकारी निकम्मा बताया जाता है, कोई ज्यादा सख्त, तो कोई सिर्फ नाम का साहब। दिलचस्प यह है कि यह सब उसी परिसर में होता है, जहां कुछ कदम दूर मरीज इलाज के इंतजार में बैठे रहते हैं। जेपी में शाम का यह दरबार अब रोज की रस्म बन चुका है, जहां सेवा नहीं, सिर्फ सिस्टम को कोसने की परंपरा निभाई जाती है।

फर्जी अस्पताल, असली फाइलें और अचानक जागी जांच

शहर में फर्जी अस्पताल बरसों से धड़क रहे थे, जिनमें इलाज कम और खेल ज्यादा चल रहा था। शिकायतें होती रहीं, फाइलें घूमती रहीं, लेकिन सिस्टम की नब्ज पर कोई असर नहीं पड़ा। सब कुछ सामान्य था, जब तक अचानक जांच एजेंसी की एंट्री नहीं हुई। नोटिस गया, जवाब नहीं आया। तय समय पर हाजिरी भी नहीं लगी, फिर जांच एजेंसी को खुद ही दफ्तर की दहलीज नापनी पड़ी। चार लोग पहुंचे, फाइलें खुली, दस्तावेज पलटे गए और वहीं कागज सामने आए, जो पहले भी मौजूद थे, बस तब देखने की जरूरत नहीं समझी गई थी। जिन शिकायतों को लंबे समय तक नजर अंदाज किया गया, वही अब गंभीर विषय बन गई। फर्जी अस्पतालों से ज्यादा दिलचस्प उनका संरक्षण निकला। अब सवाल यह नहीं कि अस्पताल फर्जी थे या नहीं, सवाल यह है कि सिस्टम इतने दिन तक असली क्यों बना रहा।

-सचिन सिंह बैस

महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ ने मुख्यमंत्री से की सौजन्य भेंट

सीएम डॉ. यादव को पुष्पगुच्छ देती क्रांति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौड़ ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौड़ ने अपने ऑटोग्राफवाली क्रिकेट बॉल भेंट की। इस दौरान खेल संगठनों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मंत्री वर्मा ने प्रदेश कार्यालय में किया कार्यकर्ताओं से संवाद

भोपाल। मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री करण सिंह वर्मा ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंत्री करण सिंह वर्मा ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने निवाड़ी-टीकमगढ़ जिले में की बैठकें

भाजपा संगठन और सरकार के दिल में बसता है बुंदेलखंड: खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी विचारधारा आधारित दल है। कांग्रेस सहित देश के बाकी राजनीतिक दल व्यक्ति या परिवार आधारित राजनीति करते हैं। बुंदेलखंड भाजपा संगठन और सरकार के दिल में बसता है। गांव-बस्ती चलो अभियान बूथ को मजबूत बनाने का माध्यम है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कही।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरुवार को निवाड़ी व टीकमगढ़ जिले बैठकें की। इसके अलावा 'गांव-बस्ती चलो' अभियान को भी संबोधित किया। खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी नीतियों और कार्यों से देश की जनता की जिंदगी संवारने का कार्य किया है। भाजपा सरकारें बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं, इन सभी अच्छे कार्यों को जनता तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं का दायित्व है।

प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का ओरछा-टीकमगढ़ में जोरदार स्वागत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल का ओरछा और टीकमगढ़ में कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मंच बनाकर जोरदार स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने ओरछा में श्रीराम मंदिर में दर्शन कर देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

प्रदेशभर में किया विरोध प्रदर्शन, सरकार और कलेक्टरों पर साधा निशाना

गेहूं खरीदी समेत किसानों के मुद्दों को लेकर सड़क पर उतरी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में गुरुवार से चार संभागों में गेहूं खरीदी शुरू हो गई है। इस बार गेहूं खरीदी देरी से शुरू होने के पीछे सरकार इजराइल-ईरान युद्ध का हवाला दे रही है। ऐसे में गेहूं खरीदी में देरी पर कांग्रेस ने प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। खंडवा में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जमकर नारेबाजी की।

करीब 5 हजार से ज्यादा कांग्रेसी प्रदर्शन में शामिल हुए। रतलाम में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी में धरना दिया गया। भोपाल-श्योपुर में भी कांग्रेस ने नारेबाजी की। कांग्रेस पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार ने रणनीतिक तरीके से घोटाला किया है। बारदाने की कमी का बहाना बनाकर गेहूं खरीदी नहीं की गई। यह किसानों को धोखा देने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण वर्ष होने के बावजूद मध्य प्रदेश में किसानों का शोषण हो रहा है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी जिला कलेक्टर कार्यालयों का घेराव कर रही है। दो दिन बाद प्रदेशभर में किसानों के साथ उपवास किया जाएगा। साथ ही उज्जैन में किसानों को लेकर डॉ. मुख्यमंत्री मोहन यादव के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

खरीदी बंद होने पर पटवारी ने कलेक्टर को किया फोन, जताई नाराजगी

कृषि उपज मंडी में हम्मालों की हड़ताल के चलते गुरुवार को खरीदी बंद होने पर किसानों ने मंडी के सामने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। इसी दौरान छतरपुर जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की कार को किसानों ने रोक लिया और अपनी समस्याएं बताईं। किसानों की शिकायत पर पीसीसी चीफ ने सागर कलेक्टर संदीप जीआर को फोन लगाकर मंडी की अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। खरीदी शुरू कराने को कहा। पटवारी ने शाम 7 बजे तक समाधान न होने पर वापस आने की चेतावनी दी।

सिंघार ने श्वान के गले में डाला ज्ञापन

सीहोर जिले में किसानों के प्रदर्शन के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रशासन के खिलाफ अनोखे और विवादित तरीके से विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कुत्ते के गले में ज्ञापन की कॉपी डालकर कलेक्टर पर निशाना साधा और कहा कि यदि प्रशासन आम जनता की आवाज नहीं सुनेगा, तो इस तरह का अपमान किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान सिंघार ने कहा कि जिले के नए कलेक्टर जनता की समस्याओं को नहीं सुन रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यही रवैया जारी रहा, तो ऐसे अधिकारियों के खिलाफ विरोध और तेज होगा।

भोपाल में कलेक्टोरेट पर कांग्रेस का प्रदर्शन

सरकार ने किसानों को कर्ज जमा करने के लिए 31 मार्च की तारीख तय की थी, जिसकी वजह से अधिकतर किसान डिफाल्टर हो गए हैं। इधर जिले में 9 अप्रैल से सिर्फ साइलो केंद्र में ही खरीदी शुरु की गई है। गुरुवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना और ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल के साथ पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट के गेट के बाहर प्रदर्शन किया।

सात दिन में सफाई व्यवस्था नहीं सुधरी तो करेंगे सफाई सत्याग्रह

कोलार ब्लॉक कांग्रेस ने नगर निगम अधिकारियों को कोलार के सभी वार्डों में साफ सफाई की व्यवस्था दुरूस्त करने करने के लिए चेतावनी ज्ञापन सौंपा है। कोलार कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने कहा कि अगर सात दिन में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो कोलार के सभी वार्डों में कांग्रेस कार्यकर्ता गली-गली में झाड़ू लगाकर सफाई सत्याग्रह करेंगे।

आबकारी के स्टेट ऑफिस में पुराना रिकॉर्ड जलाया

भोपाल। गुरुवार को 5 नंबर स्थित आबकारी के स्टेट कार्यालय परिसर में अफसरों ने दफ्तर के पुराने रिकार्ड को जला दिया। परिसर से उठे धुएं को देखकर आसपास के लोग भी जमा हो गए, हालांकि, अफसरों ने कहा कि पुराने रिकार्ड का नष्टीकरण किया जा रहा है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस की नई मुम्बई उड़ान शुरू होगी

संतनगर। भोपाल वासियों को एक और नई मुम्बई फ्लाइट की सौगात मिलने जा रही है। एयर इंडिया एक्सप्रेस आगामी एक जुलाई से भोपाल-मुम्बई फ्लाइट शुरू करने जा रहा है। इस नई फ्लाइट के लिए स्लॉट तो जारी किया गया है, लेकिन अभी तक शेड्यूल नहीं आया है। एयर इंडिया आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुम्बई के लिए नई उड़ान में शुरू करने की तैयारी शुरू हो गई है। यह भी बताया जाता है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो एयरवेज द्वार कुछ अन्य शहरों के लिए भी फ्लाइट शुरू करने की तैयारियां की गई है, लेकिन अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

वनरक्षक की हत्या के बाद जागा प्रशासनः देवगढ़ में अवैध रेत पर बड़ा एक्शन, 200 ट्रॉली रेत नष्ट

मुरैना। वनरक्षक हरिकेश गुर्जर की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या के बाद प्रशासन अब एक्शन मोड में नजर आ रहा है। घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर देवगढ़ क्षेत्र में अवैध रेत खनन के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया।

एसडीओपी नितिन बघेल के नेतृत्व में देवगढ़ थाना पुलिस, वन विभाग और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के कई गांवों में दबिश दी। टीम ने बरहाना, नंदपुर, खुलावली और नहर किनारे छापामार कार्रवाई कर अवैध रूप से डंप की गई चंबल रेत को चिन्हित किया। कार्रवाई के दौरान करीब 200 ट्रॉली, यानी लगभग 400 घन मीटर रेत को नष्ट किया गया। अधिकारियों ने मौके पर ही रेत में मिट्टी मिलाकर उसे पूरी तरह बेकार कर दिया, ताकि दोबारा उसका उपयोग न हो सके। प्रशासन के मुताबिक नष्ट की गई रेत की अनुमानित कीमत करीब 4 लाख रुपये है। यह कार्रवाई सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई और शाम 4 बजे तक लगातार चली।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम दीपाली पत्की पिता श्री विजय पत्की था अब विवाह पश्चात मेरा नाम श्रीमती जान्हवी जोशी पति श्री अमित जोशी आयु वयस्क निवासी म.न. 30, निर्मल कल्पना सोसायटी, चूना भट्टी, भोपाल (म.प्र.) हो गया है। अतः मुझे भविष्य में मेरे नए नाम से जाना एवं पहचाना जाय।

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

आम सूचना

अरविन्द विहार बागमुगालिया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक एम.आई.जी. 351 मण्डल द्वारा श्रीमती लक्ष्मी एलिया पत्नी श्री मनीष एलिया एवं श्री मनीष एलिया आत्मज श्री सतीश एलिया के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण आदेश क. 253-259 दिनांक 25/01/2011 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 15/11/2010 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। केता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती ममता सिंह पत्नी श्री बिरकेश्वर के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 02/01/2026 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती ममता सिंह पत्नी श्री बिरकेश्वर के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

आम सूचना

बागमुगालिया एक्सटिश्न हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड / भवन क्रमांक एच.आई.जी. ए-320 (डिजाइन-1) मण्डल द्वारा श्रीमती शांति देवी खण्डेलवाल पत्नी श्री एन.एल. खण्डेलवाल एवं श्री राकेश कुमार खण्डेलवाल आत्मज श्री एन.एल. खण्डेलवाल के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 11/05/2006 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्रीमती शांति देवी खण्डेलवाल द्वारा संपत्ति का रजिस्टर्ड वसीयतनामा श्रीमती प्रफुल्ल खण्डेलवाल पत्नी श्री राकेश कुमार खण्डेलवाल के नाम पंजीयन कार्यालय से दिनांक 12/03/2018 को निष्पादित कराया गया है। श्रीमती शांति देवी खण्डेलवाल पत्नी श्री एन.एल. खण्डेलवाल (माता जी) की दिनांक 08/01/2025 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र/बहू श्री राकेश कुमार खण्डेलवाल आत्मज श्री एन.एल. खण्डेलवाल एवं श्रीमती प्रफुल्ल खण्डेलवाल पत्नी श्री राकेश कुमार खण्डेलवाल के द्वारा उक्त संपत्ति को अपने संयुक्त नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, रजिस्टर्ड वसीयतनामा की छायाप्रति, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति से स्व. श्रीमती शांति देवी खण्डेलवाल पत्नी श्री एन.एल. खण्डेलवाल का नाम विलोपित करते हुए श्री राकेश कुमार खण्डेलवाल आत्मज श्री एन.एल. खण्डेलवाल एवं श्रीमती प्रफुल्ल खण्डेलवाल पत्नी श्री राकेश कुमार खण्डेलवाल के संयुक्त नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

कार्यालय तहसीलदार संतहिरदाराम नगर वृत्त जिला भोपाल

क्रमांक /2895/तह./स.हि. (बैरा) / 26 भोपाल दिनांक 14/02/2026

पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) भोपाल .....आवेदक

विरूद्ध

सर्वसाधारण .....अनावेदक

:: सार्वजनिक उद्घोषणा ::

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) भोपाल द्वारा पुराना भोपाल शहर में पुलिस नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के हेतु ग्राम शहर भोपाल स्थित भूमि खसरा कमांक 161 रकवा 1.0150 हेक्टेयर में से 0.728 हेक्टेयर भूमि का आवंटन चाहा गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उपरोक्त कार्यवाही किये जाने में किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति स्वंय अथवा मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/2/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी हो।

तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

G-11255/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

पेज एक का शेष...

ईरानः बारूद और...

गालिबाफ ने कहना है कि अगर लेबनान में हमले नहीं रुके तो वह तेलअवीव पर फिर से हमले करेगा। ये इजराइल का एक तरह से संकेत है कि उसका इस समझौते से कोई वास्ता नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जब तक ईरान के साथ हुआ समझौता पूरी तरह लागू नहीं होता, तब तक अमेरिकी सेना ईरान के आसपास तैनात रहेगी। वहीं देर रात सूत्रों के मुताबिक खबर आई कि इजराइल शांति वार्ता के लिए तैयार हो गया है और लेबनान को भी समझौते का हिस्सा मानने को तैयार है।

4 मुद्दों पर ....

तीसराः परमाणु कार्यक्रम

- अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने परमाणु ठिकानों (जैसे फोर्डो और नतांज) को पूरी तरह नष्ट कर दे और यूरेनियम संवर्धन बंद कर दे। वहीं ईरान यूरेनियम संवर्धन के अधिकार और सभी आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने की गारंटी पर अड़ा है।

चौथा : क्षेत्रीय प्रभुत्व

- अमेरिका क्षेत्र से ईरान समर्थित प्रॉक्सी समूहों (जैसे हिज़्बुल्ला, हूती) को खत्म करना चाहता है। दूसरी ओर, ईरान की शर्तों में मध्य पूर्व के सभी अमेरिकी सैन्य ठिकानों से अमेरिकी सेना की वापसी और युद्ध के हर्जाने की मांग शामिल है।

पुडुचेरी में सबसे ...

से अधिक सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया था। केरलम की सभी 140 सीटों पर एक ही चरण में मतदान हुआ, जहां 883 उम्मीदवार मैदान में थे। पुडुचेरी के 9.50 लाख मतदाता भी 294 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में दर्ज किया।

लहंगा पहने रोबोट ...

मतदान केंद्र पर तैनात यह रोबोट लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गया। रोबोट 'नीला' को खास तौर पर इस तरह डिजाइन किया गया है कि वह लोगों से बातचीत कर सके और उन्हें जरूरी जानकारी दे सके। पारंपरिक भारतीय लुक, लहंगा पहनकर और हाथ में फूलों की टोकरी लिए नीला ने मतदान केंद्र पर आने वाले लोगों का स्वागत किया।

बाघ ने शख्स....

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में महुआ बीनने के लिए गया था। एसटीआर के जंगल में खोजबीन के दौरान ग्रामीण जब महुआ के पेड़ के पास पहुंचे, तो वहां बाघ बैठा दिखाई दिया। उसी के बाजू में कटा हुआ सिर और धड़ पड़ा था। बगल में हाथ-पैर के टुकड़े भी दिखाई दिए। पैंट भी पड़ा हुआ था। मामले की जानकारी मिलते ही केसला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। आधार कार्ड से मृतक की पहचान की गई। मामले में केसला थाना प्रभारी मदन लाल पवार ने बताया कि मौके पर पैंट और शव के टुकड़े मिले थे। एसटीआर की फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने घटना की पुष्टि की।

समर्थन मूल्य पर...

गेहूं का उपार्जन किया गया था। इस वर्ष विपरीत परिस्थितियों के बावजूद किसानों के हित में सरकार ने 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं के उपार्जन का लक्ष्य रखा गया है, जो कि पिछले वर्ष से एक लाख मीट्रिक टन अधिक है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए अभी तक 97 हजार 474 किसानों द्वारा 4 लाख 46 हजार 582 मीट्रिक टन गेहूं के विक्रय के लिए स्लॉट बुक किए जा चुके हैं। किसानों से 2585 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार की ओर से घोषित 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूं के उपार्जन के लिए आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। उपार्जित गेहूं को रखने के लिए जूट बारदानों के साथ पीपी, एचडीपी बैग एवं जूट के भर्ती बारदाने का उपयोग किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं के सुरक्षित भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

19 अप्रैल को ...

पर्यटन स्थल रूपकुंड, वेदनी बुग्याल, आली बुग्याल, बगजी बुग्याल, ब्रह्मताल, भीकलताल बर्फ से ढक गए हैं। इसका सीधा असर आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों पर पड़ रहा है। 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे लेकिन मौसम की प्रतिकूलता से यात्रा व्यवस्थाएं प्रभावित होने से दिक्कत बढ़ सकती है। यमुनोत्री हाईवे पर पाली गाड से फूलचट्टी के बीच कई स्थानों पर सड़क दलदल में तब्दील हो गई है, जिससे आवाजाही जोखिम भरी बनी हुई है।

पश्चिम मध्य रेलवे ...

क्षेत्र में व्यापक अनुभव अर्जित किया है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत उत्तरी रेलवे के फिरोजपुर मंडल में असिस्टेंट सिग्नल एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर के रूप में की। इसके पश्चात वे इंडियन रेलवे कंस्ट्रक्शन ऑर्गेनाइजेशन फॉर टेलीकॉम, रेलवे विद्युतीकरण परियोजनाओं तथा सेंट्रल ऑर्गेनाइजेशन फॉर रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। सिंह ने उत्तर मध्य रेलवे एवं पूर्व मध्य रेलवे में निर्माण, आईआरपीएमयू, मंडल एवं मुख्यालय स्तर पर कार्य किया है। वे रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया में लखनऊ क्षेत्र के महाप्रबंधक के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। वे उच्च प्रशासनिक ग्रेड में वे एसडीजीएम/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज के पद पर रहे।

देश के महत्वपूर्ण रेल ...

महत्वपूर्ण रेल जोनों में से एक है, जहां भारी माल परिवहन के साथ-साथ बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों का संचालन होता है। सिंह के नेतृत्व में इस जोन के समग्र विकास एवं सेवा गुणवत्ता में और अधिक सुधार की अपेक्षा है।

30 हजार विद्यार्थियों ...

थीं। कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि अपात्र कॉलेजों के छात्रों को ट्रांसफर करने के बजाए सीधे परिणाम जारी करने की प्रक्रिया क्यों अपनाई जा रही है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक काउंसिल विस्तृत जानकारी और दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करती, तब तक परीक्षा परिणाम जारी करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पहले अपात्र संस्थानों के छात्रों को मान्यता प्राप्त कॉलेजों में स्थानांतरित किया जाए। मामले की अगली सुनवाई 24 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

अधिवक्ताओं को मिली 3 माह तक काला कोट पहनने की छूट

भोपाल। तहसील एवं जिला न्यायालय में विधि व्यवसाय करने वाले अधिवक्ताओं को बार कौंसिल ऑफ इण्डिया के नियमों को शिथिलता प्रदान किए जाने के निर्णय के अनुपालन में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद ने 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक भीषण गर्मी में अधिवक्ताओं को 3 माह की अवधि में काला कोट पहनने से छूट प्रदान की है। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के कार्यकारी सचिव नीलेश जैन के जारी परिपत्र में निर्देश दिए गए हैं। मध्यप्रदेश अधिवक्ता सम्मान एवं रक्षा समिति के अध्यक्ष प्रियनाथ पाठक और मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद की आंदोलन समिति के सदस्य मनोज जराठे तथा सुरेंद्र सिंह राजपूत ने बार कौंसिल ऑफ इण्डिया के इस निर्णय का स्वागत किया है।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अशोकनगर म.प्र.

(Email:cmhoashmp@nic.in)

पत्र क्रमांक/ई-निविदा/2026-27/5214 अशोकनगर दिनांक 08/04/2026

//शुद्धि पत्र//

//बिड नंबर GEM/2026/B/7407165//

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अशोकनगर के अंतर्गत, कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला अशोकनगर से प्राप्त प्रशासकीय स्वीकृति के क्रम में 01 ए.एल.एस. एम्बुलेंस वाहन एवं 01 डेन्टल चेयर के उपार्जन हेतु GEM Portal पर निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसमें निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

S.No.	Advt. No	Item	Bid No.	Correction End date for submitting bids
1.	G-11108/26	Custmise Advance life support Ambulance Dental Chair	GEM/2026/B/7407165	22/04/2026 At 12:00 PM

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अशोकनगर म.प्र.

जी - 11263/26 स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)

निविदा सूचना

सूचना क्र. /234/लो.नि.वि./26 देवास, दिनाक 26/03/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

क्र.	टेण्डर आ.ई.डी.	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा क्रय एवं जमा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_495000_1	अर्बन चैलेन्ज फण्ड कार्यों की विस्तृत ड्राइंग, डिजाईन एवं प्राक्कलन (डी.पी.आर.) तैयार करने एवं कार्य सम्पादन करने हेतु कंसलटेन्ट नियुक्त करने के संबंध में।	12 माह	5,000/- 50,000/-	20.04.2026

निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जावेगां।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, देवास

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330
R- 31/03/26 to 17/05/26 not 03,14/04/26, 01/05/26

हरिभूमि रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यकता
सुनहरा अवसर नौकरी सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर (10+12th) पास लड़के लड़किया, आवेदन करे, कुल सीट-7220 , पद- फॉरेस्ट गार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी सैलरी - (32020 - 44900)आवेदन हेतु - मार्कसीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो ,व्हाट्सएप /कॉल करे - 9635451523
R-8,9,10/4/26

नाम परिवर्तन
मैं, प्रद्योत भागवत पत्नी प्राची भागवत पिता चंद्रकांत भागवत, मेरे बेटे का नाम, जो नाबालिग है और जिसकी उम्र 7 वर्ष है, दक्ष भगवत है, जैसा कि अभिलेखों में दर्ज हो गया है। मेरे पुत्र का सही नाम आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में आर्य भागवत है। दोनों नाम मेरे ही पुत्र के हैं दक्ष भागवत एवं आर्य भागवत भविष्य में जो भी आपत्ति आएगी उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा आज से आर्य भागवत पिता प्रद्योत भागवत के नाम से जाना व पहचाना जावे.

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

शब्द पहेली - 6191



बाएँ से दाए

1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

ऊपर से नीचे

1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

शब्द पहेली- 6190 का हल

प	ब	न	कु	मा	र		म	क	ब	रा
ला	न		त		स	ली	का		स	त
य		प	र	वा	ना		न	न		दि
न	का	र	ना			क		म	हा	न
वा		ख		स	ह	ल	ज		ज	
दी	वा	ना	प	न		प	र	व	री	श
	जि		र	स	ले	ना		न		री
ग	ब	न		नी			अ	वा	न्त	र
ज		शा	न		आ	ब	नू	स		र
रा	ज		ज	टा	यु		रू		क	क्ष
ज	ल	च	र		ध	मौं	प	दे	श	क

सूडोकु नवताल - 6201

✱✱✱✱☆ मध्यम

5					9	6		
						1	4	
			2	8				
			8				5	2
6								7
1	4				3			
				4	1			
	2	5						
		3	7					4

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6200 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

खबर संक्षेप

एसीसी की ठेकेदार की पेशेवर तरक्की में सहयोग

भोपाल। अडाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी एसीसी क्षेत्रीय निर्माण पेशेवरों को निरंतर तकनीकी सहयोग देकर सशक्त बनाने का कार्य जारी है। प्रदेश के सागर में ठेकेदार हरगोविंद वर्मा की 19 वर्षों की यात्रा, जो राजमिस्त्री से शुरू होकर आज एक दर्जन से अधिक निर्माण स्थलों तक पहुंची है, इस तरह की फील्ड-लेवल साझेदारी के दीर्घकालिक लाभ को दर्शाती है। हरगोविंद ने करियर की शुरुआत एक राजमिस्त्री के रूप में की और व्यावहारिक अनुभव के जरिए निर्माण कार्य की गहरी समझ विकसित की।

ऐक्सिस निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड पेश

मुंबई। ऐक्सिस म्यूचुअल फंड ने नया फंड ऐक्सिस निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड लांच किया है। यह एक खुली अवधि का इंडेक्स फंड है जो निफ्टी इंडिया डिफेंस टीआरआई के घटकों में निवेश करता है। यह एनएफओ सब्सक्रिप्शन के लिए 10 अप्रैल 2026 को खुलेगा और 24 अप्रैल 2026 को बंद होगा। ऐक्सिस निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड का उद्देश्य व्यय से पहले ऐसे रिटर्न देना है जो ट्रैकिंग एरर के अधीननिफ्टी इंडिया डिफेंस टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) के प्रदर्शन के बहुत करीब हों।

सैमसंग ने की गैलेक्सी ए57, ए37 की बिक्री शुरू

गुरुग्राम। सैमसंग ने अपने नए गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी स्मार्टफोन की बिक्री 10 अप्रैल से शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी का कहना है कि नई ए सीरीज खासतौर पर युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, गैलेक्सी ए57 5जी तीन रंगों9ऑसम नेवी, ऑसम आइसीब्लू और ऑसम लिलैक में उपलब्ध होगा। इसकी कीमत 8जीबी/256जीबी वेरिएंट के लिए 56,999 रूपए और 12जीबी/256जीबी वेरिएंट के लिए 62,499 रूपए रखी गई है।

बैंकिंग सेक्टर में बड़ा उलटफेर

एसबीआई बना देश का दूसरा बड़ा बैंक, गिरावट के बीच भी पलटी बाजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय बैंकिंग सेक्टर में मार्च तिमाही के दौरान बड़ा बदलाव देखने को मिला है, जहां स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने आईसीआईसीआई बैंक को पीछे छोड़ते हुए मार्केट कैप के हिसाब से देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक बनने का दर्जा हासिल कर लिया है।

खास बात यह है कि यह बदलाव ऐसे समय में हुआ है, जब पूरे बैंकिंग सेक्टर पर दबाव बना हुआ था और ज्यादातर बैंकों के शेयरों में गिरावट देखने को मिली। ऐसे में एसबीआई ने बड़ा कारनामा कर बैंकिंग सेक्टर में अपनी पोजिशन को मजबूत कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक एसबीआई का मार्केट कैप मामूली 0.3 फीसदी गिरावट के बावजूद करीब 9 लाख करोड़ के आसपास बना रहा, जबकि आईसीआईसीआइ बैंक के मार्केट कैप

में 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई। यही वजह रही कि एसबीआई ने रैंकिंग में बढ़त बना ली। एक्सपर्ट्स का मानना है कि एसबीआई के मजबूत नेट इंटरेस्ट मार्जिन और स्थिर प्रदर्शन ने इस गिरावट के दौर में भी उसे मजबूती दी।

एचडीएफसी बैंक अभी भी देश का सबसे बड़ा बैंक बना हुआ है

एसबीआई का मार्केट कैप करीब 9 लाख करोड़ रु.के आसपास

18 बैंकों के मार्केट कैप में गिरावट

पूरे बैंकिंग सेक्टर की बात करें तो स्थिति बहुत बेहतर नहीं रही। 20 बड़े बैंकों में से 18 के मार्केट कैप में गिरावट आई। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण वैश्विक अनिश्चितता और मिडिल ईस्ट में बढ़ता तनाव रहा, जिससे निवेशकों का भरोसा थोड़ा कमजोर पड़ा। इसके अलावा विदेशी निवेशकों ने भी मार्च में भारी बिकवाली की, जिससे बाजार पर और दबाव बढ़ा। एचडीएफसी बैंक अभी भी देश का सबसे बड़ा बैंक बना हुआ है, भले ही इसके मार्केट कैप में करीब 26 फीसदी की गिरावट आई हो, लेकिन फिर ये लिस्ट में सबसे टॉप पर है। जानकारी के मुताबिक इसके शेयर में गिरावट के पीछे मैनेजमेंट से जुड़ी खबरें और बाजार की कमजोरी दोनों ही कारण रहे हैं। बैंकिंग सेक्टर के लिए यह तिमाही काफी उतार-चढ़ाव भरी रही है। इसके बावजूद भी बीच मजबूत फंडामेंटल वाली कंपनियां अपनी स्थिति को मजबूत बनाए हुई हैं। एसबीआई का आईसीआईसीआई बैंक को पीछे छोड़ना इसी बात का उदाहरण है कि स्थिर प्रदर्शन और भरोसेमंद ग्रोथ रणनीति लंबे समय में निवेशकों का विश्वास जीतती है।

प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह गाड़ियों से निकलने वाला धुआं

कार चलाने वालों के लिए बड़ा अपडेट 2027 से बदल जाएंगे प्रदूषण के मानक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के अंदर पॉल्यूशन की सबसे बड़ी वजह गाड़ियों ने निकलने वाला धुआं है। दिल्ली जैसे शहर में इसका असर भी साफ दिखाई देता है। जिसे लेकर दिल्ली सरकार द्वारा कई अलग-अलग तरह के प्रयोग भी किए जाते रहे हैं। हालांकि, अब सरकार प्रस्तावित भारत स्टेज सात (बीएस 7) मानकों के तहत व्हीकल से होने वाले प्रदूषण के दायरे को बढ़ाने की तैयारी में है।

ये नए मानक काफी हद तक यूरो सात उत्सर्जन मानकों के अनुरूप हैं, फिर भी इन्हें भारत की ड्राइविंग और ईंधन की स्थितियों के हिसाब से ढाला जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि 2027 से कारों, बसों और ट्रकों को सख्त उत्सर्जन नियमों का सामना करना पड़ सकता है।

ईवी बैटरी और सीएनजी पर भी होगा असर

सरकार इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) को लेकर भी अब सख्त होने जा रही है। दरअसल, ईवी बैटरियों के लिए न्यूनतम परफॉर्मेंस और लाइफ से जुड़े मानक तय किए जा सकते हैं। इससे बैटरी की क्वालिटी और क्रेडिबिलिटी बढ़ेगी। इससे लोगों का ईवी पर भरोसा मजबूत होगा।

बीएस 7 में सीएनजी व नेचुरल गैस के वाहन शामिल

दूसरी तरफ, अब तक ज्यादातर नियम पेट्रोल और डीजल गाड़ियों पर केंद्रित थे, लेकिन बीएस 7 में सीएनजी और नेचुरल गैस से चलने वाले व्हीकल पर भी सख्त कंट्रोल रखेंगे। इनसे निकलने वाले उत्सर्जन को भी अब गंभीरता से लिया जाएगा। कुल मिलाकर सभी तरह के व्हीकल के लिए ये नियम सख्ती से पेश आएंगे।

बैटरियों के लिए न्यूनतम सहन शक्ति पर होगा विचार

इसके अलावा, केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) की बैटरियों के लिए न्यूनतम सहन-शक्ति की शर्तें अनिवार्य करने की संभावना पर विचार कर रही है। इस कदम का उद्देश्य देश में ईवी को तेजी से अपनाए जाने के बीच उनकी उम्र और प्रदर्शन को बेहतर बनाना है। एक अधिकारी ने कहा कि नेचुरल गैस से चलने वाले व्हीकल से होने वाले विशिष्ट उत्सर्जन जिन पर पहले ध्यान नहीं दिया जाता था, अब बीएस-7 के तहत और सख्त किया जाएगा। नए नियम 1 अप्रैल, 2027 से लागू किए जा सकते हैं।

हुंडई क्रेटा का नया एडिशन लांच, कीमत 12.5 लाख से शुरू

नई दिल्ली। हुंडई ने क्रेटा का नया एडिशन लांच किया है। कंपनी ने क्रेटा का समर एडिशन लांच किया है, जो चुनिंदा ट्रिम में एडिशनल फीचर्स को ऑफर करता है। मिड साइज कैटेगरी में ये कार सबसे ज्यादा बिकने वाले मॉडल्स में से एक है। कार के नए एडिशन में आपको कम बजट में प्रीमियम फीचर्स मिलेंगे। क्रेटा समर एडिशन की कीमत 12.05 लाख रुपए एक्स शोरूम से शुरू होती है। ये वेरिएंट सिर्फ 1.5 लीटर पेट्रोल और डीजल इंजन में मिलेगा।

क्या है बीएस-7 इंजन?

बीएस-7 इंजन जिन गाड़ियों में इस्तेमाल किए जाएंगे वो नए और सख्त उत्सर्जन मानकों का पालन करेंगे। इनमें एडवांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा, जो कम प्रदूषण करेगी और पर्यावरण के लिए बेहतर होंगी। इनमें खास तरह के इंजन और मॉनिटरिंग सिस्टम लगाए जाएंगे जो रियल-टाइम में प्रदूषण को कंट्रोल करने में मदद करेंगे। अभी शहरों में धुंध का एक बड़ा कारण अमोनिया उत्सर्जन भी है। नए नियमों में हल्के और भारी दोनों तरह के व्हीकल के लिए इस पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इससे हवा की क्वालिटी सुधारने में मदद मिल सकती है।

भोपाल सहित प्रदेश की मंडियों में समर्थन मूल्य से 300 से से 400 रु. नीचे बिक रहा गेहूं

अनाज मंडी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

वर्ष 2026 में रबी विपणन सीजन के दौरान राजधानी भोपाल सहित प्रदेश की कृषि उपज मंडियों में गेहूं की नई फसल का भाव, घोषित समर्थन मूल्य से काफी नीचे चल रहा है। केंद्र सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं का एमएसपी 2,585 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

मध्य प्रदेश सरकार ने बोनस के साथ इसे 2625 से 2735 प्रति क्विंटल तक करने की घोषणा की, लेकिन भोपाल सहित प्रदेशभर की अनाज मंडियों में गेहूं समर्थन मूल्य से 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल नीचे बिक रहा है। अनाज व्यापारी सामान्य गेहूं 2200 से 2400 रुपए प्रति क्विंटल के भाव गेहूं खरीदी रहे हैं। गौरतलब है कि मंडियों में गेहूं समर्थन मूल्य से काफी नीचे बिकने से किसानों 300-400 रुपए का घाटा हो रहा है। बताया जा रहा है कि सरकारी खरीदी में देरी की बतौलत किसानों को अपना गेहूं समर्थन मूल्य से कम भाव पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन ने कहाकि सरकारी खरीदी केंद्र (उपार्जन केंद्र) समय पर चालू न होने और तुलाई लेट होने के कारण किसान मजबूरी में निजी व्यापारियों को कम दामों पर गेहूं बेच रहे हैं। तो वहीं कुछ मामलों में गेहूं में अधिक नमी या कमजोर दाने की गुणवत्ता के कारण भी कम दाम मिल रहे हैं। उनके अनुसार शादियों का सीजन या मजदूरों के भुगतान जैसे खर्चों के लिए किसान जल्दीबाजी में कम दाम पर भी फसल बेच रहे हैं।

बिजनेस न्यूज

श्री साईं इंस्टीट्यूट के तीन दिवसीय शिविर में 1 हज़ार से अधिक मरीजों का मुफ्त इलाज

भोपाल। विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में राजधानी के कोलार रोड स्थित श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय भव्य निःशुल्क चिकित्सा शिविर का समापन सोमवार को किया गया। शिविर में पहुंचे करीब एक हज़ार मरीजों को न केवल परामर्श, बल्कि जाँच और भर्ती की सुविधा भी निःशुल्क प्रदान की गई। इसके साथ ही दवाइयों, प्रयोगशाला जांचें, पंचकर्म और शल्य क्रिया में भी विशेष छूट दी गई। श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन की प्राचार्या डॉ. मनीषा राठी ने बताया कि शिविर में जटिल रोगों के आयुर्वेदिक उपचार के लिए विशेषज्ञों की टीम द्वारा पंचकर्म थेरेपी द्वारा असाध्य रोगों का उपचार, सर्जरी एवं क्षारसूत्र, हड्डी एवं जोड़ रोग, स्त्री रोग, बाल रोगः बच्चों के लिए 'स्वर्ण प्राशन' और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के विशेष परामर्श दिए गए। डॉ. नवनीत आर्या और डॉ. लोचन सिंह, डॉ. रचना जैन आदि चिकित्सकों ने बताया कि जीवनशैली जन्य रोग जिसमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप और आहार-विहार एवं योग परामर्श सहित आँख, नाक, कान एवं गला संबंधी रोगों के इलाज की सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा मरीजों ने लाभ उठाया। शिविर को सफल बनाने में संयोजक डॉ. मदन मोहन कुशवाहा, डॉ. विकास जैन, डॉ. हरेंद्र मोदी और डॉ. मनीष लधवे सहित डॉ मीनू मिश्रा, डॉ मोहिनी गुप्ता, डॉ रंजीत नारंग, डॉ अमित जगताप, डॉ नेहा कोठारी, डॉ दामिनी निर्मल आदि का सहयोग रहा।

एलएनसीटी यूनिवर्सिटी और मुंबई की क्यू-टीम के बीच हुआ महत्वपूर्ण एमओयू

भोपाल। एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ने स्वास्थ्य सेवा और शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सोमवार को यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित ऑडिटोरियम में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी और क्यू -टीम , मुंबई के बीच एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह रणनीतिक सहयोग शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान के अवसरों और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा और शैक्षिक उपक्रमों के लिए प्रशिक्षण, शिक्षा और तकनीकी सहायता के क्षेत्रों में संयुक्त पहल करना है। यह मंच दोनों संस्थानों के लिए आपसी सीखने और नवाचार का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस अवसर पर डॉ. अनुपम चौकसे (सचिव,एलएनसीटी ग्रुप)डॉ. एनके थापक (कुलपति, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी) डॉ. ए. के. सोनी (कुलसचिव, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी)डॉ. आर.के. चौरसिया (निदेशक पैरामेडिकल)डॉ. ए.के. सिंघई (डीन एकेडमिक्स), डॉ. डी.के. सत्पथी (विभागाध्यक्ष, फोरेंसिक विभाग) डॉ. विवेक श्रीवास्तवा (प्रिंसिपल पैरामेडिकल) क्यू -टीम , मुंबई की ओर से संस्थापक और मुख्य प्रशिक्षक डॉ. सांत्वना वर्नेकर, ऑपरेशंस हेड मिस्टर स्वानंद वर्नेकर और कार्यकारी ऑपरेशंस सीजल मोदी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी ने पॉड डॉट आई से किया एमओयू

भोपाल। सागर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (सिस्टेक) ने पॉड डॉट आई के साथ एमओयू किया हैं। यह एमओयू सिस्टेक के स्टूडेंट्स को एआई-संचालित टेक्नोलॉजी से नवचार, कौशल और विकास से समाधानों पर प्रशिक्षण और प्लेसमेंट इकोसिस्टम मे गति और अत्याधुनिक प्रतिस्पर्धा का निर्माण करने मे सक्षम करेगा। यह रणनीतिक गठबंधन सिस्टेक के स्टूडेंट्स को इंड्स्ट्री से संबंधित कौशल और मानवरहित प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों में प्रशिक्षण के अनेको अवसर भी प्रदान करेगा। इस एमओयू से सिस्टेक के स्टूडेंट्स इंड्स्ट्री 5.0 कौशल हासिल करने के साथ-साथ ट्रेनिंग और प्लेस्मेंट में भी मदद मिलेगी। पॉड डॉट एआई के ऋशु गुप्ता, संस्थापक एवं सीईओ और सिस्टेक की ग्रुप डायरेक्टर डॉ. ज्योति देशमुख ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर सिस्टेक गांधी नगर और रातीबड़ कैंपस के प्रिंसिपल डॉ. मनीष बिल्लोरे और डॉ. अभिषेक त्रिपाठी और सिस्टेक की कॉर्पोरेट रिलेशंस हेड प्राची श्रीवास्तव उपस्थित रही। सिद्धार्थ सुधीर अग्रवाल मैंनेजिंग डायरेक्टर सागर ग्रुप ने एमओयू हस्ताक्षर करने पर टीम सिस्टेक को बधाई दी और कहाकि एमओयू के माध्यम सिस्टेक नई एआई-संचालित प्रौद्योगिकियों, ज्ञान, कौशल और अनुभव का अधिग्रहण छात्रों को उद्योग के साथ सशक्त बनाए रखने में सक्षम बनाएगा।

पीसीआई ने एलएनसीपी के साथ एबीईएएस के कार्यान्वन पर कार्यशाला आयोजित की

भोपाल। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई), नई दिल्ली के तत्वावधान में लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ फार्मेसी (एलएनसीपी), भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश के संस्थानों में एबीईएएस (आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली) के कार्यान्वयन पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और संस्थानों में पारदर्शिता बढ़ाना था। कार्यशाला के मुख्य अतिथि पीसीआई के उपाध्यक्ष काशी भाई एच. चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए शैक्षणिक निगरानी में सुधार के लिए एबीईएएस के महत्व और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। मध्य प्रदेश राज्य पीसीआईके अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार जैन और डॉ. शैलेश जैन ने इस प्रणाली के व्यावहारिक प्रभाव पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। वहीं, पीसीआई के केंद्रीय सदस्य डॉ. नीरज उपमन्यु ने परिषद की आगामी डिजिटल परियोजनाओं की जानकारी दी। एलएनसीटी ग्रुप के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे गुणवत्ता आश्वासन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने फार्मेसी शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने में डिजिटल एकीकरण की भूमिका पर जोर दिया। तकनीकी सत्र का संचालन आईटी हेड आशुतोष द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने संकाय सदस्यों को प्रणाली के कार्यान्वयन की बारीकियां समझाईं। इस अवसर पर मप्र राज्य पीसीआई की रजिस्ट्रार भाव्या त्रिपाठी और मप्र के विभिन्न फार्मेसी संस्थाओं के प्राचार्य, डॉयरेक्टर, विभागाध्यक्ष, शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में इंसिग्निया 2026 का शुभारंभ

भोपाल। मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में बहुप्रतीक्षित टेक्नो-कल्चरल फेस्ट इंसिग्निया 2026 का भव्य शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ हुआ। परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक सरस्वती वंदना से हुई, जिसने पूरे माहौल को आध्यात्मिक और गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कमांडर आयुष डोडानी ने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके शब्दों ने युवाओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस तीन दिवसीय महोत्सव की भव्य शुरुआत संभव हो सकी।

अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी ने की यूसीईईडी 2026 रैंकर्स के लिए 100 फीसदी तक छात्रवृत्ति की घोषणा

मुंबई । अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी ने यूसीईईडी 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए योग्यता-आधारित छात्रवृत्ति पहल की घोषणा की है। एआईआर 250 तक रैंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को 100 फीसदी तक छात्रवृत्ति दी जाएगी, जिसके अंतर्गत उनकी पूरी ट्यूशन फीस और हॉस्टल फीस माफ की जाएगी। इसके अलावा, एआईआर 2500 तक रैंक हासिल करने वाले छात्रों के लिए भी चरणबद्ध (टियरड) छात्रवृत्ति संरचना तैयार की गई है, ताकि अधिक से अधिक योग्य छात्रों को इस पहल का लाभ मिल सके। इसके साथ ही यूसीईईडी -योग्य उम्मीदवारों को प्रवेश प्रक्रिया में एक अतिरिक्त सुविधा भी दी जाएगी। उन्हें ADEPT प्रवेश परीक्षा से छूट मिलेगी और बैचलर ऑफ डिज़ाइन (बीडेस) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए सीधे इंटरव्यू का अवसर प्रदान किया जाएगा। यह सरल और सुव्यवस्थित प्रक्रिया यूसीईईडीकी विश्वसनीयता को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है, जिससे डिज़ाइन के क्षेत्र में प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान और उन्हें आगे बढ़ाने में मदद मिल सके। वराजसिंह झाला, चीफ फाइनेंस और अकाउंट्स ऑफिसर तथा हेड ऑफिस ऑफ ह्यूमन रिसोर्सेस, ने कहाकि अनंत की दृष्टि के अनुरूप हम प्रतिभा में एक रणनीतिक निवेश कर रहे हैं। 100 फीसदी तक छात्रवृत्ति, जिसमें आवास की सुविधा भी शामिल है, का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश के प्रतिभाशाली छात्र डिज़ाइन को अपने करियर के रूप में चुनें, भविष्य के लिए तैयार पेशेवरों की मजबूत पाइपलाइन बने और इस क्षेत्र में उत्कृष्टता के मानक और ऊंचे हों। विश्वविद्यालय रक्षा कर्मियों के परिवारों के लिए भी एक समर्पित छात्रवृत्ति ढांचा प्रदान करता है, जिसके तहत पात्र छात्रों को 100 फीसदी तक छात्रवृत्ति दी जा सकती है।

ब्लॉसम कोच्चर ने सिग्नेचर एसेंशियल ऑयल्स नए लुक में किया लांच

भोपाल। एरोमाथेरेपी कंपनी ब्लॉसम कोच्चर एरोमा मैजिक ने अपने प्रतिष्ठित एसेंशियल ऑयल्स के संग्रह को एक नए, आकर्षक रूप में फिर से लांच करने की घोषणा की। इस अवसर पर डॉ. ब्लॉसम कोच्चर, संस्थापक और चेयरपर्सन- ब्लॉसम कोच्चर ग्रुप ऑफ कंपनीज, ने भोपाल, में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। उन्होंने न सिर्फ इन एसेंशियल ऑयल्स के महत्व पर प्रकाश डाला, बल्कि दो नए प्रोफेशनल सलून फेशियल किट्स -पेप्टाइड पोशन और विटा बूस्ट को भी प्रस्तुत किया। डॉ. ब्लॉसम कोच्चर ने कहाकि एसेंशियल ऑयल्स पौधों की आत्मा माने जाते हैं। ये पौधों की पत्तियों, फलों, फूलों और बीजों से प्राप्त अत्यधिक सांद्र अणु होते हैं।

विक्रेताओं को 1 हजार रु.से कम वाले उत्पादों पर अमेजन की शून्य रेफरल फीस

भोपाल। अमेजन.इन परमध्य प्रदेश से 70,000 से अधिक सैलर्स रजिस्टर्ड हैं, जहां नए सैलर के रजिस्ट्रेशन में 56 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि के साथ जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। इस तेजी के साथ ही अमेजन ने अपने जीरो रेफरल फीस का कवरेज 10 गुना से अधिक बढ़ा दिया है। साल 2025 में जहां 1.2 करोड़ प्रोडक्ट्स पर जीरो रेफरल फीस ली जाती थी, वहीं इस साल इसे बढ़ाकर 12.5 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स तक कर दिया गया है। जीरो रेफरल फीस का लाभ फैशन, होम, किचन और इलेक्ट्रॉनिक्स एक्सेसरीज जैसी रोजमर्रा की श्रेणियों को मिलता है।

बैंक एवं वित्तीय संस्थानों में आंबेडकर जयंती पर छुट्टी घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत सरकार द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती (14 अप्रैल) के अवसर पर केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। यह निर्णय बाबा साहेब के प्रति सम्मान एवं उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करने की दिशा में स्वागत योग्य कदम है। किंतु उक्त आदेश में बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के संबंध में कोई स्पष्ट निर्देश नहीं दिए गए हैं, जिससे बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस, मध्य प्रदेश के कोऑर्डिनेटर वीके शर्मा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आग्रह किया है कि डॉ. आंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर राज्य के सभी बैंक एवं वित्तीय संस्थानों में भी अवकाश घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय एवं समानता के प्रतीक हैं। उनके सम्मान में बैंकिंग क्षेत्र के कर्मचारियों को भी अवकाश मिलना चाहिए, ताकि वे इस महत्वपूर्ण दिवस को श्रद्धापूर्वक मना सकें। शर्मा ने यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिए जाने से बैंक कर्मचारियों में हर्ष एवं संतोष का वातावरण बनेगा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद
नर्मदापुरम् (म.प्र.)
cmohoshangabad@mpurban.gov.in

क्रमांक /2148 /न.पा. नर्मदापुरम्/2026 नर्मदापुरम्, दिनांक 07/04/26

।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण कार्यालय नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम् लोक निर्माण शाखा से प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत (बिना GST)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट	निविदा की अंतिम तिथि
2026_UAD_497021_1	नगर नर्मदापुरम् में दिव्यांग पार्क सौंदर्गीकरण कार्य।	03 माह 2814472/-	5000/- 21109/-	04/05/2026 (17:30)

नोट - 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम्

चिंतन

महिला आरक्षण : कठिन है डगर मंजिल की

देश की राजनीति में लंबे समय से अटका महिला आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। केंद्र सरकार द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को मंजूरी देने के साथ ही यह उम्मीद जगी है कि भारतीय लोकतंत्र अब आधी आबादी को उसका वाजिब हक देने की दिशा में ठोस कदम बढ़ा रहा है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत लोकसभा की सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करना और उनमें 33 प्रतिशत यानी 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करना निश्चित रूप से ऐतिहासिक पहल कही जा सकती है, लेकिन इसके साथ ही इसके क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत उतनी ही जटिल और चुनौतीपूर्ण नजर आती है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि यह आरक्षण व्यवहार में कैसे लागू होगा। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि किन सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा और यह प्रक्रिया किन मानकों के आधार पर तय होगी। 'वर्टिकल' आरक्षण का मतलब है कि अनुसूचित जाति और जनजाति के कोटे के भीतर भी महिलाओं को हिस्सा मिलेगा, जो सामाजिक न्याय के लिहाज से उचित है, लेकिन सीटों के चयन की प्रक्रिया राजनीतिक विवाद का सबसे बड़ा कारण बन सकती है। हर राजनीतिक दल अपने मजबूत गढ़ को बचाने की कोशिश करेगा और यहीं से टकराव की शुरुआत होगी। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू राज्यों के प्रतिनिधित्व से जुड़ा है। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने और परिसीमन (डिलिमिटेशन) के बाद जनसंख्या के आधार पर सीटों का पुनर्वितरण होगा। इससे छोटे और कम आबादी वाले राज्यों को यह आशंका सताने लगी है कि उनका राजनीतिक वजन घट सकता है। वहीं, बड़े राज्यों में भी आंतरिक असंतोष उभर सकता है, क्योंकि कई मौजूदा सांसदों की सीटें आरक्षित हो जाएंगी। ऐसे में राजनीतिक समीकरणों का संतुलन बिगड़ना तय है। हालांकि, दिलचस्प यह है कि कोई भी राजनीतिक दल खुले तौर पर इस बिल का विरोध करने की स्थिति में नहीं है। महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर विरोध करना राजनीतिक आत्मघात जैसा होगा, लेकिन भारतीय राजनीति के अनुभव बताते हैं कि सहमति के पीछे भी असहमति के रास्ते खोज लिए जाते हैं। यह आशंका निराधार नहीं है कि सीटों के बंटवारे, परिसीमन और लागू करने की समयसीमा जैसे मुद्दों पर राजनीतिक दल अप्रत्यक्ष रूप से अड़ंगे डाल सकते हैं। एक और महत्वपूर्ण चिंता 'प्रॉक्सी राजनीति' की है। पंचायती राज संस्थाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का अनुभव मिश्रित रहा है। कई जगहों पर निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की जगह उनके पति या परिवार के पुरुष सदस्य ही सत्ता का संचालन करते दिखाई दिए। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या संसद और विधानसभाओं में भी 'सांसद पति' या 'विधायक पति' जैसी प्रवृत्ति देखने को मिलेगी? देखा जाए तो पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इससे एक नई पीढ़ी तैयार हो रही है। यह पीढ़ी वास्तविक नेतृत्व की क्षमता रखती है। यदि सही प्रशिक्षण, अवसर और सामाजिक समर्थन मिला, तो यह बदलाव भारतीय राजनीति का चेहरा बदल सकता है। आखिरकार मंजिल भले ही सामने दिख रही हो, लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता आसान नहीं है। यह यात्रा धैर्य, संवाद और दूरदृष्टि की मांग करती है। यदि इन चुनौतियों को सही तरीके से पार किया गया, तो यह कानून भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकता है। वरना यह एक अधूरा सपना बनकर रह जाएगा।

स्थापना दिवस
ओ.पी. चौधरी

भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा का उत्सव

6 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस, केवल एक पार्टी का स्थापना दिवस नहीं, बल्कि उस राष्ट्रवादी विचारधारा का उत्सव है जिसने राष्ट्र प्रथम को राजनीति का केंद्र बनाया। यह यात्रा 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ से शुरू होकर आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक शक्ति भारतीय जनता पार्टी तक पहुंचती है। नरेंद्र मोदी के "राष्ट्र प्रथम" के अटूट संकल्प ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी है। जहां पहले 'एंटी-इन्कम्बेंसी' एक सामान्य प्रवृत्ति मानी जाती थी, वहीं आज 'प्रो-इन्कम्बेंसी' की नई परिभाषा स्थापित हुई है, जहां जनता विकास, सुशासन और विश्वसनीय नेतृत्व के आधार पर बार-बार अपना विश्वास दोहराती है।

भारत की राजनीतिक यात्रा में कुछ ऐसे पड़ाव आते हैं, जो केवल सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि विचार और दिशा परिवर्तन के प्रतीक होते हैं। 6 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस, केवल एक पार्टी का स्थापना दिवस नहीं, बल्कि उस राष्ट्रवादी विचारधारा का उत्सव है जिसने राष्ट्र प्रथम को राजनीति का केंद्र बनाया। यह यात्रा 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ से शुरू होकर आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक शक्ति भारतीय जनता पार्टी तक पहुंचती है। स्वतंत्रता के तुरंत बाद का भारत घावों से भरा था- विभाजन की पीड़ा, विस्थापितों का दर्द और राजनीतिक अनिश्चितता का अंधेरा। उस समय की सत्ताधारी कांग्रेस ने राष्ट्र प्रथम के स्थान पर तुष्टिकरण और एक परिवार की सत्ता को प्राथमिकता दी।

सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे लौहपुरुष जिन्हें पूर्ण बहुमत प्राप्त था, की उपेक्षा इस अलोकतांत्रिक मानसिकता का सबसे बड़ा प्रमाण था। जब राष्ट्रवादी विचारों के लिए कांग्रेस में कोई स्थान नहीं बचा, तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय जनसंघ के रूप में एक ऐसा मंच खड़ा किया जो जाति, पंथ और क्षेत्र से ऊपर उठकर केवल भारत माता की सेवा का व्रत लेता था। जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उन्होंने 23 जून 1953 को अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। वह बलिदान व्यर्थ नहीं गया, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 की समाप्ति के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस अधूरे सपने को पूरा किया और एक संस्थापक की आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। श्यामा प्रसाद के बलिदान के बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने 1951 से 1967 तक महासचिव के रूप में पार्टी को वैचारिक और संगठनात्मक मजबूती दी। उनका 'एकात्म मानववाद' और 'अंत्योदय' का दर्शन-अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति को प्रथम पंक्ति में लाना - जनसंघ की आत्मा बन गया। 1967 के कालीकट अधिवेशन में अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने कहा था कि हम किसी एक वर्ग या समुदाय के नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के सेवक हैं - हर देशवासी हमारे रक्त का अंश है। 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय में उनकी निर्मम हत्या ने देश को एक अनमोल विचारक से वंचित कर दिया। 1970 के दशक में इंदिरा गांधी की सत्ता जैसे-जैसे केंद्रीकृत और निरंकुश होती गई, जनसंघ ने जन-आंदोलन का नेतृत्व संभाला। 25 जून 1975 की वह काली रात जब देश पर आपातकाल थोपा गया - वह तानाशाही की चरम परिणति थी। जनसंघ के सभी शीर्ष नेता गिरफ्तार कर लिए गए। हजारों कार्यकर्ताओं को अमानवीय यातनाओं के बीच जेल की सलाखों के पीछे ठूंस दिया गया। जब सच बोलना अपराध बन गया था, तब जनसंघ और संघ के स्वयंसेवक भूमिगत रहकर देश का सबसे बड़ा सत्याग्रह चला रहे थे। यही वह कसौटी थी जिसने सिद्ध किया कि यह दल सत्ता के लिए नहीं, बल्कि सत्य और राष्ट्र के लिए जीता है।

दो वर्षों के उस अंधकार के बाद, जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर जनसंघ ने अपने अस्तित्व को देश-हित में जनता पार्टी में विलीन कर दिया। 1977 में देश को पहली गैर-कांग्रेसी सरकार मिली। अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री बने और संयुक्त राष्ट्र के उस मंच

पर हिंदी में भाषण देकर उन्होंने पूरे विश्व को चौंका दिया, यह भी राष्ट्रगौरव का एक पाठ था। उस दौर में, जब कांग्रेस हिंदू आस्था और परंपराओं का उपहास करती थी, तब पालमपुर अधिवेशन में भारतीय जनता पार्टी ने राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण को अपने संकल्प के रूप में स्वीकार किया। यह किसी चुनावी रणनीति का हिस्सा नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की गहरी आस्था और श्रद्धा का सम्मान था। इसी बीच, शाहबानो प्रकरण में कांग्रेस द्वारा रातों-रात कानून बदलना तुष्टिकरण की राजनीति का स्पष्ट उदाहरण बना, जबकि भाजपा निरंतर सनातन चेतना के पुनर्जागरण और सांस्कृतिक स्वाभिमान की सशक्त आवाज़ बनकर उभरती रही। 1996 में अटल जी देश के प्रधानमंत्री बने। भले ही वह सरकार 13 दिन में गिर गई, लेकिन 1998 में एनडीए की पूर्ण सरकार बनी और देश ने एक नई राजनीति देखी। तमाम अंतरराष्ट्रीय दबावों की परवाह किए बिना पोखरण परमाणु परीक्षण हुआ। दीनदयाल के अंत्योदय को धरातल पर उतारा गया। उस दौर में जब नौ वर्षों में आठ प्रधानमंत्री बदल चुके थे, अटल जी ने स्थिर सुशासन की राजनीति की नींव रखी। 2004 से 2014 तक देश ने देखा कि जब राष्ट्र के बजाय परिवार को प्राथमिकता दी जाती है तो क्या होता है। 2जी, कोलगेट, कॉमनवेल्थ खेल घोटाला - भ्रष्टाचार की यह फेहरिस्त लंबी थी। रिमोट कंट्रोल से चलती सरकार ने देश को ₹फ्रैजाइल फाइव₹ अर्थव्यवस्थाओं में ला खड़ा किया। 26/11 के बाद भी ₹भगवा आतंकवाद₹ का झूठा नैरेटिव गढ़ा गया। प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को ही न्यायालय में काल्पनिक बताया गया। यह वह दौर था जब देश को गहरे आत्मविश्वास और दिशा की ज़रूरत थी।उसी दौर मैं गुजरात में एक चायवाले ने सिद्ध कर दिखाया, कि विकास की राजनीति उस प्रदेश को कहा तक लेजा सकती है । भूकंप-पीड़ित भुज का पुनर्निर्माण हो, 24×7 बिजली आपूर्ति हो या टाटा नैनो को 15 दिन में ज़मीन देना - ₹गुजरात मॉडल₹ की गूँज पूरे देश में थी। 2014 में जनता ने 31.5% वोट शेयर और 282 सीटें देकर ₹विकास की राजनीति₹ को ऐतिहासिक जनादेश दिया। भ्रष्टाचार-मुक्त शासन, अंत्योदय और राष्ट्रगौरव - यही वह त्रिभुज था जिसने नरेंद्र मोदी को देश की पहली पसंद बनाया।आज भारत ₹फ्रैजाइल फाइव₹ से उठकर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तीसरे स्थान की ओर तेज़ी से अग्रसर है। हाल ही में हमने स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर हमारा संकल्प और भी दृढ़ होता है कि भारतीय जनता पार्टी केवल चुनावी जीत तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण के महान उद्देश्य के लिए समर्पित है। यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ती रहेगी-एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में। आज भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। जो वादे पहले चुनावी घोषणापत्र तक सीमित रह जाते थे, उन्हें नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धरातल पर उतारा गया। "मोदी की गारंटी" केवल एक नारा नहीं, बल्कि विश्वास का प्रतीक बन चुकी है। चाहे वह अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का संकल्प हो या अनुच्छेद 370 को हटाने जैसा ऐतिहासिक निर्णय, भाजपा ने अपने हर वादे को पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दिखाई है। नरेंद्र मोदी के "राष्ट्र प्रथम" के अटूट संकल्प ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी है। जहां पहले 'एंटी-इन्कम्बेंसी' एक सामान्य प्रवृत्ति मानी जाती थी, वहीं आज 'प्रो-इन्कम्बेंसी' की नई परिभाषा स्थापित हुई है, जहां जनता विकास, सुशासन और विश्वसनीय नेतृत्व के आधार पर बार-बार अपना विश्वास दोहराती है। इसी विश्वास, इसी संकल्प और इसी राष्ट्रनिष्ठा के साथ भारतीय जनता पार्टी आगे भी राष्ट्र निर्माण के इस पथ पर निरंतर अग्रसर रहेगी।

(लेखक छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सीजफायर
डॉ. घनश्याम बादल

जारी कोहराम, यह कैसा युद्ध विराम

जैसी आशंका थी खाड़ी युद्ध में सीजफायर की घोषणा की, चंद घंटे बाद ही उसकी हवा निकल गई और इजराइल ने लेबनान पर युद्ध विराम की बात मानने से साफ इनकार करते करते हुए वहां भीषण हमले शुरू कर दिए हैं। उधर ईरान ने भी होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर अंगूठा दिखा दिया है तो ट्रंप एक बार फिर धमकाने पर उतर आए हैं। ऐसे में 10 अप्रैल को होने वाली बैठक पर भी संकट के बदले मंडराते दिख रहे हैं। 40 दिन के भीषण युद्ध, बारूद की बारिश, ईरान की सर्वोच्च लीडरशिप का खात्मा और बाद के दो दिनों में उसके इंफ्रास्ट्रक्चर की तबाही के बाद भी अमेरिका को कुछ हासिल नहीं हुआ और उसके बड़बोले राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान की दृढ़ता, अपनी राष्ट्रीय अस्मिता के प्रति समर्पण और उसकी तेल शक्ति तथा हथियारों की छिपी हुई ताकत के बल पर घुटनों के बल आना पड़ा और जैसे-तैसे चीन की मदद से इस युद्ध में सीज फायर करना पड़ा। मध्य-पूर्व की बारूदी ज़मीन पर अमेरिका और ईरान के बीच घोषित दो हफ्तों का "सीजफायर" पहली नजर में शांति का संकेत लगा था लेकिन गहराई में जाएं तो यह अधिक एक रणनीतिक विराम प्रतीत होता है। ऐसा विराम जिसमें दोनों पक्ष अपनी थकी हुई सैन्य और कूटनीतिक ताकतों को पुनर्गठित कर रहे हैं। यह ठहराव उस संघर्ष की जड़ों को नहीं मिटाता, जो दशकों से अविश्वास, वैचारिक टकराव और क्षेत्रीय प्रभुत्व की होड़ में उलझा हुआ है। इस टकराव के मूल कारणों में 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से अमेरिका और ईरान के बीच चली आ रही वैचारिक शत्रुता प्रमुख है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम, पश्चिम एशिया में उसका बढ़ता प्रभाव और इजराइल के प्रति उसका कड़ा रुख, ये सभी कारक अमेरिका की आक्रामक नीति के आधार रहे हैं। वहीं, अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों ने ईरान को आर्थिक रूप से तो कमजोर किया ही, साथ ही उसे क्षेत्रीय स्तर पर अधिक आक्रामक और आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया। शांति प्रस्तावों की बात करें तो अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर नियंत्रण, क्षेत्रीय मिलिशिया समूहों पर लगाम और इजराइल की सुरक्षा की गारंटी को प्रमुख शर्तों के रूप में रखा है। इसके बदले में आर्थिक प्रतिबंधों में ढील का प्रस्ताव दिया गया है। दूसरी ओर, ईरान ने अपने संप्रभु अधिकारों की रक्षा करते हुए सभी प्रतिबंधों को हटाने, क्षेत्रीय मामलों में अमेरिकी हस्तक्षेप बंद करने और सुरक्षा आश्वासन की मांग की है। इन परस्पर विरोधी मांगों के बीच भरोसे की कमी ही सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। इस पूरे परिदृश्य में चीन की भूमिका खास तौर पर उभरकर सामने आई है। चीन ने खुद को एक संतुलित और जिम्मेदार मध्यस्थ के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की है। ऊर्जा जरूरतों के चलते ईरान के साथ उसके मजबूत संबंध हैं, वहीं अमेरिका के साथ प्रत्यक्ष टकराव से बचते हुए वह कूटनीतिक लाभ उठा रहा है। यह संकट चीन के लिए वैश्विक नेतृत्व की छवि गढ़ने का अवसर बन गया है। पाकिस्तान भी इस घटनाक्रम में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की कोशिश करता दिखा। उसने एक ओर अमेरिका के साथ पुराने रिश्तों को फिर से सक्रिय करने का प्रयास किया, तो दूसरी ओर इस्लामिक देशों के मंच पर ईरान के प्रति सहानुभूति जताकर संतुलन साधने की कोशिश की। यह दोहरी रणनीति क्षेत्रीय समीकरणों को और जटिल बनाती है। भारत के लिए यह स्थिति एक कठिन कूटनीतिक परीक्षा है। एक ओर अमेरिका के साथ उसके गहरे संबंध हैं, वहीं दूसरी ओर ईरान भारत की ऊर्जा सुरक्षा और चाबहार परियोजना के लिहाज से महत्वपूर्ण साझेदार है, लेकिन इस पूरे संकट में भारत की भूमिका लगभग निष्क्रिय नजर आई,जहां उसने केवल सामान्य बयान जारी कर शांति और संवाद की अपील की है, लेकिन किसी ठोस मध्यस्थता या पहल की कोशिश नहीं की। यह निष्क्रियता भारत की अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक छवि पर सवाल खड़े करती है। यदि भारत अपनी कूटनीतिक निष्क्रियता से बाहर निकलकर सक्रिय भूमिका नहीं निभाएगा, तो वह वैश्विक शक्ति संतुलन में महत्वपूर्ण अवसर खो देगा। जिस भारत को "वैश्विक दक्षिण" का नेता और उभरती हुई महाशक्ति के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, उससे अपेक्षा थी कि वह इस संकट में एक सक्रिय, संतुलित और प्रभावी भूमिका निभाएगा। भारत का सीमित और सतर्क रुख यह संकेत देता है कि वह जोखिम लेने से बचता रहा। यह दो हफ्तों का सीजफायर शांति का स्थायी समाधान नहीं, बल्कि एक अस्थायी ठहराव है, एक ऐसा ठहराव जो आने वाले समय में और बड़े टकराव की भूमिका भी बन सकता है। भारत के लिए यह समय केवल देखने और प्रतीक्षा करने का नहीं, बल्कि अपनी कूटनीतिक क्षमता को साबित करने का है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

एक सप्ताह अपने लिए निकालें

संकलित
दर्शन

श्वास और मन पर ध्यान देने से हमारा प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) मजबूत होता है। यदि आप शिशुओं को देखें, तो पाएंगे कि वे अत्यंत संतुलित तरीके से श्वास लेते हैं। वे पूरे शरीर से श्वास लेते हैं-जब वे श्वास अंदर लेते हैं, तो पेट बाहर आता है, और जब श्वास छोड़ते हैं, तो पेट भीतर चला जाता है। पर जैसे-जैसे हम तनावग्रस्त होते हैं, यह प्रक्रिया उल्टी हो जाती है। ऐसी बातें कोई सिखाता नहीं, बस सजगता चाहिए। पर हमारा मन इतना व्यस्त, विचारों, निर्णयों और प्रतिक्रियाओं से भरा होता है कि हम प्रकृति की इन सूक्ष्म बातों को देख ही नहीं पाते। इसलिए साल में एक बार, एक सप्ताह अपने लिए निकालें, जैसे आप कार की सर्विसिंग कराते हैं। उस समय प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहें, सूर्योदय के साथ उठें, हल्का और आवश्यक मात्रा में भोजन करें, व्यायाम करें, योग, प्राणायाम, कुछ समय मौन रखें और प्रकृति का आनंद लें। जब हम प्रकृति से जुड़ते हैं, तो हमारी पूरी प्रणाली पुनर्जीवित हो जाती है। हम ऊर्जावान, उत्साही और प्रफुल्लित अनुभव करते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण है- जीवन में अधिक प्रसन्न रहना। चीजों को बहुत गंभीरता से न लें। थोड़ा सा आत्मज्ञान, अपने मन, चेतना और भ्रमों के मूल को समझना हमें जीवन को सुंदर बनाने में मदद करता है। हर व्यक्ति में सभी सद्गुण पहले से विद्यमान हैं, बस अज्ञानता की परतों से ढके हैं। हमें केवल उन्हें हटाना है और भीतर छिपे उन गुणों को प्रकट होने देना है।

ईर्ष्यालु किसी को सुखी-संपन्न नहीं देख सकता



संकलित
प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है।

सटाका

आज की पाती

देश के कई जिलों को पीएनजी से जोड़ा जाए

भारत सरकार के सबसे बड़े उपक्रम, गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा एक अनुमान के तहत देश में 16,000 किलोमीटर से अधिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, गेल द्वारा 2,000 किलोमीटर से अधिक एलपीजी गैस पाइपलाइन का भी संचालन किया जाता है। गेल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से देश के 22 राज्यों के लगभग 90 से अधिक जिलों में गैस पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, जिसके जरिए सीएनजी, एलपीजी तथा कुछ जिलों में पीएनजी गैस की आपूर्ति भी की जा रही है। यदि भारत सरकार उन राज्यों के जिलों में, जहां से गैस पाइपलाइन गुजरती है, राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला एवं तहसील मुख्यालयों को पाइपयुक्त प्राकृतिक गैस (पीएनजी) से जोड़ने की दिशा में ठोस पहल करे तो आमजन को राहत मिलेगी। *- वीरेंद्र, हिसार*

ट्रेंड

अनाज उत्पादक संकट में

ममता दीदी के कुशासन में खेत बंजर पड़े हैं और अनाज उत्पादक संकट में हैं। यहां किसानों को आलू मिट्टी के दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। मैं स्वयं खेतों तक पहुँचा, किसानों से मिला और उनकी आँखों में चिंता स्पष्ट झलक रही थी।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

चौधरी के निधन से दुःख

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद ए.एच. खान चौधरी के निधन से मुझे गहरा दुःख हुआ है। उन्होंने शांत स्वभाव, विनम्रता और अटूट प्रतिबद्धता के साथ अपना जीवन मालदा और पश्चिम बंगाल की जनता की सेवा में समर्पित कर दिया।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

महिलाओं के अधिकार

2047 तक विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश की महिला शक्ति को उनके पूर्ण अधिकार और सम्मान प्राप्त होंगे। आइए, राजनीति में महिलाओं की 33% भागीदारी सुनिश्चित करें और एक नए भारत की नींव रखें।
- अरुण गोविल, सांसद, भाजपा

विभाजनकारी नीतियां

भाजपा के सहयोगियों और समर्थकों की विभाजनकारी नीतियां अपने ही देश की जनता में भय पैदा करती हैं और उन्हें आपस में लड़ाती हैं। ये साम्राज्यवादी "बांटो और राज करो" मानसिकता के वैचारिक उत्तराधिकारी हैं।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

करंट अफेयर

ईरान युद्ध से वैश्विक खाद्य कीमतों में वृद्धि का खतरा



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में जो सबसे बड़ा व्यवधान पैदा किया है, उससे खाद्य कीमतों और खाद्य सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा। तीनों संस्थाओं के प्रमुखों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि बढ़ती खाद्य कीमतों का सबसे अधिक भार दुनिया की कमजोर आबादी पर पड़ेगा। उन्होंने कहा, तेल, गैस और उर्वरक की कीमतों में तेज़ वृद्धि, साथ ही परिवहन बाधाओं के कारण, खाद्य कीमतों और खाद्य असुरक्षा में वृद्धि अवश्य होगी। संस्थाओं ने कहा कि वे इस स्थिति की गहन निगरानी करेंगे और संकट से प्रभावित लोगों का समर्थन करने के लिए उपलब्ध सभी संसाधनों का समन्वय करेंगे। बयान में यह भी कहा गया कि विशेष रूप से कम आय वाले और आयात-निर्भर देशों में, ईंधन और खाद्य कीमतों में वृद्धि सरकारों की सीमित वित्तीय क्षमता के कारण कमजोर घरों पर सबसे अधिक प्रभाव डालेगी। तीनों संस्थाओं ने आश्वासन दिया कि वे जीवन और आजीविका की रक्षा, और स्थिरता, विकास और रोजगार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दीर्घकालिक पुनर्प्राप्ति के लिए समर्थन जारी रखेंगी।

ऑफ बीट

भेड़ों से अधिक बुद्धिमान साबित हुई हैं बकरियां



जब हम बुद्धिमान पशुओं के बारे में सोचते हैं तो आमतौर पर भेड़-बकरी जैसे जानवर हमारे जेहन में सबसे पहले नहीं आते। हमारे जेहन में चिंपांजी, आरंगुटान, कैपुचिन्स जैसे पशु या कौए जैसा पक्षी आता है। लेकिन मेरे शोध में पता चला है कि भेड़, बकरियां और अल्पाका जैसे पशु भी कम अक्लमंद नहीं होते। दो अलग-अलग अध्ययनों में, मैंने पता लगाया कि ये जानवर कैसे सीखते हैं, याद रखते हैं और अपने आस-पास की दुनिया को कैसे समझते हैं। निष्कर्षों से न केवल यह पता चलता है कि हमने उनकी सोचने-समझने क्षमताओं को कम करके आंका है, बल्कि जानकारी भी मिली कि इन पशुओं के बीच भी महत्वपूर्ण अंतर हैं। तीनों पशुओं में से बकरियां शीर्ष पर रहीं और उन्होंने याददाश्त व समस्या के समाधान के मामले में भेड़ों और अल्पाकाओं दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया। प्रारंभिक अध्ययन भोजन जैसी किसी महत्वपूर्ण चीज के स्थान को याद रखने की क्षमता पर केंद्रित था। जंगल में, यह जीवित रहने का एक महत्वपूर्ण कौशल है। जानवरों को यह याद रखने की जरूरत होती है कि उन्हें पानी, भोजन या आश्रय कहां मिलेगा। मैंने एक सरल प्रयोग किया। प्रत्येक जानवर को एक छोटे से क्षेत्र में कई बाल्टियों में से एक में छिपा हुआ भोजन ढूंढना था।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

प्यार, तकरार और दोस्ती का संगम-सिबलिंग्स का अनमोल रिश्ता

अंतरराष्ट्रीय सिबलिंग्स-डे

1 अंतरराष्ट्रीय सिबलिंग्स-डे पर राजधानी के भाई बहन जोड़ी से खास बातचीत

2 एक-दूसरे का ख्याल रखते हैं और साथ निभाने का भरोसा भी देते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कभी लड़ाई, कभी मनमुटाव, तो कभी बिना कहे समझ जाने वाला साथ, भाई-बहन का रिश्ता सिर्फ खून का नहीं, बल्कि दिल से दिल तक जुड़ा होता है। इस रिश्ते में जहां प्यार है, वहीं तकरार भी है, लेकिन उस तकरार में भी स्नेह छिपा रहता है। अंतरराष्ट्रीय सिबलिंग्स-डे के अवसर पर हरिभूमि ने शहर के कुछ ऐसे सिबलिंग्स को तलाशा, जिनका रिश्ता सिर्फ भाई-बहन का ही नहीं, बल्कि सच्ची दोस्ती का भी है। ये एक-दूसरे का ख्याल रखते हैं और हर मोड़ पर साथ निभाने का भरोसा भी देते हैं।

अपनी पॉकेट मनी से बहन के लिए लाता है बर्थ-डे गिफ्ट

सलैया स्थित एक निजी कॉलोनी में रहने वाले 14 वर्षीय अरनव राठौर और 8 वर्षीय माही राठौर की जोड़ी भी बेहतरीन सिबलिंग्स में शामिल है। अरनव कहते हैं कि वह अपनी बहन से बेहद प्यार करते हैं और हर समय उसका ख्याल रखने की कोशिश करते हैं। वहीं नन्ही माही बताती हैं कि अरनव भाई उन्हें बिल्कुल माता-पिता की तरह प्यार करते हैं। जब कभी माता-पिता सुबह से शाम तक बाहर रहते हैं, तब भाई उन्हें खाना खिलाने से लेकर उनकी हर छोटी-बड़ी जरूरत का ध्यान रखते हैं। माही हंसते हुए कहती हैं कि वह काफी डिमांडिंग हैं, कभी मैगी तो कभी ऑनलाइन फूड की फरमाइश करती हैं और भाई उनकी हर इच्छा को पूरी करता है। खास बात यह है कि उनके जन्मदिन पर अरनव अपनी पॉकेट मनी बचाकर उनके लिए खास गिफ्ट भी लाते हैं।

भाई के दूर जाने पर समझ आई उसकी अहमियत

कोलार निवासी खुशी और हर्ष शर्मा का रिश्ता भी बेहद खास है। खुशी बताती हैं कि जब उनका छोटा भाई हर्ष उच्च शिक्षा के लिए अहमदाबाद जा रहा था, तब उनकी आंखें नम हो गई थीं। उन्होंने कहा कि उसके जाने के बाद कुछ समय तक मैं काफी भावुक और अस्वस्थ भी रहीं। वह कहती हैं कि उस दूरी ने मुझे एहसास दिलाया कि मेरा भाई मेरे लिए क्या महत्व रखता है। खुशी ने कहा कि हम दोनों सिर्फ भाई-बहन ही नहीं, बल्कि बहुत अच्छे दोस्त भी हैं। दिनभर की बातें साझा किए बिना हमें नींद नहीं आती थी।

पांच मिनट में सुलझ जाती है हर नोक-झोंक

होशंगाबाद रोड स्थित श्रीराम कॉलोनी में रहने वाले रीतिका चौहान और प्रियांश चौहान खुद को भाई-बहन से ज्यादा दोस्त मानते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ घूमना-फिरना भी दोनों साथ ही पसंद करते हैं। प्रियांश बताते हैं कि बड़े भाई होने के नाते मैं अपनी बहन को सही विषय चुनने, सही दिशा में आगे बढ़ने और अच्छे दोस्तों का चुनाव करने की सलाह देते हैं। वहीं रीतिका भी अपने दिनभर की हर बात उनसे साझा करती हैं। दोनों के बीच कभी-कभी छोटी-मोटी नोक-झोंक होती है, लेकिन वह भी कुछ ही मिनटों में खत्म हो जाती है।

ब्राइडल रैंप शो में नजर आई पारंपरिक खूबसूरती की झलक

सुभाष भवन में हुआ ब्यूटी कार्निवल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सौंदर्य, सृजन और आत्मविश्वास की चमक से सराबोर गुरुवार का दिन मालवीय नगर स्थित सुभाष यादव भवन में विशेष बन गया, जब यहां ब्यूटी कार्निवल और मास्टर क्लास का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों की लगभग 300 से अधिक ब्यूटी एवं फैशन क्षेत्र से जुड़ी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया।

लगभग 300 से अधिक प्रतिभागियों ने कौशल का प्रदर्शन किया

इस अवसर पर फिल्म अभिनेत्री सुहासी धामी, लाइव स्टेज आर्टिस्ट फिजा खान, एक्सिलेंसी टाइम एंटरटेनमेंट के प्रबंध निदेशक हरिओम जटिया, संजना मोटवानी सहित कई विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही।

ब्यूटी इंडस्ट्री के नवीनतम ट्रेंड्स के सिखाए गुर

मास्टर क्लास के दौरान मेकअप आर्टिस्ट अनुराग राय ने ब्यूटी इंडस्ट्री के नवीनतम ट्रेंड्स, मेकअप तकनीकों और प्रोफेशनल ग्रूमिंग के गुर साझा किए, जिससे प्रतिभागियों को व्यावसायिक रूप से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर सुहासी धामी ने कहा भोपाल पहले भी आना हुआ है लेकिन आज मुझे अवसर मिला है महाकाल के दर्शन का, मै खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं।

सुभाष स्कूल में यूएनएफपीए के आयोजित कार्यक्रम में आईं अभिनेत्री कृति सैनन ने कहा

कई बार ऑडिशन में हुई रिजेक्ट, पर रिजेक्शन से सबक लेकर मां ने आगे बढ़ने की दी सीख...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेरी मां ने हमेशा मुझे एक चीज समझाई है कि 'समानता' आपका मौलिक अधिकार है और इसी समानता के साथ आपको जीना है। मैंने अपने जीवन में इसी समानता को आधार बनाया और अपने जीवन में लक्ष्यों को हासिल किया। बीटेक करने के बाद मुझे लगा कि मुझे फिल्म इंडस्ट्री में जाना है, जिसमें मेरी मां ने मेरा पूरा सपोर्ट किया, उन्होंने कहा कि लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में मेरी राह इतनी आसान नहीं थी। काफी संघर्ष था, कई बार ऑडिशन में मुझे मना कर दिया जाता या रिजेक्ट कर दिया जाता तो मैं काफी रो-रो कर आती थी, लेकिन तब मेरी मां ने मुझे संभाला और कहा कि आपको प्रयास करते रहना चाहिए, क्योंकि सफलता तभी मिलती है जब आप कोशिश करते रहोगे और मां की यही सीख मेरे जीवन में काम आई और आज मैं जो भी हूं अपनी मां की इसी सीख की वजह से हूं... यह कहना है फेमस एक्ट्रेस कृति सैनन का, जो गुरुवार को शासकीय सुभाष स्कूल में यूएनएफपीए (यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आईं और स्कूल के बच्चों को उन्होंने समानता के साथ जीने की सीख दी। इस अवसर पर कृति ने छात्रों, महिला जनप्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात भी की।

स्कूली बच्चों को समानता की सीख देने के साथ इंजॉय करते फेमस एक्ट्रेस कृति सैनन।

बच्चों को दी समानता की सीख

इस अवसर पर कृति ने बच्चों के साथ मुलाकात कर उन्हें समानता की सीख देने के साथ यूएनएफपीए के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को किशोरावस्था की समस्या के बारे में बताया गया तो वहीं लड़कों और लड़कियों के बीच समानता को लेकर भी अच्छी सीख दी गई कि आज समाज में महिला और पुरुष दोनों समानता के साथ कार्य कर रहे हैं, फिर आधुनिकता के इस दौर में कामों में स्त्री पुरुष का भेद करना गलत है।

लाइफ-स्किल्स एजुकेशन कार्यक्रम पर की चर्चा

सरकारी सुभाष एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल में कृति सैनन ने लाइफ-स्किल्स एजुकेशन कार्यक्रम देखा। यह कार्यक्रम किशोरों को स्वास्थ्य, रिश्तों, सही निर्णय लेने और मानसिक स्वास्थ्य जैसे जरूरी विषयों पर समझ देता है। इसमें उज्ज्वल मॉड्यूल भी शामिल है, जो लड़कों और युवाओं को सम्मान और समानता की सीख देता है। इसके बाद कृति सैनन ने मध्य प्रदेश पुलिस के महिला थाने का दौरा किया। यहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों से बातचीत की और जेंडर आधारित हिंसा से निपटने और समुदाय के साथ मिलकर काम करने के तरीकों पर चर्चा की।

सुभाष स्कूल की बच्ची को दुलारती कृति।

लाइफ-स्किल्स एजुकेशन कार्यक्रम देखती कृति सैनन।

स्कूल में पुलिस और बच्चों के साथ कृति।

फ्रेंच फिल्म सारा बर्नहार्ड ला डिवाइन का प्रदर्शन आज

भोपाल। फ्रेंच बायोग्राफिकल फिल्म सारा बर्नहार्ड, ला डिवाइन (द डिवाइन सारा बर्नहार्ड) का विशेष प्रदर्शन शुक्रवार, 10 अप्रैल को शाम 6.30 बजे आलियांस फ्रांसेज में किया जाएगा। यह प्रदर्शन सिने क्लासिक और आलियांस फ्रांसेज के द्वारा होगा, जिसका उद्देश्य शहर में सार्थक विश्व सिनेमा को बढ़ावा देना है। यह फिल्म महान फ्रेंच रंगमंच अभिनेत्री सारा बर्नहार्ड के असाधारण जीवन पर आधारित है, जिन्हें आज भी विश्व रंगमंच की एक दिग्गज हस्ती और शुरूआती वैश्विक सेलिब्रिटी के रूप में याद किया जाता है। यह किरदार एक ऐसी कलाकार की कहानी प्रस्तुत करता है, जो अपने समय से आगे थी। साहसी, स्वतंत्र और परंपराओं को चुनौती देने वाली। ला डिवाइन के नाम से प्रसिद्ध सारा बर्नहार्ड का जीवन कला, वैभव, प्रेम और विवादों से भरा हुआ था। यह फिल्म उनके जीवन को भव्यता और संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करती है।

गौहर महल में दस दिन तक चलने वाले बाग उत्सव का शुभारंभ आज

भोपाल। परंपरा, रंग और शिल्प की जीवंत विरासत को संजोए 'बाग उत्सव 2026' का शुभारंभ शुक्रवार को गौहर महल में होगा। यह उत्सव बाग प्रिंट के जनक इस्माइल सुलेमान खत्री की स्मृति को समर्पित है, जिनकी कला ने देश-विदेश में बाग प्रिंट को विशिष्ट पहचान दिलाई।

19 अप्रैल तक चलने वाले इस उत्सव में कला प्रेमियों के लिए पारंपरिक शिल्प और आधुनिक सौंदर्य का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक चलने वाले इस उत्सव में बाग प्रिंट की सूट, साड़ियां और बेडशीट की नई डिजाइनों को प्रदर्शित किया जाएगा। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पी उमर फारूक खत्री ने बताया कि बाग प्रिंट केवल कपड़े पर छपाई नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। उत्सव की विशेषता यह है कि यहां प्रदर्शित प्रत्येक उत्पाद में कारीगरों की वर्षों की साधना, परंपरागत तकनीक और प्राकृतिक रंगों की खूबसूरती झलकती है।

मारधाड़ के एक सीन के लिए हीरो पृथ्वीराज शेट्टी अपनी टीम के साथ रातभर जागे और शूट किया

मानसरोवर कॉम्पलेक्स के सामने पूरी रात चलता रहा लाइट, कैमरा, एक्शन...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में इन दिनों एक तेलगू फिल्म की शूटिंग की जा रही है। बुधवार-गुरुवार की रात एमपी नगर स्थित मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के सामने फिल्म ऋषि एंड जॉय का सेटअप लगा नजर आया। दो वैनिटी वैन के साथ काफी गाड़ियां और करीब 70 लोगों की टीम के साथ पूरा सेटअप देख लोगों की भीड़ फिल्म की शूटिंग देखने के लिए उमड़ पड़ी। फिल्म का प्लॉट एक लव स्टोरी का है, जो एक ऐसे कपल का है जो तमाम कठिनाइयों के बावजूद एक दूसरे का साथ पाने में सफल होते हैं। पारिवारिक दृश्यों से भरपूर इस फिल्म का दृश्य जो मानसरोवर कॉम्पलेक्स के सामने फिल्माया गया, उसमें कुछ गुंडे एक लड़की को छेड़ रहे थे, तभी वहां से फिल्म का हीरो यानि पृथ्वीराज शेट्टी गुजरा और उसने गुंडों से मारपीट कर लड़की को बचाया हैं। इस सीन को शूट करने में टीम पूरी रात जागी और मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के सामने चहल-पहल बनी रही।

एमपी नगर के मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के सामने शूटिंग में व्यस्त टीम।

एमपीटी और सरकार का फुल सपोर्ट

पृथ्वीराज शेट्टी फिल्म के हीरो

अजय ने बताया मैंने करीब 150 फिल्मों में बतौर लाइन प्रोड्यूसर काम कर चुका हूं। उन्होंने कहा फिल्म कंपनियों को मप्र सरकार और एमपी टूरिज्म पूरी तरह सपोर्ट करता है और यही वजह है कि आज न केवल बॉलीवुड बल्कि टॉलीवुड भी मप्र की ओर आकर्षित हैं। उन्होंने बताया कि भोपाल में करीब 300 फिल्म तो रिकॉर्ड में हैं जो यहां बन चुकी हैं और पर्दे पर प्रदर्शित भी हो चुकी हैं। वहीं 700 फिल्मों की शूटिंग अनरिकॉर्ड हैं, जो अभी डब्बों में बंद पड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया मप्र में फिल्म बनाने पर न केवल पूरी सुविधा मिलती है बल्कि यहां काफी सब्सिडी भी मिलती है, इसलिए फिल्म इंडस्ट्रीज के लोग भोपाल में ज्यादा शूटिंग करते हैं।

भोपाल में 45 दिन की शूटिंग...

फिल्म के लाइन प्रोड्यसर अजय कबीर ने हरिभूमि को बताया कि यह एक तेलगू फिल्म है। फिल्म की डायरेक्टर और राइटर जेनिफर एलफेंजो उर्फ जेनी हैं और हीरो पृथ्वीराज शेट्टी, वहीं फिल्म की हीरोइन खुशबू चोपड़ा हैं तो अन्य किरदारों में संजय स्वरूप, इशिता त्रिवेदी भी अहम रोल में नजर आने वाले हैं। भोपाल में 45 दिन की शूटिंग है। बीते रोज कैरवा डैम रोड पर कुछ सीन शूट किए थे और आज यहां पहुंचे हैं और कल अटल पथ पर शूटिंग करेंगे।

डायरेक्टर्स कट....

फिल्म की डायरेक्टर जेनिफर एलफेंजो उर्फ जेनी ने बताया कि मैं इस फिल्म की राइटर और डायरेक्टर हूं। मुझे भोपाल में आकर काम करने में काफी आनंद आ रहा है। यहां के प्लेस और सरकार के साथ स्थानीय प्रशासन का हमें काफी सपोर्ट मिला है। हमें यहां फिल्म की शूटिंग में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हुई है। भोपाल में बहुत ही सुंदर प्लेस हैं, जहां फिल्म की शूटिंग करना एक अच्छा अनुभव होने के साथ ही आसान भी है।

तीन दिनी आनंदम सहयोगी रिफ्रेशर कार्यशाला का समापन मानव मूल्यों पर आधारित अल्पविराम टूल्स का कराया गया अभ्यास

आत्मचिंतन और सकारात्मक सोच विकसित करने के तरीके सिखाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार के राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग द्वारा वाल्मी परिसर में आयोजित तीन दिवसीय आनंदम सहयोगी रिफ्रेशर कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यशाला में कुल 58 प्रतिभागियों ने भाग लेते हुए विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षक डॉ. अमित मुखर्जी, दिलीप पटेल एवं अर्चना दुबे ने मानव मूल्यों पर आधारित 'अल्पविराम' के विभिन्न टूल्स का व्यावहारिक अभ्यास कराया। इन सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को आत्मचिंतन, व्यवहार सुधार और सकारात्मक सोच विकसित करने के तरीके सिखाए गए।

कार्यशाला का यह उद्देश्य

मानव मूल्यों की समझ विकसित करना और सहयोगियों को समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए सक्षम बनाना रहा। प्रतिभागियों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक और जीवन में बदलाव लाने वाला अनुभव बताया।

भाजपा अध्यक्ष ने पश्चिम बंगाल के उत्तर मालदा में विशाल जनसभा को संबोधित किया

टीएमसी की सरकार ने बंगाल को टोलाबाजी के साथ तुष्टीकरण, माफियागीरी का केंद्र बना दिया

कहा- पहले पश्चिम बंगाल पर कांग्रेस का ग्रहण लगा, फिर लेफ्ट का ग्रहण लगा और अब टीएमसी के सिंडिकेट ने भी बंगाल की विरासत और संस्कृति पर ग्रहण लगाने का कार्य किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर मालदा में स्पोर्ट्स क्लब मीटिंग और चाकुलिया में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और बंगाल से तृणमूल कांग्रेस को जड़ से हटाकर भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। नबीन ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने तय कर लिया है कि इस बार कमल खिला के रहेंगे और इस अराजकता और अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। यह चुनाव स्पष्ट रूप से दो पक्षों के बीच है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने बंगाल को टोलाबाजी, तुष्टीकरण, माफियागीरी, महिलाओं पर अत्याचार, करप्शन और कट मनी का केंद्र बना दिया है, और इसे समाप्त किए बिना पश्चिम बंगाल को विकसित नहीं बनाया जा सकता।

नबीन ने कहा कि एक ओर भय, भ्रष्टाचार, अराजकता और महाजंगल राज वाली सरकार है, और दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी है, जिस पर देशभर के

लोगों का भरोसा है। कार्यक्रम में सांसद खगेंद्र मुर्मू, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सांसद कार्तिक चंद्र पाल, बिहार सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल, प्रदेश महामंत्री विजय गोस्वामी, चाकुलिया से भाजपा प्रत्याशी मनोज जैन, गोलपोखर से प्रत्याशी सुरजीत विश्वास, इस्लामपुर से प्रत्याशी चित्रजीत राय सहित अन्य पदाधिकारी व नेतागण उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पहले पश्चिम बंगाल पर कांग्रेस का ग्रहण लगा, फिर लेफ्ट का ग्रहण लगा और अब टीएमसी के लोगों ने भी बंगाल की विरासत और संस्कृति पर ग्रहण लगाने का कार्य किया। ममता बनर्जी की सरकार में लगा ग्रहण, सबसे बड़ा ग्रहण है।

पश्चिम बंगाल की जनता को इस ग्रहण को समाप्त करना है। भाजपा की सरकार बनानी है, जहां हर गरीब के चेहरे पर खुशहाली हो, माताएं और बहनें सुरक्षित हों, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर हों, शिक्षा को बढ़ावा मिले और राज्य का उद्योग नए संकल्प के साथ आगे बढ़ सके।

केंद्र सरकार नारी वंदन योजना के तहत लोकसभा विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण देगी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 16, 17, 18 अप्रैल को विशेष सत्र बुला रहे हैं। इस सत्र में सरकार, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम करेगी। आज माताएं और बहनें अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार और समाज दोनों को संभाल रही हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में सरकार उनकी चिंता नहीं करती। राज्य सरकार कुछ राशि जरूर देती है, लेकिन भाजपा सरकार उससे अधिक सहयोग के साथ सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान भी सुनिश्चित करेगी।

नबीन ने कहा कि जब हम यहां के लोगों के अधिकारों की बात करते हैं, तो हमें 'बाहरी' कहा जाता है, 'ए पार, ओ पार' की राजनीति की जाती है। हम तो 'ए पार' के हैं जो पश्चिम बंगाल के लोगों की चिंता करते हैं, लेकिन ममता बेनर्जी की सरकार 'ओ पार' के बाहरी लोगों को यहां बसाकर बंगाल की जनता के अधिकारों पर डाका डाल रही है। क्लब हाउस, सृजन और नई प्रतिभाओं को अवसर देने का प्रतीक है, हम इसे वसूली का केंद्र नहीं बनने देंगे।

इस केंद्र से माफियाओं को शासन नहीं चलाने देंगे। मुझे जानकारी मिली है चुनाव के समय इन अड्डों से बूथ कैप्चरिंग की रणनीति बनाई जाती है, जबकि पूरे पांच साल वसूली का काम चलता रहता है। इस बार पूरे देश की नजर पश्चिम बंगाल पर है और बंगाल की जनता इस महाजंगल राज की इस सरकार को अब और मौका नहीं देगी। जिन क्लब हाउसों को अड्डा बनाकर इस्तेमाल किया जा रहा है, उन्हें समाप्त कर नए पश्चिम बंगाल में उनके गौरवशाली इतिहास को फिर से स्थापित किया जाएगा।

दिग्गजों ने किया मतदान

बीसीसीआई महासचिव


केरल भाजपाध्यक्ष चंद्रशेखर

पुडुचेरी के राज्यपाल

केरल सीएम विजयन

मुख्यमंत्री हिमंता सरमा ने परिवार के साथ वोट डाला

केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल स्याही दिखाते हुए

केंद्रीय मंत्री गोपी


केरल के राज्यपाल

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई

104 वर्षीय महिला का जज्बा

एक्टर दिलीप और काव्या माधवन ने भी किया मतदान

केंद्रीय मंत्री जार्ज कुरियन वोट के बाद अंगुली दिखाते हुए

खबर संक्षेप

कंपनी में यौन उत्पीड़न प्रमुख समेत 6 अरेस्ट

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक में एक मल्टी-नेशनल कंपनी में

महिला कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद टीम लीडर सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। उत्पीड़न पिछले 4 वर्षों से लगातार जारी था। यौन उत्पीड़न व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के 9 केस दर्ज किए गए हैं।

ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सेंस अपनाएं

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि अब समय आ गया है कि देश के

लोग सिविक सेंस अपनाएं और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। भारतीयों को विकसित देशों से सीख लेनी चाहिए कि सड़क पर कैसे चलना चाहिए और गाड़ी कैसे चलानी चाहिए? यह टिप्पणी जस्टिस जितेंद्र जैन ने की।

मंगोलपुरी में महिला की लाश, प्रेमी समेत 3 अरेस्ट

मंगोलपुरी। बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में एक 35 वर्षीय

महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। महिला की हत्या उसके 22 वर्षीय प्रेमी नें चाचा और एक दोस्त के साथ मिलकर की। वारदात का खुलासा तब हुआ जब पीजी मालिक ने कमरे के भीतर बेड बॉक्स से एक पैर बाहर निकला हुआ देखा। केस में 3 गिरफ्तार हैं।

सुनेत्रा पवार की निर्विरोध जीत तय

बारामती। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश

चेन्निथला ने कहा कि उनकी पार्टी बारामती विधानसभा सीट से उपचुनाव नहीं लड़ेगी, जहां से उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार अपने पति अजित पवार के मृत्यु के बाद चुनाव मैदान में हैं। चेन्निथला ने कहा कांग्रेस की राज्य इकाई को अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का निर्देश दिया है।

बंगाल की जनता को प्रधानमंत्री मोदी ने दी 6 गारंटी और सत्तारूढ़ टीएमसी पर साधा निशाना

कर्मचारियों के लिए 7 वें वेतनआयोग का भरोसा दिया

हर दुष्कर्म मामले की खुलेगी फाइल, अब टीएमसी के पापों का घड़ा भर गया, उनकी निर्मम सरकार को जाना ही होगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में 3 रैलियों को संबोधित किया। पीएम मोदी हल्दिया में जनसभा के दौरान कहा कि बंगाल का ये चुनाव सामान्य नहीं है। ये बंगाल के वैभव को फिर से स्थापित करने का चुनाव है।

एजेंसी ▶▶ हल्दिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में 3 रैलियों को संबोधित किया। पीएम मोदी हल्दिया में जनसभा के दौरान कहा कि बंगाल का ये चुनाव सामान्य नहीं है। ये बंगाल के वैभव को फिर से स्थापित करने का चुनाव है। ये विकसित बंगाल की नींव मजबूत करने का चुनाव है और इसका पहला व सबसे बड़ा कदम निर्मम सरकार की विदाई का होगा। पीएम मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी सतीश चंद्र सामंता को याद करते हुए राज्य की जनता को 6 गारंटी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गुलामी के कालखंड में सतीश चंद्र सामंता ने अंग्रेजों की सत्ता हिला दी थी। आज इसी धरती से मैं बंगाल को 6 गारंटियां देता हूं। पहली गारंटी- भाजपा सरकार बंगाल में भय की जगह भरोसा कायम करेगी और कानून पर भरोसा लौटाएगी। दूसरी गारंटी- भाजपा सरकार में सरकारी सिस्टम जनता की सेवा के लिए जवाबदेह होगा। तीसरी गारंटी- हर घोटाले, बेटियों के साथ हुए हर अन्याय और हर रेप केस की फाइल खुलेगी। उन्होंने अपनी चौथी गारंटी में कहा कि टीएमसी के राज में भी जिसने भी करप्शन किया है, उसकी जगह जेल में होगी। मंत्री हो या संतरी, कानून सबका हिसाब करेगा। टीएमसी का कोई गुंडा कानून से बचने वाला नहीं है। हम टीएमसी को जनता का पैसा नहीं खाने देंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में की 3 रैलियां

अपराधियों के दुष्कर्मों का हिसाब किया जाएगा

जो राष्ट्रपति का सम्मान नहीं करते वे अन्य महिलाओं का क्या आदर करेंगे

बंगाल में रैली में आम जनता का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी

परिवर्तन की आंधी दिखी

रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बंगाल ने इस बार हर विपरीत परिस्थिति को पराजित करने का फैसला कर लिया है। भाजपा की विजय, इस उत्साह और उमंग में दिखाई पड़ती है। ये परिवर्तन की आंधी है। ये टीएमसी की निर्मम सरकार के जाने का ऐलान है।

अब शरणार्थियों को उचित हक मिलेगा

बंगाल की जनता को 5वीं गारंटी देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जो शरणार्थी हैं, उन्हें संविधान के तहत हर हक मिलेगा, लेकिन घुसपैठियों को खदेड़ा जाएगा। उन्हें भारत में नहीं रहने दिया जाएगा। अपनी छठी गारंटी में उन्होंने कहा कि बंगाल के सभी सरकारी कर्मचारियों और सभी शिक्षकों व अन्य सेवाओं में जुटे कर्मचारियों के लिए भाजपा सरकार बनते ही 7वां वेतन आयोग लागू कराया जाएगा। जनता से अपील करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इन्हीं गारंटियों को ध्यान में रखते हुए 23 अप्रैल को भारी मतदान करना है। हर बूथ पर भाजपा के उम्मीदवारों को विजयी बनाएं। हमारा सिद्धांत और मंत्र है 'सबका साथ-सबका विकास'।

दिखा महिलाओं का जोर

पश्चिम बंगाल में चाहिए बदलाव

प्रधानमंत्री मोदी आज तीन चुनावी रैलियों के लिए पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री बीरभूम के सूरी में भी जनसभा की। जनसभा में महिलाएं बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची। महिलाओं के हाथों में प्रधानमंत्री की तस्वीर और कई स्लोगन लिखे हुए पोस्टर हैं। एक युवती प्रधानमंत्री और उनकी मां की तस्वीर लेकर पहुंची। युवती ने बातचीत में बताया कि प्रधानमंत्री को उनकी मां प्यारी हैं, इसलिए उनकी तस्वीर लेकर आई हूं। बंगाल में विकास हो, इसलिए बदलाव जरूरी है।

अब टीएमसी होगी बाहर

बंगाल को ब्लू इकोनॉमी बनाएगी

पीएम ने संबोधन के दौरान टीएमसी और सीएम ममता पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि खराब मौसम के बावजूद हल्दिया रैली में लोगों की भारी उपस्थिति बंगाल में बदलाव का संकेत है, जो बताता है कि टीएमसी सत्ता से बाहर हो जाएगी। जो 5 साल पहले नंदीग्राम में हुआ था, वही इस साल भाबानीपुर और पूरे बंगाल में दोहराया जाएगा। भाजपा सरकार बनने पर केंद्र की सभी योजनाएं यहां तेजी से लागू होंगी। इसे ब्यू इकोनॉमी का केंद्र बनाएंगे।

आसनसोल में गरजे प्रधानमंत्री

यहां भाजपा की सरकार बनाएं टीएमसी के पापों का हिसाब होगा

प्रधानमंत्री मोदी ने आसनसोल में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत देवी कल्यानेश्वरी और घाघर बुरी चंडी का आह्वान करके की। बंगाल में अब सत्ता परिवर्तन निश्चित है, जिसे आसनसोल और पूरे बंगाल की जनता चाहती है। उन्होंने टीएमसी पर सिंडिकेट राज, कोयला और रेत माफिया को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने दावा किया कि टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका है और बदलाव के बाद बंगाल नई ऊंचाइयों को छुएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केवल भाजपा की डबल इंजन सरकार ही इस स्थिति को सुधार सकती है।

टीएमसी राज में मां-माटी और मानुष परेशान

आसनसोल में टीएमसी के 'पापों' का हिसाब लेने की चेतावनी दी। बीरभूम की रैली में भी उन्होंने टीएमसी पर बड़ा हमला बोला। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि बीरभूम की ऐतिहासिक धरती ने संथाल क्रांति को ऊर्जा दी थी। पूरे बंगाल में लोग टीएमसी राज में मां-माटी और मानुष परेशान हैं।

घुसपैठियों के हर मददगार की पहचान की जाएगी, बाहर करेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल की जमीन पर घुसपैठियों का कब्जा खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी का सिंडिकेट घुसपैठियों को फर्जी सरकारी दस्तावेज दिलाने में मदद कर रहा है। उनके मुताबिक यह सिर्फ राज्य नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है। उन्हें बाहर किया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने कहा- 2018 के फैसले में पुरुषों के श्रेष्ठ होने की धारणा

सबरीमाला मंदिर मामला

सुप्रीम कोर्ट बोला-मंदिरों में एंट्री रोकने से समाज बंटेगा, इससे हिंदू धर्म को नुकसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। केंद्र सरकार ने दलील दी कि 2018 का फैसला इस धारणा पर आधारित था कि पुरुष श्रेष्ठ हैं और महिलाओं को निचले स्तर पर रखा गया। सुप्रीम कोर्ट की नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है, जिसमें धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के प्रवेश और धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा को लेकर व्यापक

नागरत्ना

केंद्र बोला
धर्म से जुड़े विवाद संवेदनशील अदालतों का दखल ठीक नहीं

फाइल फोटो

सवाल उठाए गए हैं। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि मंदिरों में सिर्फ खास समुदाय की एंट्री और बाहरी लोगों की मनाही से समाज बंटेगा। यह हिंदू धर्म के लिए ठीक नहीं है। जितने ज्यादा लोग अलग-अलग मंदिरों और मठों में जाएंगे, उतना ही धर्म मजबूत बनेगा। उधर केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सीनियर एडवोकेट वैद्यनाथन ने कहा कि इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हमारे सामने हैं, जब धर्म से जुड़े विवाद संवेदनशील होते हैं।

अनुच्छेद 25 व्यक्ति का, 26 समूह का अधिकार: सीजेआई

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 की व्याख्या करते हुए

सूर्यकांत

महत्वपूर्ण टिप्पणी की। अनुच्छेद 25 व्यक्तिगत धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़ा है, जबकि अनुच्छेद 26 व्यक्तियों के समूह या धार्मिक समुदाय के अधिकारों को संरक्षण देता है। उन्होंने अनुच्छेद 25(2) में प्रयुक्त इस अनुच्छेद में कुछ भी नहीं... जैसे प्रावधान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह एक प्रकार का नॉन-ऑब्स्टैंटे क्लॉज है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13 से संबंधित है। सीजेआई के अनुसार जब मौजूदा कानून की बात की जाती है, तो इसमें वे सभी कानून शामिल होते हैं जिन्हें अनुच्छेद 13 के तहत संरक्षण प्राप्त है। इसमें परंपराएं, रीति-रिवाज और प्रचलन भी शामिल हैं।

युद्धविराम पर थरूर ने कहा

'शांति' के लिए पाकिस्तान की भूमिका का जश्न मनाना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच में पाकिस्तान इस समय

मध्यस्थ की भूमिका में है। इस शांति समझौते के प्रयास पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा कि भारत को पाकिस्तान की मध्यस्थता का जश्न मनाना चाहिए, जिसकी वजह से अमेरिकी-ईरान सीजफायर हुआ। इतना ही नहीं उन्होंने भारत की प्रतिक्रिया को परिपक्व और समझदारीपूर्ण बताया। एक इंटरव्यू में शशि थरूर से सवाल किया गया कि क्या सीजफायर में मध्यस्थता करने में इस्लामाबाद की भूमिका से नई दिल्ली को चिंतित होना चाहिए। थरूर ने जवाब देते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि ऐसा क्यों होना चाहिए, क्योंकि सच कहूं तो, हर चीज एक के लिए फायदेमंद और दूसरे के लिए नुकसान वाली साबित नहीं होती। अगर पाकिस्तान को भारत में आतंकवादी भेजने के लिए सराहा जा रहा होता, तो यह चिंता की बात होती। पाक शांति के लिए काम कर रहा है।

नेतन्याहू बोले- जहां जरूरत होगी, वहां करेंगे हमला, नुकसान पहुंचाने वालों को नहीं बख्शेंगे

एजेंसी ▶▶ यरूशलेम/ तेहरान

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि हिजबुल्लाह के खिलाफ उनके हमले रुकने वाले नहीं हैं। लेबनान में हुए भीषण हमलों के बाद नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली सेना पूरी ताकत और सटीक रणनीति के साथ हिजबुल्लाह को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी इजराइली नागरिकों को नुकसान पहुंचाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। नेतन्याहू ने आगे कहा कि जब तक उत्तरी इजराइल के निवासी अपने घरों में सुरक्षित वापस नहीं लौट जाते, तब तक हिजबुल्लाह के ठिकानों पर जहां भी जरूरी होगा, हमला जारी रहेगा। पीएम नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल ने अब तक की लड़ाई में शानदार जीत हासिल की है, जो पहले असंभव लगती थी। अब ईरान पहले से कमजोर और इजराइल पहले से मजबूत है। उन्होंने कहा कि अभी भी कुछ लक्ष्य बाकी हैं, जिन्हें पूरा किया जाएगा, चाहे सहमति से हो या लड़ाई फिर से शुरू करके। नेतन्याहू के बयान ने पश्चिम एशिया में एक बार फिर से तनाव बढ़ा दिया है।

इजराइल की हिजबुल्लाह को सीधी चेतावनी

- ईरान पहले से कमजोर और इजराइल पहले से मजबूत
- इजराइल ने लड़ाई में शानदार जीत हासिल की
- अभी भी कुछ लक्ष्य बाकी हैं जिन्हें पूरा किया जाएगा

लेबनान के शहर बेरूत पर इजराइली हमले में क्षतिग्रस्त इमारतें

लेबनान में हथियार भंडारण केंद्र, लॉन्चर और कमांड सेंटर तबाह

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने दावा किया है कि उसने लेबनान में हिजबुल्लाह से जुड़े महत्वपूर्ण ठिकानों और नेटवर्क को निशाना बनाया है। इजराइली सेना ने दक्षिण लेबनान में लितानी नदी के दक्षिण हिस्से में हिजबुल्लाह द्वारा हथियारों के परिवहन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले दो अहम मार्गों को भी निशाना बनाया। आईडीएफ ने दावा किया कि इस कार्रवाई में करीब 10 हथियार भंडारण केंद्र, लॉन्चर और कमांड सेंटर भी तबाह किए गए हैं। इजराइली सेना ने एक बार फिर बेरूत के दक्षिणी इलाकों पर हमला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हमला शहर के दक्षिणी उपनगरों में किया गया। इसके अलावा इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के कई कस्बों सफाद अल-बत्तिख, माजदल सेलेम, चाकरा और खेरबेत सेलेम पर भी बमबारी की है। हालांकि अभी हमलों में हुए नुकसान और हताहतों की पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। इजराइल ने लेबनान के दक्षिणी शहर हब्बूश पर हमला किया। इससे पहले हारूफ और अल दुवैर में भी इजराइली हमले किए थे।

अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में लेबनान पर हुए हमलों के विरोध में सड़कों पर प्रदर्शन

जेएन पोर्ट के विशेष हिस्से में खड़ा किया गया

15,400 टन रसोई गैस लेकर मुंबई पहुंचा 'ग्रीन आशा'

मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में चल रहे युद्ध और तनाव के बीच रसोई गैस यानी एलपीजी लेकर एक भारतीय जहाज सुरक्षित भारत पहुंच गया है। जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि 15,400 टन एलपीजी लेकर आ रहा जहाज 'ग्रीन आशा' नवी मुंबई के पोर्ट पर सफलतापूर्वक पहुंच चुका है। इस जहाज को जवाहरलाल नेहरू पोर्ट के उस विशेष हिस्से (बर्थ) पर खड़ा किया गया है, जिसका संचालन भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन मिलकर करते हैं। इस पूरे मिशन की सबसे अच्छी बात यह रही कि जहाज पर मौजूद चालक दल (क्रू) के सभी सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। जहाज में लदी 15,400 टन एलपीजी और खुद जहाज को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

नवी मुंबई तट पर 'ग्रीन आशा'

इजराइली सेना का दावा

हिजबुल्लाह चीफ के भतीजे हर्शी की मौत

इजराइल ने दावा किया कि लेबनान की राजधानी बेरूत पर बुधवार को किए गए उसके भीषण हवाई हमलों में हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम का एक सहयोगी मारा गया। आईडीएफ के अनुसार, अली यूसुफ हर्शी, जो हिजबुल्लाह के महासचिव नईम कासिम के निजी सचिव, करीबी सलाहकार और भतीजा था। नईम कासिम संगठन के संचालन में अहम भूमिका निभाते थे। हर्शी कासिम के कार्यालय के प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़े प्रमुख काम संभालते थे, जिससे उनकी संगठन में महत्वपूर्ण स्थिति थी।



रूस ने 40 प्रतिशत तक सस्ती एलएनजी देने का दिया ऑफर

जब मिडिल ईस्ट में जंग की वजह से दुनियाभर के अलग-अलग देशों को तेल संकट से जुझना पड़ रहा था, तब रूस ने भारत को तेल सप्लाई की। अब एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) मार्केट में भी रूस ने एक बड़ा खेल खेला है। रूस ने अब भारत समेत एशियन बायर्स को एलएनजी खरीद पर 40 फीसदी तक का भारी डिस्टाउंट ऑफर दिया है। सस्ते दाम पर एलएनजी मिलने से एशियाई बायर्स के लिए बड़ा मौका बन सकता है। बता दें, अमेरिकी के रूसी तेल से प्रतिबंध को अस्थायी तौर पर हटाने का रूस को भारी फायदा हुआ है। माना जा रहा है कि अप्रैल के महीने में रूस की तेल से होने वाली आय दोगुनी होकर 9 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगी।

इजराइली मंत्री का आरोप

ईरान के साथ सीजफायर एक बड़ी गलती: चिकली

इजराइल के मंत्री अमिचाई चिकली ने कहा कि ईरान के साथ युद्धविराम करना गलती है। ऐसे देशों के खिलाफ सख्ती जरूरी होती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह युद्धविराम ज्यादा दिन चलेगा या नहीं, इसकी संभावना सिर्फ 50% है। उन्होंने ईरान की तुलना जापानी साम्राज्य और नाजी जर्मनी से करते हुए कहा कि ऐसे देशों को पूरी तरह हराना जरूरी होता है। वहीं, जंग शुरू होने के बाद पहली बार सऊदी अरब और ईरान के विदेश मंत्री ने फोन पर बात की। दोनों पक्षों ने हालात का जायजा लिया और क्षेत्र में तनाव कम करने तथा स्थिरता बहाल करने के उपायों पर चर्चा की।

होर्मुज पर ईरान का फैसला

जहाजों के लिए नए रास्ते तय, समुद्री माइन का अलर्ट जारी

ईरान ने जहाजों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक समुद्री रास्तों का ऐलान किया है, जिससे वैश्विक व्यापार और तेल आपूर्ति पर असर पड़ सकता है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) की नौसेना ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि समुद्री सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आईआरजीसी नौसेना ने सभी मालवाहक जहाजों और नौकाओं को इन नए, निर्दिष्ट मार्गों का पालन करने का निर्देश दिया है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जहाजों की आवाजाही आईआरजीसी नौसेना की कड़ी निगरानी में हो।

प्रवेश मार्ग: ओमान सागर से होर्मुज जलडमरूमध्य में प्रवेश करने वाले जहाज अब लारक द्वीप के उत्तरी हिस्से से गुजरेंगे। इसके बाद वे खाड़ी की ओर बढ़ेंगे। यह मार्ग संभावित खतरों से बचाते हुए जहाजों को सुरक्षित प्रवेश प्रदान करेगा।

निकास मार्ग: खाड़ी से बाहर निकलने वाले जहाजों के लिए भी एक नया मार्ग तय किया गया है। ये जहाज लारक द्वीप के दक्षिणी हिस्से से होते हुए ओमान सागर की ओर प्रस्थान करेंगे।

स्पेन तेहरान में दूतावास फिर खोलेगा

स्पेन ने ईरान की राजधानी तेहरान में अपना दूतावास दोबारा खोलने का फैसला किया है। स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस ने कहा कि उन्होंने तेहरान में अपने राजदूत को वापस लौटने और पदभार संभालने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि स्पेन इस कदम के जरिए क्षेत्र में शांति प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभाना चाहता है। अलबारेस ने कहा हम हर संभव स्तर पर शांति बहाल करने की कोशिशों में शामिल होंगे।

यूरोपीय देशों ने लेबनान पर इजराइली हमलों की आलोचना की

लेबनान में इजराइल के हमलों को लेकर यूरोप में तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरो ने कहा कि लेबनान पर हमले मंजूर नहीं हैं। उन्होंने कहा है कि इससे अमेरिका-ईरान के बीच हुआ अस्थायी सीजफायर कमजोर पड़ रहा है। ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर पहले ही इजराइल के हमलों को पूरी तरह गलत बता चुकी हैं और लेबनान को सीजफायर में शामिल करने की मांग कर चुकी हैं। वहीं, स्पेन के विदेश मंत्री जोसे मैनुअल अल्बारेस ने कहा कि उनका देश तेहरान में अपना दूतावास फिर से खोल रहा है। उन्होंने इजराइल पर सीजफायर का उल्लंघन करने और अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़ने का आरोप लगाया।

जीन बैरो

शांति के नाजुक मौके को मजबूत करना जरूरी: मेलोनी

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि दुनिया एक खतरनाक मोड़ के करीब पहुंच चुकी थी, लेकिन अब शांति का एक नाजुक मौका मिला है जिसे मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही बहाल करना यूरोप के लिए बहुत जरूरी है।

खबर संक्षेप

कुवैत में सड़क हादसे में 5 भारतीयों की मौत

जम्मू। कुवैत में हुए एक सड़क हादसे में जम्मू-कश्मीर के पीर पंजाल क्षेत्र के 5 लोगों की मौत हो गई जबकि एक की हालत नाजुक बनी हुई है। मृतकों में 4 पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के रहने वाले थे जबकि एक राजोरी जिले की थन्नामंडी तहसील का निवासी था। हादसा कुवैत के एक राजमार्ग पर बुधवार शाम उस समय हुआ जब प्रवासी मजदूरों से भरी एक गाड़ी दूसरे वाहन से टकरा गई।

सिक्किम में फंसे 1,321 पर्यटकों को बचाया

गंगटोक। सिक्किम के मंगन जिले के लाचेन में कई भूस्खलनों के कारण सड़क संपर्क टूट जाने के बाद फंसे 1,321 पर्यटकों और 84 स्थानीय लोगों को बचाया गया। ये पर्यटक 5 अप्रैल से उत्तरी सिक्किम के लाचेन में फंसे हुए थे। बचाव अभियान मंगन जिला अधिकारी अनंत जैन की देखरेख में और सेना, बीआरओ, 'लाचेन जुमसा' के सक्रिय समन्वय से चलाया गया। ताराम चू से चुंगथांग ले गए।

पंजाब में बीकेआई आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

अमृतसर। आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन के दौरान 5 हैंड ग्रेनेड, 2 विशेष डेटोनेटर, एक पीटीटी टाइमर, 9 वोल्ट की बैटरी, एक किलो उच्च विस्फोटक सामग्री जब्त की गई है।

आर्टेमिस-2 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने अपोलो मिशनों की परंपरा को आगे बढ़ाया

चंद्रमा की सतह के गड्ढों को प्रियजनों के नाम देने के प्रस्ताव को नासा ने सहर्ष किया मंजूर

एजेंसी ▶▶ ह्यूस्टन

चंद्रमा से पृथ्वी की ओर लौट रहे आर्टेमिस-2 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने अपोलो मिशनों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए चंद्रमा की सतह के दो गड्ढों के नाम अपने प्रियजनों के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा है। कमांडर रीड वाइजमैन और उनके दल ने एक छोटे, अपेक्षाकृत नए गड्ढे का नाम अपने कैप्सूल 'इंटीग्रिटी' के नाम पर तथा दूसरे का नाम उनकी दिवंगत पत्नी 'कैरोल' के नाम पर रखने की अनुमति मांगी। यह अनुरोध कनाडाई अंतरिक्ष यात्री जेरेमी हैनसेन ने सोमवार को चंद्रमा की परिक्रमा से ठीक पहले किया। वाइजमैन भावुक होने के कारण उस समय कुछ नहीं बोल सके। पेशे से नर्स कैरोल वाइजमैन का 2020 में कैंसर से निधन हो गया था। वाइजमैन ने बुधवार रात अंतरिक्ष से कहा कि व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए यह मिशन का सबसे भावुक और महत्वपूर्ण क्षण था।

- पृथ्वी से दिखने वाले नए क्रेटर का नाम 'इंटीग्रिटी क्रेटर' रखा
- चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से में स्थित क्रेटर को 'कैरोल क्रेटर' कहा

चंद्रमा की एक चोटी 'माउंट मैरिलिन' अंतरिक्ष यात्री की पत्नी की याद में रखा था

प्रस्ताव पर मंजूरी मिलते ही क्रू के चारों सदस्यों ने गले लगकर एक दूसरे को बधाई दी

साल 1968 में अपोलो-8 मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्री जिम लॉवेल ने अपनी पत्नी के नाम पर चंद्रमा की एक प्रमुख चोटी का नाम 'माउंट मैरिलिन' रखा था। यह मानव की पहली चंद्रमा यात्रा थी। आर्टेमिस-2 मिशन के तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री 1972 में अपोलो-17 के बाद चंद्रमा तक पहुंचने वाले पहले यात्री हैं। वाइजमैन के प्रस्ताव ने मिशन कंट्रोल में मौजूद वैज्ञानिकों को कुछ समय के लिए निशब्द कर दिया। नासा के चंद्र वैज्ञानिक रयान वॉटकिन्स ने कहा कि यह बेहद भावुक क्षण था। वहां सबकी आंखें नम हो गईं।

नए और चमकीले गड्ढों का चयन किया

मिशन कंट्रोल की प्रमुख वैज्ञानिक केल्सी यंग ने प्रक्षेपण से पहले अंतरिक्ष यात्रियों के साथ मिलकर इन अपेक्षाकृत नए और चमकीले गड्ढों का चयन किया था, जिन्हें अंतरिक्ष यात्रियों ने चंद्रमा के करीब पहुंचने पर देखा। प्रस्तावित 'कैरोल क्रेटर' चंद्रमा के निकट और दूरस्थ हिस्सों की सीमा पर स्थित है और कभी-कभी पृथ्वी से दिखाई देता है, जबकि 'इंटीग्रिटी क्रेटर' पूरी तरह चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से में स्थित है। संघ के अधिकारी रामासामी वेणुगोपाल ने कहा कि सामान्य प्रक्रिया के तहत इन नामों पर लगभग एक महीने में निर्णय लिया जा सकता है। संघ की स्वीकृत सूची में पहले से 81 चंद्र स्थल ऐसे हैं, जिनका नाम अंतरिक्ष यात्रियों के नाम पर रखा गया है।

औपचारिक अनुमति बाकी

यह प्रस्ताव उस समय आया जब अंतरिक्ष यात्रियों ने गहरे अंतरिक्ष में यात्रा की दूरी के मामले में अपोलो-13 का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस दौरान सभी चारों अंतरिक्ष यात्री एक-दूसरे से गले मिले। मिशन कंट्रोल ने लगभग एक मिनट की चुप्पी के बाद वाइजमैन के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए इंटीग्रिटी और कैरोल क्रेटर, बेहद साफ और स्पष्ट कहा। पृथ्वी पर लौटने के बाद दल इन नामों को औपचारिक मंजूरी के लिए अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ को भेजेगा। 2017 में 'माउंट मैरिलिन' को आधिकारिक मान्यता मिलने में करीब पांच दशक लगे थे।

वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से मिले मिसरी

रक्षा उद्योग, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति संबंधों को गहरा करने पर की चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों से यहां मुलाकात की तथा रक्षा एवं व्यापार संबंधों को और गहरा करने को लेकर उनके साथ चर्चा की। इस दौरान उन्होंने हिंद-प्रशांत और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

अमेरिका की तीन दिन की यात्रा पर आए मिसरी ने अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के अवर सचिवों माइकल डफी और एलब्रिज कोल्बी तथा वाणिज्य मंत्रालय के अवर सचिवों जेफरी केसलर और विलियम किमिट से मुलाकात की। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि रक्षा क्षेत्र में भारत-अमेरिका के बीच आदान-प्रदान की गति को बनाए रखते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने युद्ध नीति मामलों के लिए अवर सचिव एलब्रिज कोल्बी के साथ पेंटागन में व्यापक बातचीत की जिसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र और पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रम पर चर्चा हुई।

माइकल डफी से मिलते विक्रम मिसरी

वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों से भी मिले

मिसरी की रक्षा मंत्रालय में अधिग्रहण और अनुरक्षण के लिए अवर सचिव डफी के साथ भी 'पेंटागन' (अमेरिकी रक्षा मंत्रालय) में सार्थक बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने पिछले वर्ष हस्ताक्षरित द्विपक्षीय प्रमुख रक्षा साझेदारी के ढांचे में तय महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के अनुरूप भारत और अमेरिका के बीच रक्षा उद्योग, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला संबंधों को और गहरा करने के उपायों पर चर्चा की। मिसरी ने वाणिज्य मंत्रालय में अवर सचिवों जेफरी केसलर और विलियम किमिट से मुलाकात की ताकि वाणिज्यिक और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में सहयोग का विस्तार किया जा सके जो 21वीं सदी के लिए भारत-अमेरिका साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अहम हैं।

थिएटर कमांड बनाने का काम लगभग पूरा

एक सप्ताह में गठन का प्रस्ताव मंजूरी के लिए रक्षा मंत्रालय को सौंपा जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बेंगलुरु में एक चर्चा के दौरान प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि वह थिएटर कमांड के गठन के प्रस्ताव को करीब एक सप्ताह में रक्षा मंत्रालय की मंजूरी के लिए सौंपेंगे। इससे जुड़ा हुआ कार्य लगभग पूरा हो गया है। सरकार द्वारा प्रस्तावित थिएटर कमांड के गठन की प्रक्रिया में कुछ नए आयाम भी जुड़े हैं। जिसमें पाकिस्तान से लगी पश्चिमी सीमा के मोर्चे का नेतृत्व वायुसेना का अधिकारी करेगा। जबकि चीन से लगी पूर्वी सीमा की कमान सेना के अधिकारी के पास होगी और समुद्री मोर्चे पर इस दायित्व का निर्वाह नौसेना का अधिकारी करेगा। नए आयामों यानी बदलावों में पश्चिमी कमांड वायुसेना, पूर्वी सेना और समुद्री कमांड बदसतूर नौसेना के जिम्मे रह सकती है। थिएटर कमांड की औपचारिक तौर पर घोषणा करने से पहले हालांकि रक्षा मंत्रालय को इससे संबंधित प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की मंजूरी लेनी पड़ेगी। जिसकी अध्यक्षता पीएम नरेंद्र मोदी करते हैं। उनके अलावा इसमें रक्षा, वित्त, विदेश और गृह मंत्री शामिल होते हैं।

'रण संवाद 2026' में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी बोले

'ऑपरेशन सिंदूर' ने संयुक्त कार्रवाई का महत्व बताया, ये एक केस स्टडी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने डोमेन जॉइंटनेस की दिशा में भारत की प्रगति को दिखाया है। इस सैन्य अभियान को एकीकरण के परिचालन महत्व का निर्णायक केस स्टडी बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्तता की दिशा में भारत की प्रगति का सबसे शक्तिशाली साधन था। लेकिन हमें विभिन्न क्षेत्रों का एकीकरण और विलय हासिल करना होगा। वे 'रण संवाद 2026' मंच पर थल सेना द्वारा बहु-क्षेत्रीय संचालन (एमडीओ) का दृश्य-विश्लेषण विषय पर संबोधित कर रहे थे।

आधुनिक युद्ध अब भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं

सेना प्रमुख ने कहा कि आधुनिक युद्ध अब भौगोलिक सीमाओं या किसी एक सेना के प्रभुत्व तक सीमित नहीं है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों, हितधारकों और संघर्ष के स्तरों में निरंतर क्रिया द्वारा परिभाषित होता है। उन्होंने कहा कि हम अपने समय के एक बिखरे हुए, अघोषित, बहु-मोर्चे वाले, बहु-क्षेत्रीय युद्ध का सामना कर रहे हैं। सवाल यह नहीं है कि क्या क्षेत्र आपस में परस्पर क्रिया करते हैं, बल्कि यह है कि युद्ध क्षेत्र में यह परस्पर क्रिया किस प्रकार संचालित होती है।

युद्धक्षेत्र अब मानचित्र पर खींची गई एक रेखा मात्र नहीं

उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि एमडीओ में, युद्धक्षेत्र अब मानचित्र पर खींची गई एक रेखा मात्र नहीं है। यह एक 3डी परिदृश्य है - साइबर प्रभाव संज्ञानात्मक स्थान को आकार देते हैं। अंतरिक्षीय संसाधन लक्ष्यों को संकेत देते हैं। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध एक साथ हर आवृत्ति का मुकाबला करता है। कमांडरों को सामरिक से लेकर रणनीतिक स्तर तक, विभिन्न क्षेत्रों में स्थितिजन्य जागरूकता विकसित करनी चाहिए। जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जमीनी खुफिया नेटवर्क, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध (ईडब्ल्यू) से मिली जानकारियों का मेल था जिसने सेना और वायु सेना की संयुक्त कार्रवाई को लक्ष्य निर्धारित करने में मदद की, वहीं नौसेना की तैनाती में बदलाव ने रणनीतिक गणना को आकार दिया।

एयर मार्शल दीक्षित बोले

बाहरी खतरों से बचाने के लिए बहु क्षेत्रीय संचालन जरूरी

एकीकृत रक्षा स्टाफ प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा कि भारत को बहु-क्षेत्रीय संचालन (एमडीओ) अपनाने की ओर बढ़ने की जरूरत है, क्योंकि देश को बाहरी खतरों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जोर दिया कि तैयारी शुरू से ही बहु-क्षेत्रीय होनी चाहिए। बहु-क्षेत्रीय संचालन भविष्य का विकल्प नहीं, बल्कि वर्तमान की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी सीमाओं पर दिन-प्रतिदिन नए-नए खतरे उभर रहे हैं। दुष्प्रचार अभियान, विद्युत ग्रिड को निशाना बनाकर साइबर घुसपैठ, संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर ड्रोन हमले जैसे मिश्रित खतरे जानबूझकर शांति और संघर्ष के बीच के भेद को मिटा रहे हैं।

शैल को स्कूल जाते समय गिलहरी का एक प्यारा-सा बच्चा मिल गया। वह उसे अपने साथ स्कूल ले आया। क्लास के बच्चों ने जब ए, बी, सी और वन, टू, थ्री गाकर सीखा तो गिलहरी के बच्चे ने भी एल्फाबेट और काउंटिंग रट ली। इसके बाद जो हुआ, बहुत ही मजेदार रहा!

पढ़ने लगा गिलहरी का बच्चा!

गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

एक गिलहरी थी। वह अपने नन्हे से बच्चे के साथ रहती थी। गिलहरी को सुबह से लेकर शाम तक दौड़ती हुई देखकर बच्चे ने उससे कहा, 'मां, तुम सारा दिन दौड़ती रहती हो, तो क्या तुम थकती नहीं हो?'

मां बोली, 'क्या करूं, बेटा! दौड़ना तो पड़ेगा ही ना! मैं यदि दौड़ूंगी नहीं, आराम से बैठी रहूंगी तो फिर हम खाएंगे क्या?'

बच्चे ने कहा, 'मां, क्या मैं तुम्हारी कुछ मदद करूं?'

गिलहरी ने प्यार से जवाब दिया, 'नहीं, तुम अभी बहुत छोटे हो, पहले तुम बड़े हो जाओ, बाद में मेरी मदद करना। जाओ, अभी तो तुम बाहर जाकर खेलो।'

बच्चा खेलने के लिए बाहर दौड़ गया। वहां स्कूल जा रहे नन्हे-मुन्ने शैल की नजर एक पेड़ के तने के पास खेल रहे इस गिलहरी के बच्चे पर पड़ी। उसे वह बच्चा बहुत पसंद आ गया। वह चुपके-चुपके, लुकते-छिपते उसके पास आया ताकि गिलहरी के बच्चे को पता नहीं चले, फिर उसे पकड़ लिया। बच्चा भी बहादुर था, पर शैल ने उसे अचानक ही पकड़ा था, वह कांपने लगा। बच्चे को कांपता देखकर शैल समझ गया कि वह डर गया है। इसलिए वह बच्चे को प्यार से अपने हाथों से सहलाते हुए बोला, 'तुम मुझसे बिल्कुल डरना मत। मैं तुम्हें जरा भी परेशान नहीं करूंगा। मैं तो तुम्हारा दोस्त हूं।'

गिलहरी के बच्चे ने कहा, 'क्या तुम मेरे साथ खेलोगे?' 'हां, मैं तुम्हारे साथ जरूर खेलूंगा, पर अभी तो मैं स्कूल जा रहा हूं। तुम मेरे साथ चलोगे?' शैल ने पूछा।

गिलहरी का बच्चा शैल के साथ स्कूल जाने के लिए तैयार हो गया। शैल ने तुरंत उस बच्चे को बस्ते के अगले वाले खाने में रख दिया, उसके बाद वह स्कूल आ गया। उसका कोई दोस्त बच्चे को देखे, उससे पहले गिलहरी के बच्चे को क्लास की खिड़की के पास बैठाकर कहा, 'तुम यहीं बैठे रहना, आराम से सब कुछ देखते रहना।'

कुछ देर बाद टीचर आए। सभी बच्चों को गा-गा कर पढ़ाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फिर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' बच्चे भी उसी प्रकार ऊंची आवाज में बोलने लगे। कुछ देर बाद दूसरे टीचर आए। बच्चों को वह 'वन, टू, थ्री, फोर, फाइव' पढ़ाने लगे। बच्चे भी उसी तर्ज पर ऊंची आवाज में गाकर बोलने लगे। गिलहरी का बच्चा यह सब देख रहा था और सुन रहा था। वह भी अपने होंठ फड़फड़ा कर कुछ बोल रहा था। कुछ देर बाद इंटरवल हुआ। सभी बच्चे लंच करने लगे। कोई देख न ले, इसलिए शैल छिपता हुआ खिड़की के पास पहुंचा। उसने देखा कि गिलहरी का बच्चा बहुत खुश था। उस बच्चे को शैल ने अपने टिफिन में से कुछ खिलाया और खुद भी खाना खाया। बच्चे को बड़ा मजा आया। वह कूदने-फुदकने लगा। इससे शैल के सभी मित्रों को पता चल गया कि उनकी क्लास में गिलहरी का बच्चा आया हुआ है। सारे इकट्ठा हो गए, गिलहरी के बच्चे को खिलाने लगे। शैल ने अपने दोस्तों से कहा, 'कोई उसे तंग नहीं करना।' क्लास के सभी बच्चे मिलकर खूब खेले, मजे किए। बाद में पढ़ने के लिए बैठ गए। गिलहरी का बच्चा भी पुनः खिड़की के पास बैठ गया।

स्कूल में छुट्टी होने पर सब अपने-अपने घर जाने लगे। रास्ते में उस पेड़ के पास पहुंचने पर शैल ने गिलहरी के बच्चे से कहा, 'क्या तुम मेरे घर चलोगे?'

बच्चा बोला, 'मेरी मां, मेरा रास्ता देख रही होगी। मैं अभी तो जाऊंगा, शाम को खेलने के लिए आऊंगा।'

शैल ने कहा, 'मैं इसी जगह तुम्हारा इंतजार करूंगा।'

बच्चा तो दौड़ता हुआ अपनी मां के पास चला गया। मां ने उसे देखते ही पूछा, 'कहां था तू इतनी देर से? मुझे तेरी बहुत चिंता हो रही थी। क्या कर रहा था तू?' बच्चा मां को जवाब देने के बजाय ऊंची-ऊंची आवाज में गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

मां तो अपनी आंखें फाड़े अपने बच्चे को देखती ही रह गई। वह बोली, 'तुम यह क्या बोल रहे हो? मेरी समझ में कुछ नहीं आ रहा है।'

बच्चा तो फिर आगे गाने लगा, 'वनटू.थ्री.फोर फाइव., सिक्स., सेवन., ऐट., नाइन., टेन.!' यह सुनकर गिलहरी घबरा गई। उसने सोचा कि उसके बच्चे को किसी ने कुछ कर दिया है या फिर वह पगला गया है।

मां बच्चे को बगल वाले पेड़ पर रह रहे कौए के पास लेकर गई, उससे बोली, 'कौआ भाई! देखो तो मेरे बच्चे को कुछ हो गया है। मैं उसे जो कहती हूं, वह उसकी समझ में नहीं आ रहा। वह ना जाने क्या बोल रहा है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है! आप जरा देखिए तो, कुछ आपकी समझ में आ रहा है?'

कौए ने बच्चे से कहा, 'क्यों क्या हुआ है तुम्हें?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' थोड़ी सांस लेकर फिर बोलने लगा,'वनटू थ्री फोर फाइव सिक्स सेवन ऐट नाइन टेन।'

कौआ चौंका, 'अरे बाप रे! इसे तो कुछ हो गया है। पास में ही रह रहे बंदर वैद्य को दिखाओ, तब पता चलेगा इसे क्या हुआ है?' गिलहरी तुरंत बच्चे को लेकर बंदर वैद्य के पास गई। उससे बोली, 'बंदर वैद्य जी, देखिए तो मेरे बच्चे को क्या हो गया है? उसे जल्दी-जल्दी अच्छा कर दीजिए!' बंदर वैद्य ने बच्चे को जांचा। वह तो चुस्त-दुरुस्त ही था। उसने बच्चे से पूछा, 'तुम्हें क्या हुआ है?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

यह सुनकर बंदर वैद्य बोला, 'ओ मां! यह तुम क्या बोल रहे हो?'

बच्चा फिर से वही बोलने लगा, 'वन टू थ्री फोर फाइव।' बंदर चिंतित होकर बोला, 'गिलहरी, तुम्हारी बात सही है। तुम्हारे बच्चे को सच में कुछ हो गया है!'

यह सुनकर गिलहरी रोने लगी। घर लौटते हुए रास्ते में जो भी मिलता, उससे अपने बच्चे को ठीक कर देने के लिए विनती करती। ऐसा करते हुए शाम हो गई। शाम हो जाने पर शैल को गिलहरी का बच्चा दिखाई नहीं दिया, तो वह उसे खोजने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में उसे उसके दोस्त भी मिले। सब मिलकर बच्चे को खोजने लगे। बच्चा तो कहीं नजर नहीं आया। तभी गिलहरी के बच्चे की दूर से आ रही आवाज सबने सुनी।

सभी इमेज: एआई

वह गा रहा था, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट।' पहले तो किसी की समझ में नहीं आया, लेकिन बाद में शैल की समझ में आ गया कि गिलहरी का बच्चा भी आज स्कूल से ऐसा बोलना सीख कर आया है। सब खुश हो गए और नाचते-कूदते, गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

गिलहरी ने उनकी यह आवाज सुनी तो बोली, 'अरे, मेरा बच्चा भी ऐसा ही बोल रहा है!' गिलहरी के बच्चे ने भी शैल और उसके दोस्तों की आवाज सुनी तो वह दौड़कर उनके पास गया।

गिलहरी के बच्चे को देखकर सब खुशी से झूमने लगे और गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, वन टू थ्री फोर फाइव!' गिलहरी का बच्चा भी सबके साथ नाचता जाता और गाता जाता। गिलहरी, कौआ, बंदर और अन्य प्राणी फटी आंखों से यह तमाशा देखते ही रहे। *

हिंदी अनुवाद : रजनीकांत एस. शाह

जीके क्विज-200

1. उत्तर भारत का पहला ग्लास ब्रिज किस स्थान पर बनाया जाएगा?
2. दुनिया की पहली डिजिटल जनगणना किस देश में शुरू की गई है?
3. पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
4. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
5. प्रसिद्ध प्राचीन ग्रंथ 'मुद्राराक्षस' के रचयिता कौन हैं?
6. अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहां स्थित है?
7. कौन-सा ग्रह सबसे कम समय में सूर्य का चक्कर लगाता है?
8. कौन-सा विटामिन आंखों के लिए सर्वाधिक लाभदायक होता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री कौन थे?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?

बच्चो, जीके क्विज-200 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-199 का उत्तर: 1. आरसीबी, 2. छत्तीसगढ़, 3. 18 अप्रैल, 4. देहरादून, 5. सिकंदर लोदी, 6. पंजाब, 7. विटामिन बी और विटामिन सी, 8. वुलर झील, 9. जोधपुर, 10. भारत-पाकिस्तान

जीके क्विज-199 का सही उत्तर देने वाले: कबीर-हिसार, अनुभव-राजनांदगांव, सचिन-दुर्ग, रमेश-बैकुंठपुर, कविता-रायपुर, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, कनिका-बालोद

हंसगुल्ले

अजय: यार, आजकल मुझे रात को ठीक से नींद नहीं आती। क्या तुम्हें अच्छी नींद आती है?
विजय: हां, मैं तो 'घोड़े बेचकर' सोता हूं।
अजय: अच्छा! तो तुमने अब तक कितने घोड़े बेच दिए?
-नैतिक, दिल्ली

रोहन: क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
सोहन: नहीं।

रोहन: फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
-काव्या, जबलपुर

राजू, सोनू और मोनू, तीनों एक ही साइकिल पर जा रहे थे। एक ट्रैफिक पुलिस वाले अंकल ने उन्हें रोक लिया।
राजू: सॉरी अंकल, हमारी साइकिल पर और जगह नहीं है। प्लीज, आप किसी और से लिफ्ट ले लें। **-जतिन, रायपुर**

वनस्पति जगत

नयनतारा

बच्चो, जंगलों में बहुत ही विशाल और अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। इनमें एक पेड़ है जायंट सिकोइया। इसे 'जंगल का पिता' कहा जाता है। जानो, इस अनोखे पेड़ के बारे में।

जंगल का पिता कहलाता है विशाल-अनोखा पेड़ जायंट सिकोइया

बच्चो, पेड़ एक तरह से पृथ्वी के फेफड़े होते हैं, क्योंकि वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं ताकि हम सांस लेकर जिंदा रह सकें। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पृथ्वी पर 3 ट्रिलियन से अधिक पेड़ हैं। पेड़ों का भी अनोखा आश्चर्यजनक संसार है, दुनिया भर में एक से बढ़कर एक अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। एक पेड़ तो ऐसा था, जो करीब 2,000 साल तक जीवित रहा। उस पेड़ का तना इतना बड़ा था कि उसके बीच से होकर बनाए गए रास्ते में से घुड़सवार भी निकल सकते थे। उस पेड़ का नाम-जायंट सिकोइया था। इस प्रजाति के पेड़ आज भी दुनिया में मौजूद हैं।

इसलिए कहते हैं जंगल का पिता: जायंट सिकोइया के पेड़ पूरे जंगल की क्षमता और ताकत का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रारंभिक दौर के मूल जायंट सिकोइया के जो अवशेष मिले हैं, उससे पता चलता है कि वह 400 फीट से अधिक ऊंचा रहा होगा, प्राकृतिक संसार पर यह राजा की तरह राज करता होगा। प्रकृति का रियल लीजेंड है जायंट सिकोइया, इसलिए इसे 'जंगल का पिता' कहते हैं।

अब भी मौजूद हैं इस प्रजाति के पेड़: बच्चो, सबसे पुराने जायंट सिकोइया के वृक्ष तो अब नष्ट हो चुके हैं। लेकिन इस प्रजाति के वृक्ष आज भी अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में सिएरा नेवादा पर्वत श्रृंखला के ढलानों पर धुंध भरे वातावरण में उगते हैं। ये पेड़ 900 से 2,600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ग्रोव्स (उपवनों), विशेष रूप से सिकोइया नेशनल पार्क, किंग्स कैन्यन नेशनल पार्क और कैलावेरस बिग ट्रीज स्टेट पार्क में पाए जाते हैं।



आग में भी रहते हैं सुरक्षित: जायंट सिकोइया पेड़ की छाल लगभग दो फीट मोटी होती है, इनमें कोई ज्वलनशील पदार्थ नहीं पाया जाता है, जिससे ये पेड़ जंगल की आग जैसी आपदाओं में भी बचे रह जाते हैं। कई बार तो जंगल की आग इस पेड़ के लिए फायदेमंद साबित होती है। बच्चो, जायंट सिकोइया के बीज इस पेड़ की शाखाओं पर उगने वाले शंकु (कोन) के अंदर पाए जाते हैं। ये कोन पेड़ पर लगभग 20 साल तक लटके रहते हैं। जंगल की आग की गर्मी में इनके कोन सूख जाते हैं और ओटमील के दाने जैसे छोटे-छोटे बीजों को मिट्टी में छोड़ देते हैं, जिससे जायंट सिकोइया के नए पेड़ पनपते हैं।

पी जाता है डेली 300 गैलन पानी: एक पूरा विकसित जायंट सिकोइया का पेड़ दिनभर में लगभग 300 गैलन पानी पी जाता या जमीन से सोख लेता है। यह पेड़ काफी विशाल तो होता है, पर इसकी जड़ें काफी गहराई तक नहीं पहुंच पाती हैं। इसकी जड़ें सिर्फ 6 से 12 फीट गहराई तक ही जा पाती हैं। ऐसे में इस विशाल पेड़ को संतुलित रखने के लिए इसकी जड़ें चौड़ाई में फैल जाती हैं।

आयु होती है हजारों वर्ष: जायंट सिकोइया पेड़ की आयु हजारों वर्ष की हो सकती है। यह पेड़ अधिक पुराने होने या किसी पादप-रोग से नहीं नष्ट होते, बल्कि कई बार अपनी विशालता, वजन और असंतुलन की वजह से गिर पड़ते हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

बैसाखी त्योहार अनोखा

बैसाखी त्योहार अनोखा
जोश जगाता है,
बच्चों, बड़ों और बूढ़ों के
मन को भाता है।
बोई हुई फसल खेतों की
पककर कट जाती,
खाली खलिहानों में दानों
की बहार आती,
मजदूरों के श्रम का पूरा
मोल चुकाता है।
नई तरह की मस्ती छाए
पांव थिरक उठते,
घोर निराशाओं के बादल
राहों में लुटते,
जीवन का संगीत सुहाना
खूब सुनाता है।
दिशा-दिशा में मुस्कानों की
एक लहर आए,
अपनेपन की खुशबू से जग
सारा भर जाए,
जो हो गए दूर थे उनको
पास बुलाता है।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

चार दोस्तों की रोमांचक कहानी

बच्चो, तुमको सुपरहीरोज की कॉमिक स्टोरीज पढ़ने में बहुत मजा आता होगा। इन हीरोज के पास तो सुपर पॉवर होती हैं। इसलिए वे कठिन से कठिन काम भी आसानी से कर लेते हैं। लेकिन इस नॉवेल 'धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य' में तुम्हारे जैसे ही चार सामान्य बच्चों की कहानी है, जिनके पास कोई सुपर पावर नहीं है। लेकिन फिर भी चारों दोस्त ध्रुव, किट्टू, एकांश और युग किस बहादुरी, साहस और समझदारी से घने जंगल के बीच स्थित एक पुराने खजाने का पता लगाते हैं, इसे पढ़कर तुम रोमांच से भर उठोगे।

कहानी की शुरुआत होती है, जब ध्रुव दिल्ली से अपने मामा के घर रामपुर पहुंचता है। वहां उसकी दोस्ती पड़ोस में रहने वाली नटखट किट्टू और जुड़वा भाई युग और एकांश से होती है। वे साथ में खेलते, मस्ती करते हैं। इसी बीच उन्हें रावण टेकड़ी के प्राचीन खजाने से जुड़े नक्शे के बारे में पता चलता है। फिर चारों कैसे वहां तक पहुंचते हैं, उनके सामने कैसी चुनौतियां आती हैं और वे कैसे उनका सामना करके अपने लक्ष्य को पाते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। बच्चो, नॉवेल रहस्य-रोमांच से भरा है, पढ़कर तुम्हें मजा आएगा। *

किताब : धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य, **लेखक :** मिथिलेश गुप्ता, **मूल्य :** 249 रुपए, **प्रकाशक :** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

रंग भरो-199

रंग भरो-199 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।

श्रेया, दुर्ग

डॉली, दुर्ग

आशुतोष, उमरिया

त्रियांश, धमतरी

रुपाली, बिलासपुर

आराना, जांजगीर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

काशवी-रायपुर, माही-महासमुंद, रायशा-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, उमंग-खैरागढ़, रुपाली-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, असित-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, कुसुम-कोरबा

रंग भरो 200

बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे झूला झूल रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स को पहली बार नहीं चौथी बार मिली 1 रन से हार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 14वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 1 रन करीबी हार का सामना करना पड़ा। अरुण जेटली स्टेडियम में हुए मैच में जीटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 210/4 का स्कोर बनाया था। जवाब में डीसी की टीम 209/8 का स्कोर ही बना सकी। डीसी को आईपीएल इतिहास में 4 चौथी बार 1 रन से हार मिली है, जो सर्वाधिक है।

सीएसके के खिलाफ 2015 में पहली हार

डीसी को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से पहली हार 2015 में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मिली थी। उस संस्करण के 9वें मुकाबले में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ड्वेन स्मिथ (34) और फाफ डु प्लेसिस (32) की पारियों से 150/7 का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी की टीम एल्बी मोर्कल (73) की अर्धशतकीय पारी के बाद भी 9 विकेट के नुकसान पर 149 रन ही बना पाई थी।

गुजरात के खिलाफ 2016 में दूसरी हार

डीसी को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से दूसरी हार आईपीएल 2016 में गुजरात लायंस के खिलाफ मिली थी। उस संस्करण के 23वें मुकाबले में जीएल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्रेंडन मैकुलम (60) और ड्वेन स्मिथ (52) की अर्धशतकीय पारियों से 172/6 का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी क्रिस मॉरिस (82) और जेपी डुमिनी (48) की पारियों के बाद भी 5 विकेट के नुकसान पर 171 रन ही बना पाई थी।

आरसीबी के खिलाफ 2021 में तीसरी हार

डीसी को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से तीसरी हार 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मिली थी। उस संस्करण के 22वें मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एबी डिविलियर्स (75) और रजत पाटीदार (31) की पारियों के दम पर 171/5 का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी की टीम ऋषभ पंत (58) की अर्धशतकीय पारी के बाद भी 4 विकेट के नुकसान पर 170 रन ही बना पाई थी।

गुजरात टायटंस के खिलाफ 2026 में चौथी हार

दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से चौथी हार वर्तमान में यानी 2026 में जीटी के खिलाफ मिली है। इस संस्करण के 14वें मुकाबले में जीटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शुभमन गिल (70), वाशिंगटन सुंदर (55) और जोस बटलर (52) की पारियों के दम पर 210/4 का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी की टीम केएल राहुल (92*) की अर्धशतकीय पारी के बाद भी 8 विकेट के नुकसान पर 209 रन ही बना पाई।

खबर संक्षेप

दादरा-नगर हवेली, यूपी व पंजाब सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी में जीते

राजगीर (बिहार)। पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश ने बृहस्पतिवार को यहां 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में डिवीजन 'ए' क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते। दिन के पहले मैच में दादरा और नगर हवेली तथा दम और दीव ने चंडीगढ़ को 2-1 से हराया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में पंजाब ने झारखंड को 5-3 से शिकस्त दी। तीसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश ने ओडिशा को 6-3 से हराया। दिन के अंतिम मैच में मध्य प्रदेश और हरियाणा ने गोल रहित ड्रॉ खेला जिसके बाद मध्य प्रदेश ने शूट आउट में 4-3 से जीत दर्ज की।

मेदवेदेव ने बेरेत्तिनी से हार के बाद रैकेट सात बार फेंका

मोनाको। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में मातेओ बेरेत्तिनी से 6-0, 6-0 से मिली हार के बाद अपना रैकेट सात बार लाल क्लेकोर्ट पर फेंका। इस समय दसवीं रैंकिंग पर काबिज मेदवेदेव 49 मिनट में मुकाबला हार गए। उन्होंने पांच डबल फॉल्ट किये जबकि बेरेत्तिनी ने एक भी नहीं किया। मेदवेदेव इस साल क्ले पर अपना पहला मैच खेल रही थी। उन्होंने हाल ही में इंडियन वेल्स में हार्डकोर्ट पर शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज को हराया था।

खालिन ने कायम की आंध्र ओपन में तीन शॉट की बढ़त

विशाखापत्तनम। खालिन जोशी ने एक अंडर 70 का कार्ड खेल बृहस्पतिवार को यहां आंध्र ओपन 2026 के तीसरे दौर के बाद कुल सात अंडर 206 के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर तीन शॉट की बड़ी बढ़त कायम कर ली है। बेंगलुरु के 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाली इस प्रतियोगिता के शुरुआती दो दौर में समान 68-68 के कार्ड खेले थे। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई में छह बार के इस विजेता खिलाड़ी के पास अब चार साल के खिताबी सूखे को खत्म करने का अच्छा मौका है। उन्होंने अपना पिछला खिताब अगस्त 2022 में कोयंबतूर में जीता था। यश-राशिद संयुक्त दूसरे स्थान पर दुबई के यश मजमुदार (71-69-69) और दिल्ली के राशिद खान (70-72-67) चार अंडर 209 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

कोलकाता नाइट राइडर्स को तीन विकेट से हराया

मुकुल चौधरी ने पलटा गेम, आखिरी गेंद पर एलएसजी ने केकेआर से छीन ली जीत

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 15वें मैच में गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से हुआ। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में हुआ। मुकाबले में लखनऊ ने कोलकाता को तीन विकेट से हराया। कोलकाता ने लखनऊ को जीत के लिए 182 रनों का टारगेट दिया, जिसे उसने आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया। लखनऊ की जीत के हीरो मुकुल चौधरी रहे, जिन्होंने 27 गेंदों पर नाबाद 54 रन बनाकर मैच पलट दिया। मुकुल ने सात छक्के और दो चौके लगाए।

ऐसा रहा आखिरी ओवर का रोमांच

आखिरी ओवर में लखनऊ को जीत के लिए 14 रन बनाने थे। वैभव अरोड़ा के उस ओवर में पहली गेंद पर आवेश खान ने सिंगल लिया। फिर मुकुल चौधरी ने दूसरी और पांचवीं गेंद पर छक्का लगाया जबकि आखिरी गेंद पर सिंगल लेकर उन्होंने टीम को जीत दिला दी। लखनऊ की लगातार दूसरी जीत रही। वहीं कोलकाता की चार मैचों में ये तीसरी हार रही।

एलएसजी ने केकेआर को पांच बार दी शिकस्त

आईपीएल में केकेआर और एलएसजी के बीच अब तक 7 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स ने 5 और कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2 मुकाबले जीते हैं। पिछले सीजन में दोनों टीमों के बीच एक मुकाबला आयोजित हुआ था, जिसमें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 4 रनों से जीत हासिल की थी।

लखनऊ ने शानदार तरीके से किया रनचेज

रनचेज में लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत अच्छी रही। एडेन मार्करम (22 रन) और मिचेल मार्श (15 रन) ने मिलकर पहले विकेट के लिए 41 रनों की साझेदारी की। 'इम्पैक्ट सब' वैभव अरोड़ा ने एक ही ओवर में दोनों बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। कप्तान ऋषभ पंत 10 रन बनाकर कैमरन ग्रीन का शिकार बने। निकोलस पूरन सिर्फ 13 रन बनाकर कैच आउट हुए। अब्दुल समद (2 रन) पर आउट हो गए। 'इम्पैक्ट सब' आयुष बदोनी 54 को अनुकूल रॉय ने पवेलियन भेजा। मोहम्मद शमी (1) अनुकूल रॉय को कैच थमा बैठे। शमी के आउट होने के समय एलएसजी का स्कोर 128/7 था। यहां से मुकुल चौधरी ने अकेले दम पर बाजी पलट दी।

ऐसी रही केकेआर की पारी

केकेआर ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए चार विकेट पर 181 रन बनाए। उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। दूसरे ही ओवर में उसने फिन एलन (9 रन) का विकेट गंवा दिया। कप्तान अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी की। रहाणे ने 24 गेंदों पर 41 रन बनाए। रहाणे के बाद अंगकृष रघुवंशी 45 रन को स्पिनर मणिमारन सिद्धार्थ ने चलता किया। उप-कप्तान रिंकू सिंह सिर्फ 4 रन बना सके। यहां से कैमरन ग्रीन और रोवमैन पॉवेल ने पांचवें विकेट के लिए 40 गेंदों पर नाबाद 70 रनों की साझेदारी कर कोलकाता नाइट राइडर्स को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।

एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

प्रीति, मीनाक्षी, प्रिया और अरुंधति ने स्वर्ण पदक जीता

एजेंसी ▶▶| मउलानबटोर (मंगोलिया)

मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और प्रीति पवार की अगुवाई में भारत की चार महिला मुक्केबाजों ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किए। मीनाक्षी (48 किलोग्राम) और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किलोग्राम) के साथ प्रिया घंघास (60 किलोग्राम) और विश्व मुक्केबाजी कप की स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किलोग्राम) ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

भारत की अल्फिया पठान (80 किलोग्राम से अधिक) ने भी रजत पदक हासिल किया। चैंपियनशिप में अपने एकमात्र मुकाबले में उन्हें कजाकिस्तान की दीना

इस्लम्बेकोवा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदकों के साथ कुल 10 पदक जीते। कुछ भार वर्गों में हालांकि सीमित भागीदारी के कारण लवलीना बोरगोहेन (75 किलोग्राम), पूजा रानी (80 किलोग्राम) और अल्फिया जैसी खिलाड़ियों को सिर्फ भाग लेने के लिए ही पदक मिल गए। इन भार

'इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-3'

अनिमेष, हिमा सहित कई बड़े खिलाड़ी में लेंगे भाग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनिमेष कुजूर और हिमा दास की अगुवाई में कई बड़े एथलीट शनिवार को यहां होने वाली 'इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-3' में चुनौती पेश करने के लिए तैयार हैं। इस आयोजन में खिलाड़ियों को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हाल ही में बिछाए गए मोंडो ट्रैक पर प्रदर्शन करने का अतिरिक्त प्रोत्साहन भी मिलेगा। तूर गोला फेंक प्रतियोगिता में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे, क्योंकि इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सत्र में दो बार 20 मीटर से अधिक दूरी तक गोला फेंका है। अनिमेष सहित ये

खिलाड़ी भी ले रहे हैं भाग

अनिमेष कुजूर (पुरुष 100 मीटर और 200 मीटर) और हिमा (महिला 400 मीटर) के अलावा विशाल टीके (पुरुष 400 मीटर) और तेजिंदरपाल

सिंह तूर (पुरुष गोला फेंक) जैसे राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इसके अलावा 2025 तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में चौथा स्थान हासिल करने वाले भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव भी चुनौती पेश करते हुए दिखेंगे। इन सभी खिलाड़ियों के नाम भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा जारी प्रविष्टि सूची में शामिल हैं, हालांकि अंतिम प्रतिभागियों की पुष्टि शुक्रवार को होगी।

खिलाड़ियों को मिलेगी दिग्गजों से चुनौतियां

पुरुष 100 मीटर में अनिमेष के लिए मुकाबला आसान नहीं होगा, क्योंकि पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुरिंदरवीर सिंह भी मैदान में होंगे। गुरिंदरवीर ने पिछले महीने भुवनेश्वर में आयोजित पहली राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप में 60 मीटर का स्वर्ण पदक जीता था। इस स्पर्धा के फाइनल में कुजूर को फॉल्स स्टार्ट के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। गुरिंदरवीर का 100 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 10.20 सेकंड है, जबकि अनिमेष का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 10.18 सेकंड है। विशाल अपनी मुख्य स्पर्धा 400 मीटर के साथ 200 मीटर में भी भाग लेंगे, जहां उनके सामने अनिमेष की चुनौती होगी।

नीरज चोपड़ा भी दिखेंगे मैदान में : दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के अलावा पुरुष भाला फेंक में लगभग सभी शीर्ष भारतीय खिलाड़ी भाग लेंगे। चोपड़ा इस समय विदेश में प्रशिक्षण ले रहे हैं। सचिन विश्व चैंपियनशिप में 86.27 मीटर के साथ चौथा स्थान हासिल करने के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में उतरेंगे, जहां उन्हें किशोर कुमार जेना, रोहित यादव, यशवीर सिंह, विक्रांत मलिक और शिवम लोखरे की चुनौती का सामना करना होगा।

धीमा ओवर फेंकने पर शुभमन पर लगा 12 लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण जुर्माना लगाया गया है। यह मामला दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 8 अप्रैल को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले से जुड़ा है। इस रोमांचक मैच में जीटी ने डीसी को 1 रन से हरा दिया। यह इस सीजन में टीम का पहला ओवर-रेट अपराध था, जिसके चलते गिल पर कार्रवाई की गई।

पहला अपराध था इसलिए 12 लाख जुर्माना

आईपीएल के आधिकारिक बयान के अनुसार, आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत पहली बार धीमी ओवर गति रखने पर कप्तान पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाता है।

आईपीएल के बीच बीसीसीआई का नया फरमान, सिर्फ 16 खिलाड़ियों को ही एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग से जुड़े कई सख्त नियम बनाए हैं। नए नियम के मुताबिक मैच के दौरान केवल उन्हीं खिलाड़ियों को मैदान में आने या घूमने की अनुमति होगी जिनका नाम टीम शीट में शामिल होगा।

शीट में सिर्फ 16 खिलाड़ियों को शामिल करने की अनुमति होगी।नए नियम के मुताबिक टीम शीट में शामिल न होने वाले खिलाड़ी ड्रिंक्स, बैट या ग्लव्स लेकर मैदान में नहीं जा सकेंगे। वे

खिलाड़ियों तक कोई मैसेज भी नहीं पहुंचा सकेंगे। बाउंड्री लाइन के पास केवल 5 खिलाड़ी ही बिब पहनकर घूम सकते हैं। बाकी खिलाड़ियों को डगआउट में ही रहना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, नए नियम के अनुसार प्रत्येक टीम अपने खिलाड़ियों की शीट में 16 खिलाड़ियों को शामिल कर सकती है। इसमें 11 खिलाड़ी वे होंगे जो प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे। इसके अलावा, इम्पैक्ट सब के रुप में 1 और 4 खिलाड़ी रिजर्व के रूप में रखे जा सकते हैं। इन 16 खिलाड़ियों के अलावा मैदान में टीम का कोई भी अन्य सदस्य मैदान पर प्रवेश नहीं कर सकेगा। सूत्रों के मुताबिक, टीम प्रबंधन को साफ निर्देश दिए गए हैं कि मैच के दौरान सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों की अनावश्यक आवाजाही पर पूरी तरह रोक रहेगी।

मुकाबला आज गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में रात 7:30 बजे से

आज होगी राजस्थान और आरसीबी के बीच भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गुवाहाटी इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 16वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमें लगातार मिल रहीं जीत के कारण उत्साहित हैं। इस मैच में देखना यह होगा कि कौन सी टीम अपनी जीत की लय को बरकरार रखती है और कौन जीत हासिल करने से चूकती है। आईपीएल के इस संस्करण में आरसीबी ने 2 मुकाबले खेले हैं और उसे दोनों ही मैच में जीत मिली है। वहीं, राजस्थान रायल्स ने रियान पराग की कप्तानी में 3 मुकाबले खेले हैं और उसने भी सभी मैचों में जीत दर्ज की है। ऐसे में एक जोरदार भिड़ंत देखने को मिल सकती है। आरआर और आरसीबी के बीच यह मुकाबला आज 10 अप्रैल को गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में रात 7:30 बजे से खेला जाएगा।

आरआर के खिलाफ आरसीबी का पलड़ा रहा है भारी

आईपीएल में दोनों टीमों के बीच अब तक 34 मुकाबले हुए हैं। इस दौरान आरसीबी ने 17 मैच अपने नाम किए हैं। राजस्थान रायल्स को 14 मुकाबलों में जीत मिली है। तीन मैच में नतीजा नहीं निकल पाया है। आईपीएल 2025 में दोनों टीमों के बीच 2 मैच हुए थे। उसे आरसीबी ने जीता था। पहला मैच उसने 9 विकेट और दूसरा मैच 11 रन से जीता था। वहीं, आईपीएल 2024 के दोनों मैच आरआर ने अपने नाम किया था।

इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेंगी नजरें

आईपीएल 2026 में आरआर के यशस्वी ने 3 पारियों में 170 की स्ट्राइक रेट से 170 रन बनाए हैं। वैभव के बल्ले से 3 पारियों में 248.97 की स्ट्राइक रेट से 122 रन निकले हैं। वहीं आरसीबी के लिए पडिक्कल ने 55.50 की औसत से 110 रन बनाए हैं। कोहली के बल्ले से 97 की औसत से 97 रन निकले हैं। गेंदबाजी में आरआर के बिश्नोई ने 11.71 की औसत से 7 विकेट चटकाए हैं। इस संस्करण आरसीबी के डफी के खाते में 5 विकेट आए हैं। गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम की पिच काली मिट्टी से बनी है और यह बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती है। अमूमन यहां पर बड़े स्कोर देखने को मिलते हैं। गेंदबाजों को इस पिच पर ज्यादा मदद नहीं मिलती है।

टीमें इस प्रकार

आरसीबी : फिलिप सॉल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, अभिनंदन सिंह और जैकब डफी।

राजस्थान रायल्स : यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), शिमरॉन हेटमायर, डोनोवन फरेरा, रविंद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे और संदीप शर्मा।



श्रेष्ठ सिसोदिया

दिल्ली स्थित डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में कल से 26 अप्रैल तक होगा प्रशिक्षण

अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखेगा प्रदेश का दमखम

नेशनल स्क्वॉड कैंप के लिए मप्र शूटिंग अकादमी के 9 खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए भारतीय राइफल संघ द्वारा आयोजित नेशनल स्क्वॉड कैंप के लिए चयनित होकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। यह प्रशिक्षण शिविर 11 अप्रैल से 26 अप्रैल तक नई दिल्ली स्थित डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित किया जाएगा, जिसमें अकादमी के कुल 9 खिलाड़ी शॉटगन इवेंट में हिस्सा लेंगे। नेशनल स्क्वाड कैंप के लिए चयनित खिलाड़ियों में प्रगति दुबे, मनीषा, नीरू, वर्षा बर्मन, श्रेष्ठ सिसोदिया, वंशिका तिवारी, मानसी रघुवंशी, शिवानी रैकवार एवं ज्योतिरादित्य सिसोदिया शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी देश के शीर्ष निशानेबाजों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी तकनीक एवं प्रदर्शन को और बेहतर बनाएंगे।

आईआईएसएफ वर्ल्ड कप अल्माटी (कजाकिस्तान) में 5 खिलाड़ी करेंगे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व

आईआईएसएफ वर्ल्ड कप में 5 खिलाड़ी करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

कैंप के पश्चात उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की 5 खिलाड़ियों प्रगति दुबे, नीरू, मनीषा, वर्षा बर्मन एवं वंशिका तिवारी का चयन आईआईएसएफ वर्ल्ड कप, अल्माटी (कजाकिस्तान) के लिए भारतीय टीम में किया गया है। यह प्रतियोगिता 29 अप्रैल से 11 मई तक आयोजित होगी, जिसमें ये खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

ज्योतिरादित्य

मनीषा

मानसी रघुवंशी

नीरू

प्रगति दुबे

शिवानी रैकवार

खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई

मप्र के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

वंशिका तिवारी

खेल अकादमी का प्रशिक्षण बना सफलता का आधार

मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीकों, उच्च स्तरीय उपकरणों एवं अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यही कारण है कि अकादमी के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि

अकादमी के खिलाड़ियों का यह चयन प्रदेश के उभरते हुए निशानेबाजों के लिए प्रेरणादायक है। इससे न केवल खेलों के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ेगा, बल्कि प्रदेश में शूटिंग खेल को भी नई दिशा मिलेगी।

स्व. कैलाश नारायण सारंग स्मृति 9वां ऑल इंडिया मास्टर्स कप क्रिकेट टूर्नामेंट

वेटरन ग्रुप के एकतरफा मुकाबले मे आईपीसीए ने भोपाल मास्टर्स को हराकर किया खिताब पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्व. कैलाश नारायण सारंग (बाबूजी) की स्मृति में आयोजित 9वीं मास्टर्स कप में गुरुवार को वेटरन ग्रुप में आईपीसीए और भोपाल मास्टर्स के मध्य मैच खेला गया। जिसमें आईपीसीए ने तय 20 ओवर में 6 विकेट पर 183 रन बनाए। इनमें आईपीएल प्लेयर ईश्वर पांडे ने 51, अब्दुल अकील ने 47 रन बनाए।

पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर जेपी यादव ने भी 34 रन ठोके, जबकि एक और रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी सनी भटनागर 22 रन पर नाबाद रहे। भोपाल मास्टर्स के प्रदीप कनाड़े ने 2, विजय मंगरानी और शेखर दीक्षित ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में भोपाल मास्टर्स के ईश्वर पांडे, सोहेल मसूद और सनी भटनागर की घातक गेंदबाजी के आगे 77 रन पर ढेर हो गए। इनमें सुनील अहिरवार ने 19, दिलीप मंगरानी ने 17 और जतिन सक्सेना ने 15 रन बनाए। आईपीसीए के सनी भटनागर, सोहेल मसूद और ईश्वर पांडे ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्मण, जमरान और अरशद का 1-1 विकेट मिला। ईश्वर पांडे को प्लेयर ऑफ द फाइनल चुना गया। पुरस्कार वितरण खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने चेयरमैन लक्ष्मीपति ग्रुप, डॉ. संजय बंसल, अभिषेक गुप्ता एवं बीडीसीए उपाध्यक्ष डॉ सुशील सिंह ठाकुर की उपस्थिति में किया। वहीं वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी मुकेश भटनागर, हेमंत कपूर संदीप कुरापा, अमिताभ वर्मा, अतुल वर्मा, प्रदीप दुबे, विजय तिवारी समेत अनेक वरिष्ठ क्रिकेटर्स भी उपस्थित थे।

खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया पुरस्कार वितरण

जेपी यादव, ईश्वर पांडे, समीर कुरैशी, सनी भटनागर, जतिन सक्सेना जैसे नामी खिलाड़ियों ने की शिरकत

टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

- सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज : जेपी यादव (आईपीसीए)
- सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज : शेखर दीक्षित (भोपाल मास्टर्स)
- सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर : जावेद अख्तर (आईपीसीए)
- सर्वश्रेष्ठ फील्डर : प्रदीप कनाडे (भोपाल मास्टर्स)
- प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट : नीलेश कनारा (क्लब विदिशा)

बीडीसीए सचिव जैन और एडीआरएम रेलवे कलमे रहे मौजूद

मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी का ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर शुरू, बच्चे हुए खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी का ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर गुरुवार से ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में प्रारंभ हुआ, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि बीडीसीए सचिव शांति कुमार जैन,एडीआरएम रेल्वे दिनेश कुमार कलमे की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि शांति कुमार जैन ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल का विकास अच्छे तरीक़े से करने और शारीरिक रूप से मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। इसके साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दिनेश कुमार कलमे ने खिलाड़ियों को ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण में अपने खेल के लिए प्रोत्साहित किया और खिलाड़ियों को बेहतर खेल के साथ अनुशासन में रहकर अपने को आगे बढ़ाने पर ज़ोर देने का आह्वान किया। इस अवसर पर अकादमी के कोच केडी गुप्ता, सुरेश खड़से, जमील अहमद और कई वरिष्ठ क्रिकेटर और अभिभावक एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

ग्रीष्म प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर अतिथि और खिलाड़ी।

कुश्ती के अंडर-17 जिला स्तरीय खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आज

भोपाल। आगामी 28 से 30 अप्रैल तक छत्रपति संभाजी नगर औरंगाबाद में राष्ट्रीय अंडर-17 बालक-बालिका कुश्ती प्रतियोगिता हो रही है, जिसमें मध्य प्रदेश कुश्ती दल की भागीदारी के लिए मप्र एमेच्योर कुश्ती संघ द्वारा (सागर) में अंडर-17 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 12 से 13 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। उपरोक्त प्रतियोगिता में भोपाल ज़िले के कुश्ती खिलाड़ियों को सम्मिलित कराने 10 अप्रैल को अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल में ज़िला स्तरीय ट्रायल रखी गई है। ट्रायल में भागीदारी के लिए डॉक्यूमेंट एवं आयु सीमा के अतंर्गत 16 से 17 वर्ष के खिलाड़ियों की सीधी भागीदारी एवं 15 वर्ष पहलवानों के लिए मेडिकल या पेरेंट्स का सहमति पत्र साथ दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा। वहीं बालक एफएस एवं जीआर -45, 48, 51, 55, 60, 65, 71, 80, 92 एवं 110 किग्रा भार वर्ग में एवं बालिका- एफएस - 40, 43, 46, 49, 53, 57, 61, 65, 69 एवं 73 किग्रा के चयन किए जाएंगे। सचिव भोपाल ज़िला कुश्ती संघ शाकिर नूर ने बताया कि पंजीयन एवं वज़न के लिए पहलवानों को शाम 4 बजे अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल में उपस्थित होना अनिवार्य है।

राज्य स्तरीय फुटसल टीम के लिए ट्रायल्स कल

भोपाल। हजरत निजामुद्दीन फुटबॉल क्लब द्वारा आगामी राज्य स्तरीय फुटसल चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल्स का आयोजन 11 अप्रैल को किया जा रहा है। इस वर्ष खास बात यह है कि क्लब की गर्ल्स टीम भी पहली बार इस प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस बार लड़कियों को भी राष्ट्रीय मंच पर अवसर देने की पहल की गई है। ट्रायल्स शाम 6 बजे से 9 बजे तक मानसरोवर स्कूल टर्फ, कोलार रोड, भोपाल में आयोजित होंगे। क्लब के हेड कोच फैसल हुसैन ने बताया कि प्रदेश मे प्रतिभा की कमी नही है और चयनित खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक खिलाड़ी फैसल हुसैन से 9893799143, प्रफुल लिखितर से 6264195773, मो. शाहिद से 94244 91787 एवं कंचन पटेल से 9981433315 पर संपर्क कर सकते हैं।

भोपाल ने ली बढ़त, अंडर -18 गर्ल्स में भोपाल डिवीजन ने जबलपुर को हराया

भाऊ साहेब ट्रॉफी अंडर-18 बॉयज क्रिकेट

रेस्ट ऑफ एमपी 'ए' और भोपाल के बीच भिड़ंत रोमांचक दौर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपीसीए द्वारा आयोजित भाऊ साहेब निम्बलकर ट्रॉफी अंडर -18 बॉयज (चार दिवसीय) जबलपुर के नीमखेड़ा एमपीसीए मैदान पर भोपाल डिविजन और रेस्ट ऑफ़ एमपी 'ए' डिविजन के बीच चल रहे मैच के तीसरे दिन रेस्ट ऑफ़ एमपी 'ए' ने कल के स्कोर 5/187 से आगे खेलते हुए 99.3 ओवर में 263 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें शालीन शिखर ने 69 रन बनाए । भोपाल डिवीजन से नैतिक जैन ने 4 और दिव्यांश बंडोलिया नें 3 विकेट लिए । इस तरह भोपाल डिवीजन ने 26 रनों की बढ़त प्राप्त की। भोपाल डिवीज़न ने दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 54.2 ओवरों में 6 विकेट पर 124 रन बना लिए हैं, जिसमें कनिष्क गौतम ने 49 रन बनाए। रेस्ट ऑफ़ एमपी 'ए' से गेंदबाजी में सृजन धयात नें 3 विकेट और सुमित सिंह नें 2 विकेट चटकाए। कल मैच का चौथा व अंतिम दिन है।

कन्मड़ीकर ट्रॉफी में बेनतीजा समाप्त हुआ रीवा और भोपाल डिवीजन का मैच

एमपीसीए द्वारा आयोजित अंडर -13 बॉयज ए डब्लू कन्मड़ीकर ट्रॉफी में गुरुवार को इंदौर के एमरोल्ड हाइट्स स्कूल के मैदान में रीवा और भोपाल डिविजन में दो दिवसीय) मैच के दूसरे दिन रीवा ने कल के स्कोर 3/41 रन से आगे खेलते हुए 53.2 ओवर में 109 रन बनाए, जिसमें विहान ने 41 और काव्यांश मालवीय नें 29 रन बनाए । भोपाल डिवीजन से गेंदबाजी में समर्थ पुनताम्बेकर और खुशवंत सिंह ने 3-3 और शिवांशु मिश्रा नें 2 विकेट लिए ।इस तरह भोपाल डिवीज़न ने 41 रनों की बढ़त ली। भोपाल डिवीजन ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए मैच के दूसरे व अंतिम दिन का खेल खत्म होने तक 4 विकेट पर 58 रन बना लिए थे, जिसमें आरव थिल्लर ने 25 रन बनाए । रीवा डिवीजन से गेंदबाजी में आरव शुक्ला ने 2 विकेट लिए । इस तरह यह मैच बिना कोई नतीजा के समाप्त हुआ। मैन ऑफ द मैच रीवा डिवीजन के संजोग सिंह 5 विकेट रहे। भोपाल डिविजन को पहली पारी में बढ़त के आधार पर 3 पॉइंट और रीवा डिवीजन को 1 पॉइंट मिला।

भोपाल डिवीजन की गर्ल्स ने जबलपुर डिवीजन को 6 विकेट से हराया

एमपीसीए द्वारा आयोजित अंडर -18 गर्ल्स लिमिटेड ओवर इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट ग्वालियर के रूप सिंह स्टेडियम में जबलपुर और भोपाल डिवीजन के मध्य मैच खेला गया, जिसमें जबलपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 184 रन बनाए, जिसमें भूमि सिंह नें 50, विदुषी गौतम नें 34 रन बनाए । भोपाल डिवीजन से गेंदबाजी में मनसा राठौर और सुदिति वशिष्ठ नें 2-2 विकेट लिए । जवाब में भोपाल डिवीजन ने 45.5 ओवर में 4 विकेट पर 185 रन बना लिए, जिसमें समिका कौशल ने 63 और सुदिति वशिष्ठ ने 28 रन बनाए। जबलपुर डिविजन से गेंदबाजी में एलीना लेविस नें 2 विकेट और आलवी मेश्राम ने 1 विकेट लिया । इस तरह भोपाल डिविजन ने जबलपुर को 6 विकेट से हराकर 4 पॉइंट लिए । प्लेयर ऑफ द मैच भोपाल डिवीज़न की समिका कौशल रही ।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930